सूर्योदय : 5:35
सूर्यास्त : 6:34
अधिकतम तापमान : 42.7
न्यूनतम : 24.8


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-303 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 25 अप्रैल 2026
07 ज़िकादा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# टीएमसी का दीया बुझने वाला है : पीएम मोदी

■ भाजपा सरकार बनने के बाद हर अन्याय, हर अत्याचार की फाइल खुलेगी



**दमदम (पश्चिम बंगाल)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि तृणमूल का दीया बुझने वाला है और बुझता हुआ दीया फड़फड़ाता है। इसलिए तृणमूल के नेता फड़फड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चार मई को भाजपा सरकार बनने के बाद हर अन्याय, हर अत्याचार की फाइल खुलेगी। ये मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कि लंबे समय से बंगाल में परिवर्तन की जो लहर दिख रही थी। पहले चरण के मतदान ने उसपर मुहर लगा दी है। भाजपा के पक्ष में जो समर्थन दिखा है, उसने भाजपा की विजय का शंखनाद कर दिया है। जिस बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था। अपनी तानाशाही से लोकतंत्र के मंदिर को खंडित कर दिया था। उस बंगाल में पहले चरण में जनता ने लोकतंत्र के मंदिर का पुनर्निर्माण कर दिया है।

उन्होंने कहा कि अब दूसरे चरण में आपको इस लोकतंत्र के मंदिर पर विजय ध्वज फैलाना है। इस वजह से अब तृणमूल बहुत बुरी तरह बौखला गई है। रात भर तृणमूल अपने गुंडों को ताकत दे रही थी कि मैदान में आओ। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं बंगाल की जनता से कहूंगा, भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से कहूंगा कि मत भूलिए, ये क्रांति की धरती है, ये वीरों की धरती है। ये मत भूलना कि हर बुझता हुआ दीपक थोड़ा फड़फड़ाता है, वैसे ही तृणमूल का दीया भी बुझने से पहले थोड़ा फड़फड़ा रहा है।' उन्होंने कहा कि चार मई को नतीजे आने के बाद तृणमूल के गुंडों को बंगाल में छुपने की जगह नहीं मिलेगी, उन्हें कोई बचाने वाला नहीं मिलेगा। पहले चरण के मतदान ने तृणमूल के जंगलराज के अंत का उद्घोष कर दिया है।

पीएम मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए रैली में आए लोगों से आजादी के नारे लगवाए और कहा कि बंगाल का गौरव फिर से लौटाने के लिए, बंगाल को फिर से अवसरों की भूमि बनाने के लिए ये आजादी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा आजादी तृणमूल के भय से, आजादी तृणमूल के भ्रष्टाचार से, आजादी तृणमूल के सिंडिकेट से, आजादी बेटियों पर अत्याचार से, आजादी पलायन की मजबूरी से, आजादी बेरोजगारी और बेकारी से, आजादी घुसपैठियों के कब्जे से।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी की बेड़ियां तोड़ने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्र का आह्वान किया था - तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उन्होंने कहा, ' ये बंगाल में नयी क्रांति की बेला है। ये क्रांति आपके एक वोट से होगी। इसलिए मैं बंगाल की जनता से करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि आप हमें वोट रूपी आशीर्वाद दीजिए, हम मिलकर बंगाल को अनेक कष्टों से आजादी दिलाएंगे। मैं आज बंगाल की हर बेटी को ये भरोसा दिलाने आया हूं कि भाजपा, बेटियों के सपने नहीं कुचलने देगी।' उन्होंने कहा कि चार मई को भाजपा सरकार बनने के बाद हर अन्याय, हर अत्याचार की फाइल खुलेगी। ये मोदी की गारंटी है। आपका घर का सपना भी पूरा होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1.5 लाख रुपये तक की मदद मिलेगी और जो घर बनेगा वो महिलाओं के नाम पर ही होगा। भाजपा बंगाल की हर बहन-बेटी के सपनों को पूरा करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बंगाल की बहनों से भाजपा का सीधा वादा है कि भाजपा आपको सुरक्षा देगी, भाजपा आपको सम्मान देगी और भाजपा से ही आपको समृद्धि मिलने वाली है।

### हुगली नदी पर प्रधानमंत्री ने किया नौका विहार हावड़ा ब्रिज की फोटोग्राफी, नाविकों से की मुलाकात



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार सुबह यहां हुगली नदी में नौका विहार किया और नाविकों तथा सुबह सैर करने वाले लोगों से मुलाकात की। मोदी ने अपने इस नौका विहार की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिनमें वह हाथ में कैमरा लिए लकड़ी की एक नाव पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। तस्वीरों में पृष्ठभूमि में हावड़ा ब्रिज और विद्यासागर सेतु नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, इस महान नदी की तस्वीरें लेने की कोशिश की। साथ ही विद्यासागर सेतु और हावड़ा ब्रिज को करीब से देखने का अवसर मिला।'' उन्होंने कहा कि हर बंगाली के लिए गंगा की विशेष अहमियत है।

# पहले चरण की 150 में से 110 सीटें जीत रही भाजपा

**पश्चिम बंगाल चुनाव**

■ गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा दावा



**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 152 सीटों में से 110 सीटें जीतने का दावा करते हुए कहा है कि दूसरे चरण में जोरदार जीत हासिल कर वह राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के पहले चरण के चुनाव के बाद शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने सभी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ पहले चरण के चुनाव का आकलन किया है और उसमें मिले जानकारी के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बंगाल के लोगों ने अपना भविष्य पहले चरण के चुनाव में ही तय कर लिया है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी राज्य में 16 जिलों की 152 सीटों पर हुए चुनाव में से 110 सीटें जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत के साथ भाजपा पांच मई को राज्य में सरकार बनाने जा रही है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य के लोगों ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर विकास की राह को चुना है। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदान के सभी पुराने रिकार्ड टूट गये हैं और यह मतदान राज्य में सत्ता में परिवर्तन के लिए भाजपा के पक्ष में हुआ है। मुख्यमंत्री ममता के इन आरोपों पर कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में बाहर का व्यक्ति मुख्यमंत्री बनेगा इस पर श्री शाह ने कहा, 'मुख्यमंत्री बंगाल में ही जन्म लेने वाला, बांग्ला माध्यम से पढने वाला और बांग्ला बोलने वाला होगा लेकिन इतना जरूर है कि वह आपका भतीजा नहीं होगा बल्कि वह भाजपा का कार्यकर्ता होगा।

# सिंहासन खाली करो कि जनता आती है

■ रश्मिरथी पर्व में विरोधियों पर बरसे सीएम योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय 'रश्मिरथी पर्व' के शुभारंभ एवं 'रश्मिरथी से संवाद' स्मारिका के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करत हुए कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी आज भी समाज और राष्ट्र को दिशा देने वाली प्रेरणा है। यदि भारत को मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है तो जातिवाद के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों से सावधान रहना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रकवि दिनकर की कालजयी काव्यकृति 'रश्मिरथी' के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साहित्य के ऐसे सशक्त साधक के प्रति हम सब अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रदेश की राजधानी में एकत्र हैं। यहां हम उनकी कालजयी काव्यकृति पर आधारित नाट्य-श्रृंखला का मंचन देखेंगे। हम देखेंगे कि किस प्रकार मां सरस्वती दिनकर जी की जिह्वा पर विराजती थीं और उनकी लेखनी शब्दों को पिरोती थी। यह सब 'रश्मिरथी' के इस मंचन के माध्यम से हम सभी को देखने-सुनने को मिलेगा। इस अवसर पर दिनकर जी की स्मृतियों को नमन करते हुए मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सीएम ने कहा कि जब इस कार्यक्रम का पत्र मिला, तो सबसे पहले मैंने कहा कि यह कार्यक्रम उसी दिन रखिए, जिस दिन मैं भी इसका भागीदार बन सकूं, क्योंकि मैं अक्सर दिनकर जी की कृतियों के कुछ अंश लेकर विरोधियों पर प्रहार भी करता हूं। भारत धन-धान्य से परिपूर्ण रहा है, दुनिया की बड़ी ताकत रहा है, लेकिन भारत ने सैकड़ों वर्षों की गुलामी भी सही है। बल और बुद्धि में भारत का कोई मुकाबला नहीं कर सकता था। दिनकर जी ने जिस प्रकार प्रहार किया है, उसे देखकर मुझे अच्छा लगता है। आप इस नाट्य मंचन के माध्यम से भी देखेंगे। सीएम ने कहा कि यदि हमें अपनी आजादी को लंबे समय तक अक्षुण्ण बनाए रखना है और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है।

### सीएम ने देखा रश्मिरथी का मंचन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रश्मिरथी का मंचन भी देखा। उन्होंने कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग को निर्देश दिया कि आमजन को ऐसी कृतियों से अवगत कराएं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे, डॉ. सत्यपाल सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, संयोजक कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, संस्कृति/पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

## पीएम मोदी के वाराणसी दौरे को लेकर भाजपा सक्रिय

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 अप्रैल को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रस्तावित महिला सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में महिला मोर्चा, जिला व महानगर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अलग-अलग बैठकें कीं।

बैठकों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयासों में बाधा डाली गई।

# आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका

■ राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक बीजेपी में शामिल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) से इस्तीफे के बाद राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने शुक्रवार शाम को भारतीय जनता पार्टी के हेडक्वार्टर पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सभी सांसदों को पार्टी में स्वागत किया और मुंह मीठा कराया।

राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज, भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई से अधिक सांसदों ने भाजपा में विलय कर लिया है। सात सांसदों ने उस दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसे राज्यसभा के अध्यक्ष को सौंपा गया था। मैंने, दो अन्य सांसदों के साथ, व्यक्तिगत रूप से हस्ताक्षरित दस्तावेज सौंपे। आम आदमी पार्टी से से अलग गुट बनाकर भाजपा में विलय की घोषणा के बाद राज्यसभा संसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि पार्टी अपने आदर्शों से भटक चुकी है। मालीवाल ने एक्स पर कहा 'साल 2006 में अपनी नौकरी छोड़कर मैंने देश सेवा का मार्ग चुना था।

### संजय सिंह ने भाजपा पर लगाया पार्टी तोड़ने का आरोप

आम आदमी पार्टी ने इसे भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' करार दिया है। पार्टी का आरोप है कि ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का भय दिखाकर आप के नेताओं को तोड़ने की साजिश रची गई है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि ऑपरेशन लोटस के माध्यम से भाजपा पंजाब की भगवंत मान सरकार को अस्थिर करना चाहती है।

# सीईसी को हटाने के लिए एकजुट हुआ विपक्ष

■ राज्यसभा में दिया नोटिस, 73 सांसदों का समर्थन




**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा एसआइआर विवाद से लेकर चुनावों में लगातार पक्षपाती रूख अपनाए जाने का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने के लिए एक बार फिर महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस दिया है।

कांग्रेस-टीएमसी-सपा, द्रमुक समेत सभी विपक्षी गठबंधन के 73 सांसदों ने शुक्रवार को ज्ञानेश कुमार पर संविधान तथा लोकतंत्र के खिलाफ काम करने का आरोप लगाते हुए राज्यसभा में उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस सौंपा।

राष्ट्रपति को संबोधित इस नोटिस में सीईसी पर नौ आरोप लगाते हुए उनके कामकाज को शर्मनाक बताते हुए दावा किया गया है कि चुनाव आयोग के शीर्ष संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफ वे प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री के इशारे पर काम कर रहे हैं और इसलिए उन्हें पद से हटाया जाना चाहिए। बंगाल में एसआइआर पर सुप्रीम कोर्ट से लेकर सियासी मैदान में जारी संग्राम के बीच बीते डेढ़ महीने में ज्ञानेश कुमार को घेरने के लिए विपक्षी दलों ने दूसरी बार महाभियोग प्रस्ताव को हथियार बनाने का दांव चला है। राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक तथा पार्टी महासचिव जयराम रमेश तथा टीएसमी सांसद सागरिका घोष ने शुक्रवार को महाभियोग का यह नोटिस राज्यसभा के महासचिव को सौंपा। विपक्षी दलों की सीईसी के खिलाफ इस ताजा पहल की जानकारी एक्स पर साझा करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि 73 सांसदों ने राष्ट्रपति को संबोधित प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए एक नया नोटिस सौंपा है।

# मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बना कृषि का सितारा

■ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का बड़ा बयान



**लखनऊ।** लखनऊ में उत्तर क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश की कृषि उपलब्धियों की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में यूपी आज देश में कृषि क्षेत्र में नंबर वन राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने कृषि में अभूतपूर्व प्रगति की है और इतिहास रच दिया है।

चौहान ने जोर देकर कहा कि देश की विविध जलवायु को ध्यान में रखते हुए हर क्षेत्र और राज्य को अपनी परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग रणनीति बनानी चाहिए। एक ही फॉर्मूला पूरे देश पर लागू नहीं किया जा सकता। कृषि को एक फसल पर निर्भर न रखकर विविधीकरण की ओर ले जाना होगा। चौहान ने चेतावनी दी कि यूपी में खाद की खपत बढ़ रही है, जबकि पंजाब में मिट्टी की सेहत बिगड़ने की समस्या सामने आ रही है। हमें पंजाब से सबक लेते हुए मिट्टी संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात बीज की गुणवत्ता है। किसानों को जलवायु अनुकूल, बेहतर और उन्नत बीज उपलब्ध कराने होंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने हाल ही में 3400 नई किस्में विकसित की हैं।

### खाद्यान्न उत्पादन में यूपी अव्वल

शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है। यह बड़ी उपलब्धि है, लेकिन चुनौतियां भी मौजूद हैं। अब हम किसी अन्य राज्य का मुंह ताकने की स्थिति से आगे निकल चुके हैं। यूपी 25 लाख मीट्रिक टन अनाज का निर्यात कर रहा है, फिर भी 1.40 करोड़ आबादी वाले राज्य को तीन प्रमुख लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। खाद्य सुरक्षा, किसानों की आजीविका और पोषण सुरक्षा। साथ ही किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई पर भी प्रभावी व्यवस्था करनी होगी।

## गन्ना किसानों की फसल का होगा जीपीएस सर्वे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी की गई है। इसके तहत गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग गन्ने की फसल का जीपीएस सर्वेक्षण कराएगा। यह जीपीएस सर्वेक्षण 1 मई से शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलेगा। इसकी सूचना 3 दिन पहले सभी रजिस्टर्ड गन्ना किसानों को मोबाइल एसएमएस के जरिए दी जाएगी। गन्ना सर्वेक्षण टीम में एक राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और एक चीनी मिल कर्मचारी शामिल होंगे। इनको सर्वेक्षण से पहले प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

**ईरान मेहरबान** रूस समेत कई और मित्र देशों को मिली ये छूट

# होर्मुज पार करने के लिए नहीं देना होगा ट्रांज़िट शुल्क

**मास्को।** ईरान ने रूस सहित कई देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुज़रने के लिए लगने वाले ट्रांज़िट शुल्क में छूट दी है। रूस में ईरान के राजदूत काज़ेम जलाली ने न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि ईरान की संसद के प्रथम उपाध्यक्ष हामिद रज़ा हाजी बाबाई ने गुरुवार को बताया था कि ईरान को पहली बार होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के शुल्क से राजस्व प्राप्त हुआ है और यह राशि देश के केंद्रीय बैंक में जमा कर दी गयी है।

वहीं जलाली से जब पूछा गया कि क्या ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के शुल्कों में कोई छूट दी है, तो उन्होंने कहा, 'हमने फिलहाल कुछ देशों को छूट दी है, लेकिन मुझे नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा। हालांकि, हमारा विदेश मंत्रालय अभी उन छूटों को लागू करने की कोशिश कर रहा है, जो रूस जैसे मित्र देशों के लिए सोची गयी हैं।'



उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इज़रायल के हमले के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली लागत का हवाला देते हुए, शुल्क लगाने की योजना की घोषणा की थी। अब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को तब तक के लिए बंद कर दिया है, जब तक कि अमेरिका द्वारा लगाई गयी नौसैनिक नाकेबंदी पूरी तरह से हटा नहीं ली जाती।

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इज़रायल की आक्रामकता ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से अवरुद्ध कर दिया है। यह जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजारों तक तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलपीजी) की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, और इस अवरोध ने इस क्षेत्र में तेल के निर्यात और उत्पादन पर भी असर डाला है।

## अमेरिका-ईरान बातचीत की उम्मीद में पाकिस्तान की सांसें थमीं

■ पलक पांवड़े बिछाए वार्ता की राह ताक रहा इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद।** खुद को क्षेत्रीय कूटनीति का केंद्र बताने वाला पाकिस्तान इन दिनों अजीब हालात में है। पलक पांवड़े बिछाए बैठा है, इस उम्मीद में कि अमेरिका और ईरान के शीर्ष नेता आएंगे और उसकी सरजमीं पर वार्ता की मेज सजेगी लेकिन हकीकत यह है कि बातचीत शुरू होने से पहले ही राजधानी इस्लामाबाद को ठप कर दिया गया और हफ्ता खत्म होने को है न कोई तय कार्यक्रम, न ही किसी नेता या प्रवक्ता की आमद का संकेत।

इस्लामाबाद और रावलपिंडी प्रशासन ने संभावित वीवीआईपी मूवमेंट के नाम पर रविवार से ही बड़े रास्ते, बाजार और अहम इलाकों को बंद कर दिया। 10 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए, मेट्रो बस सेवा और सात रूटों पर चलने वाली इलेक्ट्रिक बसें रोक दी गई, जबकि 19 अप्रैल से माल ढुलाई भी ठप पड़ी है।

नूर खान एयरबेस के आसपास के इलाके सील हैं और दफ्तरों के कर्मचारी घर से काम करने को मजबूर हैं। पिछले पांच दिनों से सड़कें सूनी हैं, बाजार बंद हैं और आम लोग बेवजह की पाबंदियों का बोझ झेल रहे हैं। स्कूल-कालेज खुले जरूर हैं, लेकिन विश्वविद्यालयों को ऑनलाइन कक्षाओं का सहारा लेना पड़ा है।

# भाजपा सरकार अलोकतांत्रिक और अमानवीय

■ समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का आरोप



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अलोकतांत्रिक और अमानवीय है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े कई मामलों में न्याय दिलाने में विफल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां पार्टी के राज्य मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि गाजीपुर, हाथरस और हरदोई जैसे जिलों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में पीड़ितों को न्याय नहीं मिला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन पीड़ितों के परिवारों से मिलने जा रहे सपा के प्रतिनिधिमंडलों को निशाना बना रहा है और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रहा है। यादव ने कहा कि हाशिए पर पड़े समुदायों को न्याय दिलाने और लोकतंत्र तथा संविधान की रक्षा करने की 'बड़ी जिम्मेदारी' सपा और उसके कार्यकर्ताओं पर है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार, चरम पर है। राजधानी लखनऊ में भाजपा भूमाफिया बनकर काम कर रही हैं, कोई भी योजना आने के पहले भाजपा से जुड़े लोग पहले ही जमीनें अधिग्रहित कर लेते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। उत्तर प्रदेश में गुंडे और माफिया खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि इनके खिलाफ कब कार्रवाई होगी। यादव ने भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए उसे अलोकतांत्रिक और अमानवीय तथा जन-विरोधी करार दिया। उन्होंने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की भी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि लखनऊ में 'ग्रीन कॉरिडोर' पर 7,000 करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद, जाम की समस्या बनी हुई है।

### कोई नया बिजली संयंत्र नहीं बनाया गया

अखिलेश ने स्मार्ट बिजली मीटर लगाने में अनियमितताओं का आरोप लगाया और दावा किया कि सरकार उपभोक्ताओं पर बोझ डाल रही है, जबकि निजी कंपनियों को फायदा पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में कोई नया बिजली संयंत्र स्थापित नहीं किया गया है।

# स्मार्ट मीटरों के खिलाफ शिवसेना का जोरदार विरोध प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**स्मार्ट मीटरों को तत्काल हटाकर पुराने मीटर फिर से लगाए जाने की मांग**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिले में उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड लगने के बाद से उन्हें तेज मीटर दौड़ना, रिचार्ज खत्म होने पर तुरंत बिजली कटना, रिचार्ज के बाद भी बिजली बहाली में देरी और बिना सहमति मीटर लगना आदि समस्याओं ने खासा परेशान कर रखा है। इन समस्याओं को लेकर उपभोक्ताओं के अलावा तमाम यूनियन और संघ विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो गए है।

इसी क्रम में जिले में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के चलते उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती शिकायतों के बीच शुक्रवार को शिवसेना ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। शिवसेना का आरोप है कि बिजली विभाग की मनमानी दिव दिन बढती जा रही और स्मार्ट मीटरों से आम आदमी पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

जिले में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के कारण आ रहे अत्यधिक बिलों और तकनीकी खामियों को लेकर शिवसेना के जिलाध्यक्ष और महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष माया सैनी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। सीएम को भेजे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि इन मीटरों के लगने के बाद से बिल पहले की तुलना में दो से तीन गुना अधिक आ रहे हैं। उन्होंने नेटवर्क समस्याओं के कारण रिचार्ज अपडेट न होने और बिना सूचना बिजली काटे जाने की शिकायत भी की। ज्ञापन में मांग की गई है कि इन स्मार्ट मीटरों को तत्काल हटाकर पुराने मीटर फिर से लगाए जाएं।

महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष माया सैनी ने मध्यम और गरीब वर्ग की समस्याओं को उजागर करते हुए बताया कि मजदूर वर्ग के लोग दिन रात मेहनत मजदूरी करने के बाद अपने परिवार का भरण पोषण करने की जुगाड़ कर रहे अब हर महीने हजारों रुपये का अतिरिक्त बिल भरना उनके लिए असंभव हो गया है। बताया कि तकनीकी खामियों के चलते हर 10-15 दिन में बिजली कटने से बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। महिलाओं ने स्पष्ट रूप से पुराने मीटर वापस लगाने की मांग की। जिलाधिकारी ने इस मांग पत्र को शासन तक भेजाकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## दबंगों ने सेवानिवृत्त फ़ौजी से की मारपीट

**महोबा।** जैतपुर गांव में सरकारी हैंडपंप से पानी भर रही महिला के सम्मान को लेकर हुए विवाद के चलते दबंगों ने एक सेवानिवृत्त आईटीबीपी जवान के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने घटना के संबन्ध में संबन्धित पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई न किए जाने से आहत होकर सेवानिवृत्त जवान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र के जैतपुर के व्यासपुरा मोहल्ले निवासी सेवानिवृत्त जवान प्रेमचंद श्रीवास ने एसपी को दिए शिकायत पत्र में बताया कि घटना मोहल्ले के सार्वजनिक हैंडपंप पर जब एक महिलाएं पानी भर रही थीं, तभी गांव का एक व्यक्ति शराब के नशे की हालत में वहां पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। प्रेमचंद ने महिलाओं के सम्मान में हस्तक्षेप करते हुए आरोपी को वहां से हटने को कहा। आरोप है कि इसके बाद आरोपी अपने भाई को साथ लेकर आया और पूर्व फौजी के साथ गाली गलौज करने लगा, जब इसका विरोध किया तो उसकी मारपीट करने लगे।

# गोरखपुर क्लब संचालक के बेटे अम्बरीश श्रीवास्तव ने फार्महाउस में खुद को मारी गोली

**मुंह में गोली लगकर सिर से निकली, सुसाइड की आशंका पुलिस कर रही जांच**

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** शहर के चर्चित कारोबारी और गोरखपुर क्लब के संचालक अतुल श्रीवास्तव के बेटे अम्बरीश श्रीवास्तव (40) ने शुक्रवार को कुसमी स्थित अपने फार्महाउस में लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। गोली मुंह में लगी और सिर से निकल गई, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से पूरे शहर में सनसनी फैल गई और सामाजिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अम्बरीश शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे सिविल लाइंस स्थित अपने आवास से निकले और करीब 7 बजे फार्महाउस पहुंचे। वहां कुछ देर टहलने के बाद करीब 8:30 बजे वह तीन मंजिला फार्महाउस की ऊपरी मंजिल पर चले गए। बताया जा रहा है कि उस समय वह मोबाइल पर किसी से बातचीत कर रहे थे।

करीब 8:30 से 9 बजे के बीच गोली चलने की आवाज सुनकर फार्महाउस के कर्मचारी ऊपर पहुंचे तो देखा कि अम्बरीश खून से लथपथ पड़े थे और उनके मुंह से खून निकल रहा था। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही एसएसपी डॉ. कोस्तुभ, एसपी सिटी निमिष पाटिल, सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ कैंट अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अम्बरीश ने .32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मारी। हालांकि पुलिस अभी हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिसमें अम्बरीश अकेले आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। फार्महाउस तक आने-जाने का एक ही रास्ता बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, अम्बरीश पिछले करीब 15 दिनों से मानसिक तनाव में चल रहे थे। घटना से पहले उन्होंने अपनी पत्नी और एक परिचित से फोन पर बातचीत भी की थी।

# ई-ऑफिस व्यवस्था में लापरवाही पर सख्त रुख, बिना ऑनलाइन कार्य के वेतन नहीं : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**अलीगढ़।** जिले में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार को निर्देशित किया है कि वह सुनिश्चित कराएं कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस व्यवस्था सुनिश्चित हो।

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने शुक्रवार को समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को पत्र निर्गत कर सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि शासन एवं जिलाधिकारी की मंशा के अनुरूप सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस का शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने बताया है कि मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देशों के क्रम में प्रदेश को पेपरलेस ऑफिस बनाने की दिशा में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है, लेकिन अभी भी कुछ कार्यालयों में इसका समुचित उपयोग नहीं किया जा रहा है, जो लापरवाही की श्रेणी में आता है। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी दशा में ऑफलाइन पत्रावलियों का संचालन स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी पत्राचार और पत्रावलियों का संचार अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाए। इंटर-इंस्टेंस संचार की सुविधा प्रणाली में उपलब्ध है, जिसका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

सीडीओ ने चेतावनी दी कि जिन कार्मिकों द्वारा ई-ऑफिस पर कार्य नहीं किया जाएगा, उनका वेतन आहरित नहीं किया जाएगा। यदि ऐसे कार्मिकों का वेतन जारी होता है तो संबंधित कार्यालयाध्यक्ष एवं आहरण-वितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्यालयाध्यक्ष यह प्रमाणित करें कि उनके कार्यालय में सभी कर्मचारी (चतुर्थ श्रेणी एवं वाहन चालक को छोड़कर) ई-ऑफिस पर मैप हैं और नियमित रूप से लॉगिन कर कार्य कर रहे हैं। यह प्रमाण पत्र वेतन बिल के साथ कोषागार में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रमाण पत्र के बिना वेतन आहरण की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि जिन कार्यालयों में ई-ऑफिस लागू नहीं हुआ है, वहां के कार्यालयाध्यक्षों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# एएमयू वीमेंस कॉलेज में 'लिटराटी 2026' साहित्यिक महोत्सव का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वीमेंस कॉलेज लिटरेरी सोसाइटी ने तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव 'लिटरेटी 2026' का उद्घाटन समारोह के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर साहित्य और रचनात्मक अभिव्यक्ति का उत्सव मनाया गया।

मुख्य अतिथि, जनसंपर्क कार्यालय की मेम्बर इंचार्ज प्रो. विभा शर्मा ने अपने संबोधन में विचार, अभिव्यक्ति और पहचान के निर्माण में साहित्य की स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए सार्थक संवाद, आलोचनात्मक चिंतन और डिजिटल युग में मातृभाषा के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। वीमेंस कॉलेज लिटरेरी सोसाइटी की पूर्व अध्यक्ष के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने छात्राओं से ऐसे मंचों का उपयोग आत्म-अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और बौद्धिक विकास के लिए करने का आह्वान किया।

इससे पूर्व हिंदी विभाग की डॉ. शगुफ्ता नियाज और अंग्रेजी विभाग की डॉ. शगुफ्ता अंजुम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए रचनात्मकता और शैक्षणिक सहभागिता को बढ़ावा देने में साहित्यिक संस्थाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरुआत वीमेंस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मसूद अनवर अलवी के स्वागत भाषण से हुई। लिटरेरी सोसाइटी की अध्यक्ष बसरा हसन रिजवी और उपाध्यक्ष माइशा मनाल ताज ने अतिथियों, शिक्षकों और छात्राओं का औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर 'लिटरेटी 2026' का आधिकारिक पोस्टर भी जारी किया गया। उद्घाटन सत्र का समापन उपाध्यक्ष मरियम खान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पासिंग आउट परेड की फाइनल रिहर्सल का एसपी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में 26 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली पासिंग आउट परेड (क्कक) के मद्देनजर आयोजित ग्रैंड रिहर्सल/फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा परेड की विभिन्न टुकड़ियों की ड्रिल, मार्च पास्ट, कमांड एवं नियंत्रण, कदमताल, अनुशासन एवं समन्वय का बारीकी से अवलोकन किया गया। साथ ही परेड ग्राउण्ड की समुचित सज्जा, सुरक्षा प्रबंधन, अनुशासन व्यवस्था, साफ-सफाई, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की गई।

इस अवसर पर उपस्थित प्रशिक्षण स्टाफ, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने परेड की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाने, प्रत्येक गतिविधि में समन्वय बनाए रखने तथा अनुशासन का उच्चतम स्तर सुनिश्चित करने पर बल दिया।

उन्होंने निर्देशित किया कि पासिंग आउट परेड को पूर्णतः सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जाए, जिससे जनपद पुलिस की कार्यकुशलता, अनुशासन एवं पेशेवर दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन हो सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

# वाराणसी जंक्शन पर गर्मी में यात्रियों व कर्मचारियों के लिए विशेष इंतजाम



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** प्रचंड ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए वाराणसी जंक्शन स्टेशन पर यात्रियों और रेल कर्मचारियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 को स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता द्वारा कुल 2,500 ह्रक्रस्न (ओआरएस) के पैकेट वितरित किए गए। यह ORS पैकेट स्टेशन के विभिन्न विभागों—लोको पायलट लॉबी, गार्ड लॉबी,टीटीई लॉबी, जीआरपी, आरपीएफ, दूरसंचार, विद्युत एवं यांत्रिक विभाग, ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रथम एवं द्वितीय खंड, ट्रैक मेंटेनेंस स्टाफ, कुली तथा प्लेटफॉर्म पर कार्यरत स्टाल वेंडरों को प्रदान किए गए। स्टेशन प्रशासन द्वारा स्टाल वेंडरों को निर्देशित किया गया है कि वे केवल जरूरतमंद यात्रियों को ही निःशुल्क ORS उपलब्ध कराएं, ताकि भीषण गर्मी में यात्रियों को राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त, पिछले एक सप्ताह के भीतर स्टेशन परिसर में 5 अतिरिक्त वाटर कूलर लगाए जा चुके हैं, जबकि आने वाले दिनों में 15 और वाटर कूलर स्थापित किए जाने की योजना है। इससे यात्रियों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने में काफी सहूलियत होगी। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा गर्मी के मौसम में हर संभव व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

## उद्योग तथा व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई संपन्न

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में उद्योग तथा व्यापार बंधु की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान करने, खराब सड़को की मरम्मत, जलापूर्ति तथा पड़ोसी राज्य से उपखनिजों के अवैध परिवहन को रोकने तथा नए खनिज चेकपोस्ट बनाने आदि जैसे प्रकरणों पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिसमें महत्वपूर्ण सड़क महोबा-कबरई की तत्काल मरम्मत कराने के लिए ह्र्रङ्घ के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा औद्योगिक इकाइयों के समीप आवासीय भूखंडों की रजिस्ट्री होने, स्टोन क्रशिंग उद्योग के भंडार लाइसेंस से चरित्र प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त किए जाने तथा कबरई कस्बे के मध्य से नो एंट्री के समय ट्रकों के गुजरने का प्रकरण भी प्रस्तुत किया गया।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने लखनऊ मंडल के अधिकारियों से की मुलाकात, समस्याओं के समाधान पर दिया जोर

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर ।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री व एनएफआईआर नई दिल्ली के सहायक महामंत्री विनोद कुमार राय ने आज लखनऊ मंडल के वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान महामंत्री ने संघ के पदाधिकारियो के साथ मंडल रेल प्रबंधक महोदय से भेंट कर कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के प्रभावी व त्वरित निराकरण के संबंध में चर्चा की जिसमे 25% कोटे के तहत कराये गये परीक्षा के परिणाम मे हों रही देरी, सीसेइंजी को डीआर कोटे के 20% पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरने हेतु मुख्यालय से जारी आदेश के क्रियान्वयन मे हों रही देरी पर खेद व्यक्त किया। साथ ही महामंत्री ने वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.) से मुलाकात कर विधुत विभाग के कर्मचारियों की कार्यस्थल से जुड़ी व्यावहारिक दिक्कतों पर वार्ता और सीनियर डीसीएम के साथ भी वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारियों के हितों और उनकी समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मंडल रेल प्रबंधक सहित मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने अतिशीघ्र उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु आश्वासन दिया इसी क्रम मे महामंत्री ने हाल ही में लखनऊ मंडल में पदभार ग्रहण करने वाले नवागत मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक), सीनियर डीईएन (कोऑर्डिनेशन) और सीनियर डीएफएम को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए अधिकारियों के नेतृत्व में रेलकर्मियों की प्रशासनिक व व्यक्तिगत समस्याओं का पारदर्शिता के साथ समाधान होगा।

इस अवसर पर महामंत्री के साथ संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुबोध चौधरी, वरिष्ठ पदाधिकारी दीपक चौधरी, मुख्यालय मंडल मंत्री फिरोजुल हक, लखनऊ मंडल के पदाधिकारी अब्दुल खालिद, पी के सिंह, बृजेश चतुर्वेदी, जितेंद्र श्रीवास्तव, अनिल बाजपेई,रमाशंकर दुबे, मो सलीम मो जावेद,महिला पदाधिकारी दीपिका गुप्ता, चंदा डे, कीर्ति शुक्ला, पूनम, संगीता सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं रेलकर्मी उपस्थित रहे।

## इण्टर में अदिती सिंह और हाईस्कूल में अरबिया खातून रही टॉपर्स



**गोरखपुर ।** गुरुवार को यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी हुआ।जिसमे क्षेत्र के सरस्वती देवी इंटर कालेज पिपरौली के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।इंटरमीडिएट में कुल पंजीकृत 95 छात्रों ने से 92 छात्रों ने सफलता पाई।जबकि हाईस्कूल में पंजीकृत 159 छात्रों ने से 156 छात्रों को सफलता मिली। इंटरमीडिएट में अदिती सिंह ने 414/500 अंक प्राप्त करके कालेज में पहले स्थान पर रही।जबकि हाईस्कूल में अरबिया खातून ने 532/600 अंक पाकर पहला स्थान प्राप्त किया। कालेज के प्रबंध निदेशक डा.कल्पनाथ सिंह, प्रधानाचार्य अखिलेश सिंह,शिक्षक आर के सिंह,रामेश्वर सिंह,दयाराम साहनी, अभय तिवारी,राधा मद्धेशिया,प्रदीप,धर्मेंद्र सिंह आदि ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामना दी है।

## बकाया रुपया मांगने पर मनबढ़ो ने ढाबा संचालक को पीटा केस दर्ज

**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड 14 लूचूई निवासी शिव जायसवाल पुत्र स्व भगवान दास जायसवाल को गीडा सेक्टर 22 में ढाबा का संचालन करता है। गुरुवार को अपराह्न 4 बजे के करीब वह ढाबे पर मौजूद थे। तभी एक मनबढ़ जिसके पास पूर्व में 15 सौ रुपया बकाया था। जिससे बकाया मांगा तो उसने 1 हजार रुपया देने के बाद गाली गुप्ता देने लगा। खाने लगा कि तुम कैसे बकाया रुपया मांग लिया। जिसका विरोध किया तो मनबढ़ ने अपने कुछ और दोस्तो को ढाबा पर बुला लिया। और लाठी डंडे से हमला कर सिर फोड़ दिया। बचाव करने पहुंचे कृष्णा पटवा को भी मारपीट कर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने घायल शिव जायसवाल को इलाज के लिए सीएचसी पिपरौली भेजा। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी अजय कुमार साहनी उर्फ संजीत,अमित साहनी तथा दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## अस्सी घाट स्थित 'पैलेस ऑन गंगेश' में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) आपूर्ति का शुभारंभ

**वाराणसी (अवधनामा संवाददाता)** गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वाराणसी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ, सुरक्षित एवं किफायती ऊर्जा के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसी क्रम में अस्सी घाट पर स्थित प्रतिष्ठित होटल पैलेस ऑन गंगेश में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) आपूर्ति की सफल शुरुआत की गई। शुभारंभ सुशील कुमार, महाप्रबंधक (जीएम), गेल एवं वाराणसी सीजीडी प्रमुख द्वारा किया गया। इस अवसर पर नवाज़िश अली अंसारी (उप महाप्रबंधक परियोजना) प्रवीण गौतम (मुख्य प्रबंधक मार्केटिंग) तथा देबाशीष साहू उपस्थित रहे। होटल पैलेस ऑन गगंगेश पूर्व में एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भर था, जहाँ प्रतिमाह लगभग 60 एलपीजी सिलेंडरों की खपत होती थी। पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने बाद एलपीजी सिलेंडरों की बचत होने से उन्हें अन्य आवश्यक स्थानों पर उपयोग हेतु परिवर्तित किया जा सकेगा। इस अवसर पर गेल के अधिकारी ने बताया कि अस्सी घाट वाराणसी के प्रमुख, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक घाटों में से एक है, जहाँ प्रतिदिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं।

# वीडीए के मानव को से ग्रामीणों का नींद उड़ा, पत्रकार वार्ता में सुनाई आपबीती

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के चंदौली और वाराणसी सीमा पर बसे उन ग्रामीणों की, जो अपनी ही पुश्तैनी जमीन होने के बावजूद आशियाना बनाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। ग्रामीणों ने न्याय पाने के लिए शुक्रवार को गोलघर स्थित पराड़कर स्मृति भवन में ग्रामीणों ने एक प्रेस वार्ता कर अपनी व्यथा सुनाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि, नियामताबाद विकास खंड के ग्राम सभा कुंडा खुर्द और भिसौंडी में विकास प्राधिकरण के मानकों ने हम सब ग्रामीणों का नींद उड़ा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि, पड़ाव-सहजौर मार्ग के उत्तर दिशा में स्थित उनकी जमीनें गंगा नदी से करीब 1500 मीटर की दूरी पर हैं। बावजूद इसके, वहां निर्माण कार्य पर रोक लगी हुई है। गंगा से 1500 मीटर और रिंग रोड से 1500 मीटर गांव दूरी पर है। ग्रामीणों का दावा है कि इस क्षेत्र में गंगा की बाढ़ का प्रभाव नहीं रहता। जबकि बगल के गांव 'कुंडा कला' में 500 मीटर तक आवासीय क्षेत्र घोषित है, तो 'कुंडा खुर्द' के साथ भेदभाव क्यों? मार्ग के दक्षिण की 50 प्रतिशत जमीन राजकीय कार्यों के लिए आवंटित है, जिससे ग्रामीणों के पास निर्माण के लिए जगह सीमित हो गई है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से लेकर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तक को पत्रक दिया गया है। संविधान का अनुच्छेद 14 हमें समानता का अधिकार देता है, लेकिन एक ही भौगोलिक स्थिति में हमारे लिए अलग और पड़ोस के गांव के लिए अलग मानक क्यों हैं? हम अपना घर कहाँ बनाएं? शासन से ग्रामीणों ने मांग की है कि पड़ाव-सहजौर मार्ग के उत्तर दिशा में 500 मीटर तक की भूमि को 'आवासीय' या 'मिश्रित भूमि' (एचएफएलइ) के रूप में परिवर्तित किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधान प्रतिनिधी ग्राम भिसौडी सत्य प्रकाश यादव, प्रधान प्रतिनिधि ग्राम कलाखुर्द अखिलेश यादव, चंद्रजीत यादव सहित अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ, श्रद्धांलुओं का उमड़ा सैलाब

**महोबा।** मराई माता धाम अजनर में रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया, जहां पर पहले दिन गांव में धार्मिक आस्था और भक्ति में सराबोर होकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिला, युवतियां सिर कलश रखकर मंगल गीत गाती हुई चल रही थी वहीं श्रद्धालु भी महादेव और श्रीराम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभा यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ जलपान कराकर स्वागत किया गया। महायज्ञ से पूर्व गांव भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं और श्रद्धालुओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर भाग लिया। कलश यात्रा में ढ़ोल नगाड़ों की तान पर अबीर गुलाल उड़ाते और थिरकते युवाओं का समूह चल रहा थे, वहीं महिला और युवतियां भी मंगल गीत गा रहीं थी, जिससे वातावरण भक्ति मय हो गया। भव्य कलश यात्रा मराई माता धाम से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गो से निकली। यात्रा गांव में भ्रमण करती हुई खोई मजरा पहुंची और पुनः मराई माता धाम पर आकर सम्पन्न हुई।

# चेतगंज पुलिस द्वारा 7 हुड़दंगी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के निर्देश पर कमिश्नरेट थाना चेतगंज पुलिस अपराध और अतिक्रमण के खिलाफ लगातार एक्शन मोड में है। सुगम यातायात के लिए थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर अतिक्रमण हटवाया जा रहा है और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी जा रही है, ताकि सड़कें बाधा मुक्त रहें। लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी ना हो इसी अंतर्गत वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस द्वारा गहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी विजय कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल की। विगत दिनों तेलियाबाग कैलगढ़ कॉलोनी में मारपीट कर कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में तेलियाबाग चौकी प्रभारी अली अतहर की सक्रिय भूमिका और सूझबूझ की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है। चौकी प्रभारी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर हालात काबू किए और आरोपियों की पहचान कर दबिश दी। थाना प्रभारी विजय कुमार शुक्ला की अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त कार्यशैली और टीम को लीड करने के तरीके की भी स्थानीय लोग प्रशंसा कर रहे हैं। पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप है और जनता ने राहत की सांस ली है।

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या 2-W/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी-ई.पी.सी.

दिनाँक 26.02.2026 का दूसरा शुद्धिपत्र

संख्या 2-W/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी-ई.पी.सी./दूसरा शुद्धिपत्र दिनाँक : 23.04.2026

दिनांक 27.02.2026 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 2-W/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी.–ई.पी.सी. दिनाँक 26.02.2026 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

| विवरण | पूर्व संशोधित तिथि | संशोधित |
| --- | --- | --- |
| रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 23.04.2026 | 04.05.2026 |

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी।

1355/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संध्या सरोवर के सुधार को प्राधिकरण से होगा संवाद, महापौर-नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** संध्या सरोवर (लाल डिग्गी) की स्थिति में सुधार के लिए नगर निगम अब अयोध्या विकास प्राधिकरण से समन्वय स्थापित करेगा। शुक्रवार को 'नगर की सरकार, आपके द्वार' अभियान के तहत महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।पुलिस लाइन तिराहा से सुबह निरीक्षण शुरू करते हुए टीम ने पुष्पराज चौराहा के पास चल रही नाली सफाई का जायजा लिया। शहीद फौव्वारा पर अशफाक उल्ला खां की प्रतिमा पर छतरी लगवाने और वीर सावरकर की प्रतिमा की टेढ़ी छतरी ठीक कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही फौव्वारा चालू कराने, पार्क की सफाई, रेलिंग पेंटिंग व पौधों की छंटाई के निर्देश भी दिए गए।

कोयला गली में जल निकासी की समस्या पर अधिकारियों ने जानकारी ली। अयोध्या विकास प्राधिकरण के नाले के चेंबर में पटिया गिरा मिलने पर नाराजगी जताई गई। संध्या सरोवर में पानी की कमी, गंदगी और जलकुंभी की अधिकता पर चिंता व्यक्त करते हुए नाले से गंदा पानी हटाने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने चेंबर को सीवर से जोड़ने, डायवर्जन कैनाल चालू कराने व नई सीवर लाइन डालने की बात कही।इसके बाद टीम आचार्य नरेंद्रदेव पार्क पहुंची, जहां अतिक्रमण पर नाराजगी जताते हुए उसे हटाने और सुंदरीकरण कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए गए।

टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद 15 दिन में काम शुरू न होने पर निरस्तीकरण की चेतावनी दी गई। महापौर ने शहीद स्मृतिका को विशेष रूप से विकसित करने पर जोर दिया।नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि पुलिस लाइन नाले की शुरुआत से अंत तक सफाई कराने और बेहतर जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नाला निर्माण के लिए लेआउट सर्वे कराने को भी कहा गया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

## हाईस्कूल में गायत्री पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन, विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में रेवतीगंज स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रों की सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गईविद्यालय की छात्रा दिशा यादव ने 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया, जबकि अभय दत्त तिवारी (93.16%), रागिनी चौरसिया (91.5%), निक्की तिवारी (90.14%) और श्रेया तिवारी (89.83%) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसके अलावा समृद्धि तिवारी (88.83त्न), कोमल सिंह (88.66%), अमरेंद्र तिवारी (88.5%), प्रखर यादव (88.5%), निधि तिवारी (88.33%), अभय सिंह (87.16%), अभिनय यादव (87%), अमन पाण्डेय (85.5%), अमन तिवारी (85.33त्न), सुख सागर (84.16त्न) और सृष्टि यादव (84.16%) ने भी उल्लेखनीय अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।विद्यालय के प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल, उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल, प्रभा शंकर शुक्ल, प्रधानाचार्या शिखा दूबे एवं राम सूरत तिवारी ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर अभिभावकों में भी उत्साह देखने को मिला। अखिलेश तिवारी, राम प्रकाश यादव, पवन तिवारी 'महाकाल', उमा शंकर तिवारी, विक्रम जीत यादव, मोनू तिवारी एवं रजनीश पांडेय सहित अन्य अभिभावकों ने परीक्षा परिणाम पर खुशी जताते हुए विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

# संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक, संगठन मजबूत करने पर जोर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत रानी बाजार स्थित अशोक सिंघल वार्ड में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामेंद्र मोहन मिश्रा एवं पप्पू मिश्रा ने किया।बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने की, जबकि संचालन महानगर महासचिव राकेश तिवारी ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि अयोध्या में कांग्रेस पार्टी का संगठनात्मक ढांचा मजबूत है, लेकिन इसे और अधिक सक्रिय बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा अयोध्या के विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद के प्रयासों से फैजाबाद में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, राम की पैड़ी और नया घाट पुल जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं कांग्रेस शासनकाल में ही पूरी हुई थीं।पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विकास के नाम पर आम जनता के हितों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों के हित प्रभावित हो रहे हैं और बाहरी कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।पीसीसी सदस्य गौरव तिवारी 'वीरू' ने लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि इसी एकता के बल पर गठबंधन प्रत्याशी को विजय मिली। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

बैठक के संयोजक वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामेंद्र मोहन मिश्रा 'पप्पू' ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और आगामी चुनावों की तैयारी में जुट जाएं। बैठक में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, प्रवीण श्रीवास्तव, केसरी कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र मणि पांडेय, हनुमान प्रसाद मिश्रा, किशोरी रमन अग्रवाल, फिरोज अंसारी, आशुतोष शांडिल्य, पूर्व सभासद जितेंद्र गुप्ता 'सनक', विकास मिश्रा, शिवकुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंत्री सतीश शर्मा ने एबी मेडिकल्स का फीता काटकर किया उद्घाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** देवा रोड स्थित एबी मेडिकल्स होलसेल प्रतिष्ठान का प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद मंत्रालय व नागरिक आपूर्ति के राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यह प्रतिष्ठान पंकज गुप्ता 'पंकी' के नेतृत्व में निकिता गुप्ता, गौरव गुप्ता एवं यश गुप्ता द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो दवाओं के साथ-साथ सर्जिकल उपकरणों की सस्ते दामों पर होलसेल बिक्री करेगा। इस प्रतिष्ठान के प्रारंभ होने से क्षेत्र के चिकित्सकों, मेडिकल स्टोर्स एवं आमजन को गुणवत्तापूर्ण दवाएं एवं सर्जिकल सामग्री सुलभ रूप से उपलब्ध हो सकेगी। प्रतिष्ठान के संचालक पंकज गुप्ता 'पंकी' ने विश्वास जताया कि एबी मेडिकल्स होलसेल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की कम दामों पर गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# जनगणना प्रशिक्षण का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, तैयारियों की परखी गुणवत्ता



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारियों के क्रम में जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जॉइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल के साथ सागर इंस्टीट्यूट, नवाबगंज में संचालित प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थिति, तकनीकी व्यवस्था तथा प्रशिक्षकों द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा प्रत्येक बिंदु को भली-भांति समझकर ही फील्ड में कार्य करें, जिससे जनगणना कार्य शत-प्रतिशत शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व में किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने प्रशिक्षण में मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग, डेटा एंट्री, सत्यापन प्रक्रिया तथा फील्ड में आने वाली चुनौतियों के समाधान संबंधी बिंदुओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत 22 मई से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संचालित किया जाएगा। इस चरण में प्रत्येक भवन, आवासीय एवं गैर-आवासीय इकाई का विवरण संकलित किया जाएगा, जो आगामी जनसंख्या गणना का आधार बनेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार जनगणना प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ी है तथा पहली बार नागरिकों को 07 मई से 21 मई 2026 तक स्वगणना (Self Enumeration) की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे जनसहभागिता बढ़ेगी और प्रक्रिया अधिक आधुनिक एवं सुगम बनेगी। इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम नवाबगंज सुश्री गुंजिता अग्रवाल सहित मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स एवं प्रशिक्षणार्थी प्रगणक-सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### 3732 लोगो को प्रशिक्षण दिया जा चुका

जनपद में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के क्रम में आज 657 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को 32 फील्ड ट्रेनर तथा 03 मास्टर ट्रेनर के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रकार अब तक जनपद में कुल 3732 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### डीएम ने प्रशिक्षु प्रगणकों के साथ किया भोजन बढ़ाया उत्साह

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षु प्रगणकों के साथ बैठकर भोजन किया तथा उनसे संवाद कर प्रशिक्षण अनुभवों, फील्ड तैयारियों एवं सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व में टीम भावना, सहभागिता और समन्वय ही सफलता की कुंजी है। इस आत्मीय संवाद से प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन भी हुआ।

# मायके मे विवाहिता का शव जगले से लटकता मिला, पुलिस जांच मे जुटी




**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** एक सप्ताह पूर्व मायके आयी 25 वर्षीय नवविवाहिता का शव घर के जिंगले मे साडी के फंदे से लटकता मिला जानकारी मिलते ही परिजन सीएचसी बड़ागांव मे ले गये जहां चिकित्स्को ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम नौबस्ता निवासी राजकुमार वर्मा की 25 वर्षीय पुत्री डाली का विवाह गत 6 फ़रवरी को थाना क्षेत्र के ही ग्राम शोभनपुरवा निवासी शिवविशाल वर्मा के पुत्र आकाश पटेल के साथ हुई थी तथा 21 अप्रैल को डाली के चाचा की पुत्री की शादी मे शामिल होने के लिए 17 अप्रैल को अपने मायके आयी थी शादी के बाद सारे मेहमान जा चुके थे इसीबींच शुक्रवार की दोपहर डाली ने अपने ही घर के आँगन मे पड़े जंगले मे साडी से फंदा लगा लिया। दोपहर करीब 1बजे मृतका का भाई आयुष पटेल घर आया तो बहन को फांसी के फंदे से लटकता देखकर आनन-फानन में फंदे को खोलकर सीएचसी बड़ागांव लेकर पहुचा जहां पर मौजूद चिकत्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। सीएचसी बड़ागांव की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अजय त्रिपाठी, उपनिरीक्षक मनदीपसिंह, रामजीपाल राजकरन सिंह ने परिजनों से जानकारी लेते हुए नायब तहसीलदार अंकिता पाण्डेय की मौजूदगी मे शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है समाचार भेजनें तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने एव तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

## दो गांव में आयोजित हुई ग्राम चौपाल में अफसरों ने सुनी समस्याएं

**मवई -अयोध्या । (अवधनामा संवाददाता)** ब्लाक मवई के दो गांव डिलवल व हुनहुना में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।ग्राम डिलवल में हुई चौपाल में ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक सिंह ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया कि ग्राम चौपाल में दो मामले आवास को लेकर थे तथा एक समस्या शौचालय के सम्बन्ध में थी।आवास को लेकर बताया गया कि आवास का सर्वे हो चुका है।शीघ्र ही आवास की सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी।शौचालय के लिए ऑन लाइन कराने को कहा गया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शमीम अंसारी,ब्लाक कोऑर्डिनेटर जितेंद्र तिवारी,रोजगार सेवक वीरेंद्र वर्मा,संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।इसी तरह ग्राम पंचायत हुनहुना में आयोजित हुई ग्राम चौपाल में तीन मामले आए।ग्राम पंचायत अधिकारी सौरभ गुप्ता ने ग्रामीणों को बताया कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों की समस्याओं को गांव में ही निस्तारित किया जाए जिससे कि किसी भी ग्रामीण को अनावश्यक ब्लाक के चक्कर न लगाना पड़े।ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया कि ग्राम चौपाल में कुल तीन समस्याएं आईं थी।एक समस्या राशन कार्ड के सम्बन्ध में थी उसकी तत्काल फैमिली आई डी बना दी गई।दूसरी समस्या किसान सम्मान निधि की थी मौके पर चेक किया गया।किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री भी हो चुकी है।तीसरी समस्या आवास को लेकर थी।

## युवती को भगा ले जाने पर आरोपी समेत आधा दर्जन लोगो पर मुकदमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना क्षेत्र की एक युवती के अचानक घर से लापता हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक सहित आधा दर्जन लोगो पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कस्बा शहादतगंज की एक 19 वर्षीय युवती 18 अप्रैल की रात्रि को अचानक घर से कहीं चली गई, जिसके बाद काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में परिजनों को शक हुआ कि गांव का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस संबंध में लापता युवती के भाई ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मेरी बहन अक्सर गांव की एक युवती के साथ बांसा शरीफ स्थित मजार शरीफ पर जाया करती थी।

# बिजली खम्बे मे अचानक लगी आग, हादसा टला

## दुकानदारों ने खम्बे मे लगे होल्डिंग हटाने की मांग




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जैसे जैसे भीषण गर्मी अपने पुरे शबाब पर पहुंच रहा है तो वही अचानक भीषण आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है। आज शुक्रवार को दोपहर नगर पालिका परिषद के मुख्य गेट के पास दो दुकान सिटी प्राइड और विजय क्लाथ हाउस के पास लगे विधुत खम्बे मे अचानक आग लगने से भगदड़ मच गया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिजली के खंभे पर बंधे इंटरनेट फाइबर केबल के चलते आग तेजी से फैल गई। कुछ ही समय में आग की लपटें तेज हो गईं और ऊंचाई तक उठने लगीं, जिससे आसपास मौजूद लोग घबरा गए। घटना स्थल के पास रेडीमेड कपड़ों की कई दुकानें होने के कारण स्थिति और गंभीर हो गई।

# हिंदुस्तान ओलिंपियाड में यूपी पब्लिक स्कूल का जलवा

## जिले के टॉप तीनों स्थान पर कब्जा





**सिसवा बाजार महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय कस्बे के यूपी पब्लिक स्कूल ने हिंदुस्तान ओलिंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय–तीनों स्थान हासिल कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया। विद्यालय के मेधावी छात्रों में कक्षा 5 के आराध्य मद्धेशिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 5 की आस्था जायसवाल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा 3 के छात्र आतिफ आफताब ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल सिंह ने छात्रों की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का माहौल है।

# नेपाल सड़क हादसा: 2 की मौत, 19 घायल: प्रशासन अलर्ट

## घायलों का बीआरडी मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नेपाल के पिउठान जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में चालक समेत कुल 21 लोग सवार थे। हादसे में एक महिला और एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 19 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया और राहत व बचाव कार्य तेज़ी से शुरू किया गया।

जिलाधिकारी श्री संतोष कुमार शर्मा ने तुरंत रूपनदेही (नेपाल) के मुख्य जिला अधिकारी से संपर्क स्थापित कर घायलों को लुंबिनी सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। साथ ही राहत कार्यों के लिए एसडीएम नौतनवा नवीन प्रसाद को मौके पर भेजा गया, जबकि एडीएम (एफ/आर) सोनौली में कैंप कर नेपाली प्रशासन के साथ समन्वय बनाए हुए हैं। राहत कार्य के तहत चार एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस सहित कुल दस एंबुलेंस मौके पर भेजी गईं। जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की टीमों को हाई अलर्ट पर रखते हुए घायलों के लिए बेड भी आरक्षित कर दिए गए। नेपाल प्रशासन द्वारा भी हर संभव सहयोग प्रदान किया गया और दोनों देशों के अधिकारियों के बीच लगातार संवाद जारी रहा।

घायलों और मृतकों के परिजनों को नेपाल लाने के लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। इस बीच मुख्यमंत्री द्वारा मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। इधर, आज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने संयुक्त रूप से भर्ती घायलों का हालचाल जाना। अधिकारियों ने चिकित्सकों से उपचार की प्रगति की जानकारी ली और सभी घायलों को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से समुचित इलाज सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। प्रशासन की ओर से समन्वय के लिए नायब तहसीलदार प्रद्युम्न सिंह और फार्मासिस्ट धर्मेंद्र त्रिपाठी की ड्यूटी भी मेडिकल कॉलेज में लगाई गई है। भर्ती घायलों में से 6 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि अन्य की हालत में लगातार सुधार हो रहा है और चिकित्सकीय टीम उनकी निगरानी कर रही है। अधिकारियों ने घायलों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

## अज्ञात वाहन के ठोकर से युवक की मौत

### 12 मई को थी अनूप की शादी

*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटहरा टोला वन ग्राम उसरहवा नर्सरी निवासी अनूप को वृहस्पतिवार की शाम लखीमा थरुआ गांव के पश्चिम इट भट्ठे के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार अनूप पासवान पुत्र श्रीराम की शादी आगामी 12 मई को तय थी और घर पर तैयारियां चल रही थीं। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

वृहस्पतिवार अनूप अपनी शादी का कार्ड बाट शाम करीब 6 बजे वह रामपुर बुजुर्ग स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवाकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह लखिमा थरुआ गांव के पश्चिम स्थित एक ईंट भट्ठा के पास पहुंचे, तभी किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि अनूप सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बिना देरी किए एम्बुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

खबर के मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में कुछ ही दिनों बाद बारात निकलने वाली थी, वहां अब चीख-पुकार और मातम का माहौल है। गांव के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

घटना की सूचना मिलते ही बागापार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी नागेंद्र मणि ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पीड़ित के द्वारा कोई लिखित तहरीर नही दी गयी है। मृतक अनूप दो भाईयो में छोटा था। घटना के बाद से माता अनिता देवी ,पिता श्रीराम,बड़ा भाई राधेश्याम सहित सभी परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## दबंग देवर ने भाई और भाभी पर जान लेवा हमला किया, मुकदमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** बीती रात्रि थाना क्षेत्र के ग्राम ठकुरिहा मजरे मनभावनपुर निवासी दबँग देवर ने बड़े भाई एव भाभी पर बाँके से हमला कर घायल कर दिया पीड़िता की तहरीर पर मसोली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुरुवार को ठकुरिहा मजरे मनभावनपुर निवासी सुधांशु पुत्र प्रताप बहादुर चौहान ने पहले बड़े भाई अजय चौहान की दीवार गिराने लगा जिसपर बड़े भाई की पत्नी पूनम चौहान ने मना किया तो भाभी से मारपीट पर आमादा हो गया जिसकी शिकायत त्रिलोकपुर चौकी पर किया जिससे आक्रोशित सुधांशु ने रात्रि करीब 9 बजे बड़ी भाभी पूनम चौहान पर बाँके से हमला कर दिया पत्नी को बचाने दौड़े बड़े भाई अजय चौहान पर भी हमला कर दिया पीड़िता की तहरीर पर मसौली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है।

## फाइलों में तैर रही है मछलियां मत्स्य विभाग का कागज़ी खेल सुर्खियों में

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के मत्स्य विभाग में इन दिनों एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर लोग यही कह रहे हैं– 'यहां मछलियां कम, कागज़ ज़्यादा तैयार हो रहे हैं!' मामला है प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत वृहद और लघु मत्स्य आहार मिलों की स्थापना का, जिसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 में चयन हुआ और 2023-24 में अनुदान भी पूरे सम्मान के साथ लाभार्थियों के खाते में पहुंच गया। कागज़ों में सब कुछ इतना परफेक्ट है कि जैसे मिलें नहीं, कोई सुपरहिट फिल्म चल रही हो–उत्पादन भी, बिक्री भी और मुनाफा भी! धरातल पर जब नजर डाली गई, तो 'मिल' नाम की चीज़ दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। न मशीनें, न उत्पादन, न बिक्री–बस सब कुछ फाइलों में बड़े आराम से चल रहा है। शिकायतकर्ता शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जिला मंत्री हिन्दू जागरण मंच, ने इस पूरे मामले में बड़ा सवाल उठाया है। उनका कहना है कि शासनादेश के मानकों को ऐसे दरकिनार किया गया है जैसे मछली जाल देखकर रास्ता बदल लेती है।

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक : सीडीओ

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जलवायु परिवर्तन आज के समय में भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती बनकर उभर रहा है, जिससे निपटने के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। जनपद में पराली जलाने की बढ़ती घटनाएं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं, जिससे ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि, वायु गुणवत्ता में गिरावट तथा मृदा की उर्वरता प्रभावित हो रही है। यदि इस प्रवृत्ति पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियों के सामने संकट उत्पन्न हो सकता है।

उक्त विचार मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने व्यक्त करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन अब एक वैश्विक चुनौती बन चुका है, जिसका प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों सहित आम जनजीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने जागरूकता, समय पर तैयारी और सामुदायिक



सहभागिता को आपदा से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताया।

उन्होंने कहा, 'हम सभी को प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित और जिम्मेदार उपयोग करना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और समृद्ध पर्यावरण मिल सके।' यह विचार उन्होंने गौतम बुद्ध जागृति समिति एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में व्यक्त किए, जिसका उद्देश्य आपदाओं से निपटने के लिए समुदाय की अनुकूलनशीलता और लचीलापन को सुदृढ़ करना था।

संस्था के सचिव श्रीधर पांडेय ने आपदा पूर्व तैयारी पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा एक सुदृढ़ आपदा रेडीनेस योजना विकसित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों एवं समुदाय को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कम्युनिटी रिस्क रजिस्टर की अवधारणा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इसके माध्यम से गांव स्तर पर जोखिमों की पहचान, संवेदनशील परिवारों का चिन्हांकन तथा आपदा के दौरान त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सकती है।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी पुष्पांजलि सिंह ने जनपद की समग्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण योजना तथा विशेष रूप से हीट वेव एक्शन प्लान की विस्तृत जानकारी दी।बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए जनपद में विशेष तैयारियां की जा रही हैं, जिनमें जनजागरूकता अभियान, सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल एवं छाया की व्यवस्था, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं श्रमिक स्थलों के समय में आवश्यक परिवर्तन तथा स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारी शामिल हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, आईसीडीएस, यूपीनेडा, व्यापार संगठन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी विचार व्यक्त किए और विभागीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतेज़ाम

**अम्बेडकरनगर।** होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर हाई अलर्ट जनपद में चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच होगी परीक्षा। आगामी होमगार्ड भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जनपद पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में सभी तैयारियाँ अंतिम रूप ले चुकी हैं और हर परीक्षा केंद्र पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को अभेद बनाया गया है। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, चेकिंग अभियान और सुव्यवस्थित प्रवेश व्यवस्था लागू की गई है ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की कोशिश को तुरंत रोका जा सके। हर केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष टीमें भी सक्रिय कर दी गई हैं। पुलिस अधीक्षक ने अपने बयान में स्पष्ट कहा कि– परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराना हमारी प्राथमिकता है।

# पत्रकारों को पेट्रोलियम ईंधन पर प्राथमिकता देने की मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र में पेट्रोलियम ईंधन की बढ़ रही किल्लत के कारण दैनिक रुप से समाचार संग्रहित करने वाले पत्रकारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस विषय में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बांसी तहसील अध्यक्ष षष्टभुजा शुक्ल उर्फ गुडडू बाबा ने प्रशासन और पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन से पत्रकारों के लिए विशेष सुविधा देने मांग की। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक आवश्यक सेवा है और कवरेज के दौरान पत्रकारों को ईंधन की उपलब्धता में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। समय की बचत हेतु पत्रकारों को पेट्रोल पंपों पर लाइन में प्रतीक्षा किए बिना प्राथमिकता के आधार पर पेट्रोल/डीजल उपलब्ध कराया जाए।

विषम परिस्थितियों या ईंधन संकट के समय पत्रकारों के लिए एक निश्चित कोटा सुरक्षित रखा जाए ताकि जनहित की खबरें बाधित न हों।



पेट्रोल पंपों पर पत्रकारों के पहुचने पर बैठने के लिए स्वच्छ स्थान, शुद्ध पेयजल आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रेस कार्ड दिखाने पर पंप कर्मियों द्वारा सहयोगपूर्ण व्यवहार किया जाए। 'ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकार अत्यंत सीमित संसाधनों के बीच दिन-रात जनसमस्याओं को उठाने का कार्य करते हैं। कई बार दूर-दराज के क्षेत्रों में कवरेज के लिए जाते समय पेट्रोल की उपलब्धता न होने से कार्य में बाधा आती है। प्रशासन को चाहिए कि वह पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश जारी कर पत्रकारों को सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित करे।

# शोहरतगढ़ में ग्राम चौपाल : योजनाओं की जानकारी और समाधान का भरोसा

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बभनी और लुचुईयाँ में 'गाँव की समस्या, गाँव में समाधान' थीम के तहत ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए गए और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

बभनी में चौपाल की अध्यक्षता सचिव अजय भारतीया ने की, जबकि लुचुईयाँ में कार्यक्रम की अगुवाई प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा ने की। संचालन सचिव रामस्वरूप गुप्ता ने किया।

चौपाल में ग्रामीणों को पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, व्यक्तिगत शौचालय, मनरेगा और 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड



आजीविका मिशन (ग्रामीण)' जैसी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही स्वच्छता का संदेश देते हुए साफ-सफाई बनाए रखने पर जोर दिया गया। बभनी में आरबीआई बैंक प्रतिनिधि संतोष शुक्ला ने बैंकिंग, बीमा और स्वरोजगार के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए मशरूम खेती, अगरबत्ती, मोमबत्ती, अचार और मसाला निर्माण जैसे घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने की जानकारी दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, कन्या सुमंगला योजना और सामूहिक विवाह योजना जैसी योजनाओं पर भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में साइबर क्राइम से बचाव को लेकर भी ग्रामीणों को सतर्क किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य, राजस्व और पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बिजली चिंगारी से छप्पर के मकान में लगी आग समान जलकर राख

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन ठेठरी मार्ग के पूरब तरफ क्षेत्र के ग्राम महदेईया टोला बगहीडीह के आवासीय छप्पर के मकान में आग लगने से हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। घटना छः बजे की है।आग लगने का कारण बिजली की चिंगारी बताई जा रही है । लोटन ठेठरी मार्ग पर पूरब के तरफ मुधनी पत्नी मत्तन छप्पर का मकान बनाकर रह रही थी। अचानक बिजली तार टूट कर मकान पर गिर गया ।जब तक लोगा आग पर काबू पाने के लिए पहुंचे आग विकराल रूप धारण कर लिया धू धू करके जलने लगा घर मे रख्खा चावल, गेहूं,वर्तन, चारपाई शिलाई मशीन सहित घर मे रख्खा समान जल कर खत्म हो गया। परिवार के लोगो ने बताया कि घर में रख्खा सारा समान जलकर खाक हो गया । घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज मय फोर्स घटना स्थल पहुंचे तब तक आग बुझ चुकी थी।

# कटोखर चौराहे पर हंसवर पुलिस का हाई अलर्ट की गई सघन चेकिंग

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जिले के हंसवर थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दे रही है। इसी क्रम में कटोखर चौराहे पर एक विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जहां पुलिस टीम ने हर आने-जाने वाले वाहन और संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी।चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजातों की बारीकी से जांच की गई। वहीं, संदिग्ध दिखने वाले लोगों से पूछताछ कर उनकी पहचान सुनिश्चित की गई।

पुलिस द्वारा हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात और अन्य जरूरी दस्तावेजों की भी जांच की गई।इस कार्रवाई के चलते चौराहे पर कुछ समय के लिएअफरा-तफरी जैसा माहौल भी देखने को मिला, वहीं



कई वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों को सख्त हिदायत दी और कुछ पर आवश्यक कार्रवाई भी की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह सघन चेकिंग अभियान अपराध और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए चलाया गया है। खासकर बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। इस अभियान में *उप निरीक्षक प्रदीप कुमार* के नेतृत्व में कांस्टेबल लाल बहादुर और कांस्टेबल राष्ट्र प्रकाश ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## रूपाली ने इंटर में कालेज में दूसरा स्थान हासिल कर बढ़ाया मान, नरेंद्र ने हाईस्कूल में लहराया परचम

**गोण्डा।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही जिले में मेधावी छात्रों की सफलता की गूंज सुनाई देने लगी। कर्नलगंज क्षेत्र के छात्रों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चित्रगुप्त इंटर कॉलेज की छात्रा रूपाली सिंह ने इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज में दूसरा



स्थान हासिल किया। कर्नलगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत नारायनपुर माझा निवासी विजय प्रताप सिंह की पुत्री रूपाली शुरू से ही पढ़ाई के प्रति सजग और मेहनती रही हैं। वहीं, शान्ती देवी कामता प्रसाद इंटर कॉलेज के छात्र नरेंद्र ने हाईस्कूल परीक्षा में 82.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

# खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में गाड़े सफलता के झंडे



Khair Technical Inter College Bangawa Domariaganj Siddharthnagar
Board Exam 2026 Results
Intermediate

| Sr No | Name | Obt. Mark | Percentage | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Misbah Malik | 411 | 82.2 | 1st Rank In School |
| 2 | Mantasha Fatima | 403 | 80.6 | 2nd Rank |
| 3 | Ziya Sadaf | 391 | 78.2 | 3rd Rank |
| 4 | Asma Khatoon | 389 | 77.8 | 4th Rank |
| 5 | Almas Fatima | 389 | 77.8 | 4th Rank |

1st Rank 2nd Rank 3rd Rank 4th Rank 4th Rank

**अवधनामा संवाददाता**

**मिस्बाह मलिक बनीं स्कूल टॉपर**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज बनगवां डुमरियागंज के छात्र-छात्राओं ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रशासन द्वारा जारी परिणामों के अनुसार इस वर्ष कुल 163 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 158 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

परीक्षा परिणामों में छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। मेरिट सूची में पहले पाँच स्थानों पर छात्राओं ने कब्जा जमाया। मिस्बाह मलिक: 411 अंकों (82.2%) के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मंतशा फातिमा: 403 अंकों (80.6%) के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। ज़िया सदफ: 391 अंकों (78.2%) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।असमा खातून एवं अलमास फातिमा: दोनों छात्राओं ने 389 अंक (77.8%) प्राप्त कर संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान हासिल किया।

## हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं नियम को तत्काल सख्ती से लागू किया जाए : डीएम

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि कुछ बाइक चालक बिना हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस के देर रात पेट्रोल पंपों पर बार-बार आकर निजी लाभ हेतु पेट्रोल का दुरुपयोग/तस्करी कर रहे हैं। उक्त बातें जिलाधिकारी ने कहीं।

उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां न केवल अवैध हैं, बल्कि आम जनता के लिए ईंधन की उपलब्धता को प्रभावित कर रही हैं तथा कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौती बन सकती हैं। 'हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं' नियम को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। सभी पेट्रोल पंप संचालक यह सुनिश्चित करें कि बिना हेलमेट आए दोपहिया चालकों को ईंधन उपलब्ध न कराया जाए। साथ ही, पेट्रोल पंपों पर आने वाले वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की जाए, जिससे अनियमितताओं पर नियंत्रण स्थापित हो सके। सीमावर्ती क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर विशेष सतर्कता बरती जाए, जहां पड़ोसी जनपदों जैसे बलरामपुर एवं नेपाल से भी ग्राहक आ रहे हैं।

# रेलवे ठेकेदारों की मनमानी से मौत का जाल बना पोखरा, ग्रामीणों में आक्रोश



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जिले के मिठवल विकास क्षेत्र में रेलवे निर्माण कार्य के नाम पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। खलीलाबाद-बलरामपुर-बहराइच रेल लाइन परियोजना से जुड़े ठेकेदारों द्वारा आबादी से सटे एक पोखरे से अवैध रूप से अत्यधिक मिट्टी निकालकर उसे 'मौत के कुएं' में तब्दील कर दिया गया है। पोखरे से मिट्टी की खुदाई 20 फीट से भी अधिक कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोई मवेशी या बच्चा इसमें गिरता है, तो उसका बचना नामुमकिन होगा।

**अस्पताल पर मंडराता खतरा:** इस पोखरे के बिल्कुल समीप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित है। पोखरे की गहराई के कारण अस्पताल की बाउंड्री वॉल और मुख्य इमारत के ढहने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है।ग्राम प्रतिनिधि किशन लाल ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में ब्लॉक स्तर पर सभी प्रधानों से यह कहकर हस्ताक्षर लिए गए थे कि नियमानुसार सीमित मात्रा में मिट्टी निकाली जाएगी। लेकिन वर्तमान में मानक को ताक पर रखकर अंधाधुंध खनन किया जा रहा है।

'हमने ठेकेदारों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हैं। आबादी के बीचों-बीच इस तरह का गड्ढा जानलेवा है। अगर अस्पताल की इमारत गिरती है या कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसका जिम्मेदार प्रशासन और ठेकेदार होंगे। किशन लाल, ग्राम प्रतिनिधि स्थानीय ग्रामीणों और ग्राम प्रधान ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने और इस अवैध खनन को रुकवाने की मांग की है। साथ ही, ठेकेदारों द्वारा मानक के विपरीत की गई इस खुदाई की जांच कर उचित कार्रवाई करने की अपील की गई है ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके। इस मामले में एडीएम एफआर गौरव श्रीवास्तव से इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा इसकी जानकारी मुझे नहीं है किसी को भेज कर दिखवाता हुँ।

## मेधावी छात्रा महिमा ने जिले में हासिल किया छठा स्थान, क्षेत्र में खुशी की लहर



**बाँसी सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में बाँसी तहसील के महामना मालवीय इंटर कॉलेज, बरगदवा की छात्रा महिमा ने शानदार प्रदर्शन किया है। महिमा ने 94% अंक प्राप्त कर जनपद की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) में 6वीं रैंक हासिल की है। जिले में 6वां स्थान और विद्यालय का नाम रोशन। महिमा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। पिता रमेश और माता उर्मिला ने बेटी की मेहनत और अनुशासन की सराहना की।विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने महिमा को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया, वहीं प्रबंधक डॉ. चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस बड़ी उपलब्धि से विद्यालय परिवार और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## अंकुश गुप्ता ने इंटर में 422 अंक प्राप्त कर विद्यालय में रहे प्रथम स्थान पर



**सिद्धार्थनगर।** श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज के छात्र अंकुश गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता निवासी निवासी ग्राम मदनपुर, उसका बाजार ने इंटर में 422 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जेईई मेंस 2026 की परीक्षा में प्रथम प्रयास में 97.99 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। अनुराग कुमार यादव 81.6? ,ह्ष्द्धद्बह्लड्ड ने 80.6? अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के प्रबंधक संजय सिंह प्रधानाचार्य विनय अनमोल के साथ-साथ विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उसके के उज्वल भविष्य की कामना किए हैं।

# नहर विभाग की लापरवाही बनी जानलेवा, पुलिया से गिरकर युवक की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** जनपद में नहर विभाग की लापरवाही एक बार फिर एक युवक की मौत का कारण बन गई। कर्नलगंज कोतवाली के बालपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पतिसा गांव के पास सरयू नहर की पुलिया से गिरकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धमरैया गांव निवासी महेश शुक्ला 45 वर्ष किसी निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गुरूवार की देर रात बाइक से अपने घर लौट रहे थे, जैसे ही वह बालपुर और पतिसा गांव के बीच स्थित सरयू नहर की पुलिया पर पहुंचे, वहां रेलिंग न होने के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे गहरी नहर में जा गिरे। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त पुलिया पर लंबे समय से सुरक्षा रेलिंग नहीं है, जिससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है



कि कई बार शिकायत के बावजूद नहर विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से महेश को नहर से बाहर निकाला गया, लेकिन समय पर इलाज न मिल पाने के कारण उनकी मौत हो गई। जैसे ही यह खबर धमरैया गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने नहर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि समय रहते पुलिया पर रेलिंग लगाई गई होती, तो एक युवक की जान बच सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही बालपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कर्नलगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मृतक की पहचान धमरैया गांव निवासी महेश शुक्ला के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द पुलिया पर सुरक्षा रेलिंग लगवाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## हाईस्कूल परीक्षा में कम अंक मिलने से आहत हाईस्कूल छात्रा ने दी जान

**गोंडा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के भीटी भदवाल गांव में हाईस्कूल परीक्षा परिणाम से निराश एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। 21 वर्षीय रूपा गुप्ता ने परीक्षा में 77.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, लेकिन अपने तय लक्ष्य



80 प्रतिशत से अधिक अंक न आने से वह गहरे अवसाद में चली गई। परिजनों के अनुसार, गुरुवार देर रात रूपा ने घर के बरामदे में जहरीला पदार्थ खा लिया। बरामदे में गिरती हुई रूपा को उनकी भाभी ने देखा और तुरंत परिवार को सूचना दी। आनन-फानन में परिजन उसे गोंडा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रास्ते में रूपा ने अपनी भाभी से हाथ जोड़कर माफी भी मांगी थी। बताया गया कि रूपा ने हाईस्कूल परीक्षा में 600 में से 464 अंक प्राप्त किए थे। विभिन्न विषयों में उसे ए और बी ग्रेड भी मिले थे।

# छात्र छात्राओं का रहा शानदार प्रदर्शन





**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जनता इंटर कॉलेज फतेहपुर बड़ागांव के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल छा गया। इस वर्ष छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

इंटरमीडिएट मे आंचल पुत्री दिनेश कुमार यादव ने 432 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्रियांशु (पुत्र राजेश) ने 431 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाया। रिमझिम (पुत्री अरविंद ) ने 430 अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**हाईस्कूल वर्ग में भी शानदार परिणाम :** हाईस्कूल परीक्षा में रागिनी (पुत्री दिलीप कुमार) ने 564 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शिक्षिता यादव (पुत्री बालमुकुंद यादव) ने 555 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही तनु ने 553 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

अनंत कुमार (पुत्र रामयस) ने 548 अंक पाकर चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि सुप्रिया (पुत्री महेंद्र यादव) ने 543 अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। मेधावी छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रधानाचार्य एवं अवनींद कुमार वर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षकगण–संजय कुमार गुप्ता, योगेश वर्मा, विवेक वर्मा, विवेक चौधरी, दिनेश, रवि सहित अन्य शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

## विद्यालय परिवार ने मेधावी विद्यार्थियों को फूलमाला व मिष्ठान खिलाकर किया सम्मानित



**सिद्धार्थनगर।** श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज तेतरी बाजार के मेधावी विद्यार्थियों का शुक्रवार को विद्यालय परिवार द्वारा फूलमाला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया।इंटर में अंकुश गुप्ता 84.4 ? , अनुराग कुमार यादव 81.2 %, अर्चिता 80.6% ,सरस्वती 79.6%, दिव्यांशी पासवान 79.4% तथा हाई स्कूल में अनुष्का 92.33% तहेराबानो 84.33%, तहसीम फात्मा 82.66?,अब्दुल कलाम 81.5%, अंजलि 79.5% अंकिता 79%, देवांश 77.3%, आर्यन 77.3% ने अच्छे अंक प्राप्त कर अपने-अपने माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय व जिले का मन बढ़ायें हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य विनय अनमोल ने कहा कि यह सफलता आप सबके अथक परिश्रम व दृढ़ संकल्प का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संजय सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ हृदय नारायण मिश्र ,रणजीत चौधरी, बृजेश मणि त्रिपाठी, डॉ प्रकाश श्रीवास्तव, राम उजागिर, डॉ रंजनी रंजन , गिरजेश कुमार सिंह, महेंद्र, मानसिंह, रामकरन, मधुरेंद्र कुमार मिश्र, विनय कुमार गुप्त, श्रीमती रश्मि पाण्डेय, अंकित कुमार यादव, बृजेश कुमार, संतोष कुमार आदि ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## टीएमसी का पारम्परिक क्षेत्र

पश्चिम बंगाल और तामिलनाडु में हुआ आम चुनाव में 294 में से 152 सीटों पर मतदान हुआ। तामिलनाडु में सभी 234 सीटों पर मतदान हुआ। ममता चौथी बार लीड करना चाहती है। भाजपा पहली बार बंगाल में सत्ता पाना चाहती है। यह दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल होगा।

भाजपा यहां जीतने के लिये साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का सहारा ले रही है। देश के 14 प्रतिशत मुसलमान पश्चिम बंगाल में रहते है। ममता बनर्जी मुख्यमंत्री की हैसियत से भाजपा से नाराज है। भाजपा पर सरकारी एजेंसियों और एसआईआर पर सत्ता के दुरूपयोग का आरोप लगा रही है।

बंगाल में एसआईआर सबसे बड़ा मुद्दा है क्योकि 12 प्रतिशत मतदाताओं को सूची से हटाया गया है। चुनाव आयोग का दावा है करीब 27 लाख मतदाताओं की समीक्षा चल रही है। इसके अलावा बाकी मतदाता या तो मृत पाये गये या दूसरी जगहों पर चले गये है। पहले चरण में सिर्फ 139 मतदाताओं को अनुमति मिली है। इन्हे ट्रीब्युनल से मत डालने की अनुमति मिली है। पहले चरण में जिन सीटों पर मत डालने की अनुमति मिली है वहां मुस्लिम, आदिवासी और हिन्दू बहुजनों वोटरों की संख्या ज्यादा है। पहला चरण भाजपा के लिये इस लिये भी महत्वपूर्ण है क्योकि बाकी सीटो के लिये न हो चुनाव होना है वहां पारम्पारिक रूप से टीएमसी दबदबा रहा है। तामिलनाडु में भाजपा हाशिये की पार्टी है। एआईएडीएम के साथ मिल कर डीएम के सरकार को चुनौती दे रही है। इस बार फिल्म अभिनेता विजय के टीवी के पार्टी भी मैदान में है। इस वजह से राज्य में स्पर्धा त्रीकोणी बन गयी है। यह चुनाव क्षेत्रीय अस्मिता, भाषाई पहचान और कल्याणकारी योजनाओं के इर्द गिर्द लड़ा जा रहा है। लोग उत्सुकतावश देख रहे है कि चुनाव के नतीजे किस हद तक एसआईआर से प्रभावित हो पाते है। साथ लोगो ने किस पार्टी के मुद्दों को अहम माना है।

इसमें बंगाल चुनाव में ममता बनर्जी को लोगों में काफी उत्सुकता है कि वह किस हद तक सफल हो पाती है। बंगाल में कई समस्यायें है कुछ तो ममता के क्षत्र आया में ही है। इसे लेकर ममता की सरकार और स्थानीय नेताओं के द्वारा उनकी और उनके प्रशासन की खिचाई होती रहती है। वैसे ममता जुझारू नेता गिरी के शुरूआत दौर में उन्होंने पश्चिम बंगाल में चल रहे कम्युनिस्ट शासन को उखाड फेका था। वैसे ममता में वह गुडगुड वत्ता मन्द पड़ गई है। अब में भाववेश का सहारा ज्यादा ले रही है और कुछ गलत कुछ सही केन्द्र पर आरोप लगाती रहती है। यहां के चुनाव में इस बार प्रधानमंत्री और गृहमंत्री दोनों विशेष ध्यान दे समाये कर रहे है।

जब भी चूम लेता हूँ इन हसीन आंखों को।
सौ चिराग निगाहो में जगमगाने लगते है।।

## जिनके हाथों में आतंक की चिंगारी, वही अब शांति की मशाल लिए नाच रहे हैं!

पिछले कुछ वर्षों का वैश्विक परिदृश्य किसी जीवंत त्रासदी से कम नहीं रहा। दुनिया ने युद्धों को केवल इतिहास की पुस्तकों में नहीं, बल्कि 'लाइव प्रसारण' के रूप में देखा और उसके दंश को प्रत्यक्ष रूप से भोगा। विडंबना यह है कि जिन राष्ट्रों का इन संघर्षों से प्रत्यक्ष सरोकार नहीं था, वे भी महँगाई, ऊर्जा-संकट और पर्यावरणीय क्षति के रूप में इस वैश्विक 'युद्ध-कर' को चुकाने के लिए विवश हैं।


प्रो. मनमोहन प्रकाश

इन युद्धों के पीछे विस्तारवाद, वैश्विक वर्चस्व की होड़, परमाणु शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा और नाटो जैसे संगठनों में शामिल होने की प्रतिस्पर्धा स्पष्ट दिखाई देती है। कुछ विश्लेषक इन्हें 'ग्लोबल वेपन एक्सपो' तक कहने लगे हैं, जहाँ महाशक्तियाँ अपने हथियारों का प्रदर्शन करते हुए कमजोर देशों को 'टेस्टिंग ग्राउंड' में बदल रही हैं। इस बाजारवादी युग में मानवता और प्रकृति दोनों ही 'कोलेटरल डैमेज' बनकर रह गए हैं। वर्तमान में ईरान, अमेरिका और इजराइल का त्रिकोण वैश्विक चिंता का केंद्र बना हुआ है। अमेरिका और इजराइल लंबे समय से ईरान पर हिज्बुल्लाह, हमास और हूती जैसे संगठनों को समर्थन देने का आरोप लगाते रहे हैं। यह भी कहा जाता है कि ईरान इन संगठनों के माध्यम से पश्चिम एशिया में अपना प्रभाव बनाए रखना चाहता है। यूरेनियम संवर्धन के सहारे क्षेत्रीय महाशक्ति बनने की उसकी आकांक्षा है। हालिया सैन्य कार्रवाइयों में अमेरिका और इजराइल ने ईरान की सैन्य ताकत को बहुत ज्यादा क्षति पहुँचाई है, फिर भी ईरान पीछे हटने को तैयार नहीं है,हार मानने के लिए राजी नहीं। अपितु 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' के माध्यम से वैश्विक व्यापार को प्रभावित कर उसने अपनी सामरिक ताकत का प्रदर्शन किया है। इस नई व्यवस्था का प्रभाव अब लगभग पूरे विश्व पर दिखाई दे रहा है- आर्थिक दबाव, जन असंतोष और युद्ध-विरोधी स्वर तेजी से उभर रहे हैं। यही कारण है कि आक्रामक शक्तियाँ अब 'सम्मानजनक शांति' की राह तलाश रही हैं। इस परिदृश्य का सबसे विडंबनापूर्ण पक्ष तब सामने आता है, जब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई का दावा करने वाला अमेरिका, ईरान से संवाद के लिए पाकिस्तान को मध्यस्थ बनाता है। वही पाकिस्तान, जो लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों की पनाहगाह रहा है। ओसामा बिन लादेन को शरण देने वाले देश के माध्यम से शांति की पहल, अंतरराष्ट्रीय राजनीति के नैतिक द्वंद्व को उजागर करती है।

यह स्थिति कई प्रश्न खड़े करती है,क्या आतंकवाद की परिभाषा देश,काल,परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है? क्या वैश्विक शक्तियाँ अब सिद्धांतों के बजाय स्वार्थों से संचालित हो रही हैं? यदि आतंक की फैक्ट्री ही शांति का शोरूम खोलने लगे, तो यह मान लेना चाहिए कि आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष कहीं न कहीं केवल दिखावा बनकर रह गया है।

पाकिस्तान में आयोजित शांति वार्ता का विश्लेषण बताता है कि अमेरिका 'प्रतिबंधों की तलवार' और 'शांति के प्रस्ताव' दोनों के साथ इस वार्ता में उपस्थित हुआ, जबकि ईरान ऐस तरह से शर्तें रखी, मानो वह पराजित नहीं, बल्कि निर्णायक स्थिति में हो। यह पूरी प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की जटिलता और अवसरवादिता को दर्शाती है। वहीं इजराइल ने इस प्रक्रिया से स्वयं को अलग रखते हुए संकेत दिया है कि बारूद की गंध के बीच शांति संभव नहीं। वहीं चीन और रूस जैसे महाशक्तियां इस पूरे घटनाक्रम में ऊपर से मौन दर्शक बने रहकर रणनीतिक लाभ लेने की स्थिति में हैं,अपना उल्लू सीधा करते हुए दिखाई देते हैं।

सही मायने में देखा जाए तो आज विश्व एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ 'आतंकवाद' की परिभाषा सुविधानुसार बदल दी जाती है। जब तक हिंसा पड़ोसी के घर तक सीमित रहती है, वह स्वतंत्रता के लिए 'संघर्ष' कहलाती है; लेकिन जब वही अपने घर तक पहुँचती है, तो 'आतंकवाद' बन जाती है। यही दोहरा मापदंड वैश्विक शांति और विश्व से आतंकवाद की समाप्ति के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। जिस पाकिस्तान को कल तक 'आर्थिक रूप से जर्जर' और आतंकवाद का आश्रयदाता कहकर विश्व समुदाय कठघरे में खड़ा करता था, आज वही शांति की मशाल थामे मध्यस्थ बनने का दावा कर रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति का वह विचित्र रंगमंच है, जहाँ पात्र नहीं, भूमिकाएँ बदलती हैं और सत्य अक्सर पर्दे के पीछे छूट जाता है।जब कातिल ही न्यायाधीश की कुर्सी पर आसीन हो जाए, तो यह केवल विडंबना नहीं, बल्कि व्यवस्था की गहरी विकृति का संकेत है। यह वह दौर है जहाँ सिद्धांतों की नहीं, अवसरों की बोली लगती है; जहाँ नैतिकता नहीं, बल्कि रणनीतिक सुविधा ही निर्णयों का आधार बनती है।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


**आचार्य महाश्रमण का चिंतन इस अंतर्विरोध को समाप्त करने का प्रयास करता है। वे सिखाते हैं कि यदि भीतर शांति और संतुलन है, तो बाहर का जीवन स्वतः ही सुव्यवस्थित हो जाता है। यही कारण है कि उनकी साधना केवल आत्मिक उन्नति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी आधार बनती है। उनकी 'अहिंसा यात्रा' आज के समय की एक ऐतिहासिक और युगान्तरकारी पहल है, जो हमें दांडी यात्रा और भूदान आंदोलन की याद दिलाती है। यह यात्रा केवल एक पदयात्रा नहीं, बल्कि विचारों की क्रांति है-एक ऐसी क्रांति, जो हथियारों से नहीं, बल्कि संवाद, संवेदना और संस्कारों से संचालित होती है।**

# आचार्य महाश्रमण की निर्गुण-चेतना से विश्व-शांति की नई दिशा

मानव इतिहास के इस अशांत और संक्रमणकालीन दौर में जब विश्व का परिदृश्य युद्ध, हिंसा, आतंकवाद और वैचारिक टकरावों से आच्छादित है, तब शांति, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों की पुकार पहले से कहीं अधिक तीव्र हो उठी है। ऐसे समय में आचार्य महाश्रमण एक ऐसे आध्यात्मिक प्रकाशस्तंभ के रूप में उभरते हैं, जिनका चिंतन केवल किसी एक पंथ, सम्प्रदाय या राष्ट्र तक सीमित नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का व्यापक दृष्टिकोण अपने भीतर समेटे हुए है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व 'निर्गुण रंगी चदरिया' की उस अनुभूति को मूर्त करता है, जो गुणों के पार जाकर आत्मा की शुद्ध चेतना में स्थित होने का संदेश देती है। भगवद्गीता में अर्जुन को दिए गए श्रीकृष्ण के उपदेश 'त्रिगुणातीत बन जा' के अनुरूप आचार्य महाश्रमण का जीवन एक सजीव उदाहरण बनकर सामने आता है। उन्होंने सत्व, रज और तम के बंधनों को पार कर उस निर्गुण अवस्था को साधने का प्रयास किया है, जहाँ व्यक्ति न केवल आत्मबोध को प्राप्त करता है, बल्कि समष्टि के कल्याण का माध्यम भी बन जाता है। उनका यह दृष्टिकोण केवल दार्शनिक विमर्श नहीं, बल्कि व्यवहारिक जीवन में उतरा हुआ सत्य है। उनकी साधना 'सत्य की पूजा' नहीं करती, बल्कि 'सत्य की शल्य-चिकित्सा' करती है अर्थात् वे सत्य को केवल स्वीकार नहीं करते, बल्कि उसकी गहराई में उतरकर उसे परिष्कृत करते हैं।


ललित गर्ग

आचार्य महाश्रमण का जीवन 'रहें भीतर, जीएँ बाहर' के सूत्र पर आधारित है। यह सूत्र आधुनिक जीवन की जटिलताओं में संतुलन स्थापित करने का एक अद्वितीय मार्ग प्रस्तुत करता है। आज का मनुष्य बाहरी उपलब्धियों की दौड़ में अपने भीतर के शून्य को अनदेखा कर देता है, जिसके परिणामस्वरूप तनाव, असंतोष और हिंसा का जन्म होता है। आचार्य महाश्रमण का चिंतन इस अंतर्विरोध को समाप्त करने का प्रयास करता है। वे सिखाते हैं कि यदि भीतर शांति और संतुलन है, तो बाहर का जीवन स्वतः ही सुव्यवस्थित हो जाता है। यही कारण है कि उनकी साधना केवल आत्मिक उन्नति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी आधार बनती है। उनकी 'अहिंसा यात्रा' आज के समय की एक ऐतिहासिक और युगान्तरकारी पहल है, जो हमें दांडी यात्रा और भूदान आंदोलन की याद दिलाती है। यह यात्रा केवल एक पदयात्रा नहीं, बल्कि विचारों की क्रांति है-एक ऐसी क्रांति, जो हथियारों से नहीं, बल्कि संवाद, संवेदना और संस्कारों से संचालित होती है। देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल चलकर उन्होंने लाखों लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया, उन्हें नशामुक्ति, सदाचार, नैतिकता और अहिंसा के मार्ग पर अग्रसर किया। आज जब विश्व के अनेक देश




युद्ध और आतंकवाद की विभीषिका से जूझ रहे हैं, तब आचार्य महाश्रमण का यह प्रयास एक वैकल्पिक मार्ग प्रस्तुत करता है-एक ऐसा मार्ग, जहाँ शांति केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि एक व्यवहारिक संभावना बन जाती है। उनकी दृष्टि 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को साकार करती है, जहाँ सम्पूर्ण विश्व एक परिवार के रूप में देखा जाता है। वे किसी व्यक्ति को उसके धर्म, जाति, वर्ग या क्षेत्र के आधार पर नहीं, बल्कि उसके भीतर विद्यमान गुणों के आधार पर आंकते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर शांति और सहयोग की नींव भी रखता है। आज जब पहचान की राजनीति और सांस्कृतिक विभाजन समाज को खंडित कर रहे हैं, तब आचार्य महाश्रमण का यह समन्वयवादी दृष्टिकोण अत्यंत प्रासंगिक हो उठता है।

आचार्य महाश्रमण की सादगी, विनम्रता और अनुशासन उनके व्यक्तित्व की विशिष्ट पहचान हैं। आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ जैसे महान आचार्यों के सान्निध्य में विकसित उनका जीवन एक ऐसी परंपरा का प्रतिनिधित्व करता है, जो आत्मानुशासन और सेवा को सर्वोच्च मूल्य मानती है। बाल्यावस्था में ही दीक्षा लेकर उन्होंने जिस तप, त्याग और समर्पण का मार्ग अपनाया, वह आज के भौतिकतावादी युग में एक प्रेरणास्रोत है। उनकी जीवन यात्रा मोहनलाल से मुनि मुदितकुमार, फिर महाश्रमण और अंततः आचार्य बनने तक एक ऐसी साधना गाथा है, जो यह सिद्ध करती है कि आत्मबल और संकल्प से किसी भी ऊँचाई को प्राप्त किया जा सकता है। आचार्य महाश्रमण की बौद्धिक प्रतिभा भी उतनी ही प्रभावशाली है, जितनी उनकी आध्यात्मिक साधना। उत्तराध्ययन सूत्र और भगवद्गीता जैसे महान ग्रंथों का तुलनात्मक अध्ययन कर उन्होंने यह सिद्ध किया है कि सत्य किसी एक परंपरा का एकाधिकार नहीं है। उनके प्रवचनों का संकलन 'सुखी बनो' इस दृष्टि का सशक्त उदाहरण है, जिसमें उन्होंने जीवन को सरल, सार्थक और संतुलित बनाने के सूत्र प्रस्तुत किए हैं। उनका चिंतन आगम, दर्शन, तर्कशास्त्र, मनोविज्ञान और समाजशास्त्र जैसे विविध क्षेत्रों को समाहित करता है, जिससे उनका व्यक्तित्व एक बहुआयामी मनीषी के रूप में उभरता है।

आज के वैश्विक परिदृश्य में, जहाँ युद्ध की विभीषिका और परमाणु हथियारों की होड़ मानव अस्तित्व के लिए एक गंभीर खतरा बन चुकी है, वहाँ आचार्य महाश्रमण का 'अहिंसा का शंखनाद' एक जीवनदायी संदेश के रूप में सामने आता है। उनका यह विश्वास कि 'अहिंसा केवल एक सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है', हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या वास्तव में हिंसा के माध्यम से स्थायी शांति स्थापित की जा सकती है? उनका उत्तर स्पष्ट है-नहीं। शांति का मार्ग केवल संवाद, सहिष्णुता और करुणा से होकर गुजरता है। उनके प्रयासों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे केवल उपदेश नहीं देते, बल्कि स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। प्रतिदिन नई ऊर्जा और संकल्प के साथ वे मानव उत्थान के कार्यों में जुटे रहते हैं। उनकी दिनचर्या, उनका अनुशासन और उनका समर्पण यह दर्शाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो अपने आचरण से दूसरों को प्रेरित करे। उनके नेतृत्व में तेरापंथ धर्मसंघ न केवल संगठित और सशक्त हुआ है, बल्कि उसने समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और नैतिक जागरण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

निश्चित तौर पर जैन धर्म के महान तपस्वी, अनुशासनप्रिय, दूरदर्शी और तेजस्वी आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में आध्यात्मिकता और आधुनिकता का अद्भुत संगम बनी जैन विश्व भारती में इस वर्ष योगक्षेम वर्ष के रूप में एक नया आध्यात्मिक इतिहास रचा जा रहा है, आध्यात्मिक प्रशिक्षण की एक नई परंपरा विकसित की जा रही है। देशभर में विचरण करने वाले साधु-संतों को एक जगह बुलाकर आचार्य महाश्रमण उन्हें अध्यात्म का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# पलायन की राह में बच्चों के टूटते सपने

भारत जैसे विशाल देश में रोज़गार की तलाश में पलायन एक ऐसी सच्चाई है, जो लाखों परिवारों की नियति बन चुकी है। गांवों में रोज़गार के सीमित अवसर, खेती पर निर्भरता, सूखा, बाढ़, और बुनियादी सुविधाओं की कमी लोगों को शहरों की ओर धकेल देती है। यह पलायन केवल एक व्यक्ति का नहीं होता, बल्कि पूरे परिवार का होता है, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे और किशोरियां भी शामिल होती हैं। शहर पहुंचने के बाद इन परिवारों की ज़िंदगी अक्सर स्लम बस्तियों में सिमट जाती है, जहाँ न तो रहने की उचित व्यवस्था होती है और न ही शिक्षा और पोषण जैसी मूलभूत ज़रूरतें पूरी हो पाती हैं।


चंपा देवी

विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, देश में करोड़ों लोग रोज़गार की तलाश में हर साल गांवों से शहरों की ओर जाते हैं। अनुमान है कि वर्ष 2025 तक भारत में 2 करोड़ से अधिक नए प्रवासी शहरों में बसने की ओर बढ़ रहे हैं, जिनमें से बड़ी संख्या मज़दूर वर्ग की है और इनमें से अधिकतर लोग सस्ती ज़मीन और आवास न मिलने के कारण स्लम बस्तियों में रहने को मजबूर हो जाते हैं। आंकड़े बताते हैं कि देश के शहरी क्षेत्रों में लगभग 6.5 करोड़ से अधिक लोग ऐसी बस्तियों में रहते हैं, जो कुल शहरी आबादी का लगभग 17 प्रतिशत हिस्सा है।

**पोषण की दृष्टि से भी ऐसे परिवारों के बच्चे और किशोरियाँ गंभीर चुनौतियों का सामना करती हैं। इन बस्तियों में रहने वाले परिवारों की आय नाममात्र होने के कारण वे पौष्टिक आहार का खर्च नहीं उठा पाते। कई बार दिन में केवल एक या दो बार ही भोजन मिल पाता है, जिसमें दाल, हरी सब्जी, दूध और फल जैसी आवश्यक पोषक सामग्री का अभाव होता है।**

राजस्थान की राजधानी जयपुर के पास स्थित झालाना डूंगरी की कुंडा लालखा बस्ती इस समस्या का एक जीवंत उदाहरण है। जयपुर शहर से लगभग 5 किमी की दूरी पर स्थित यह बस्ती उन परिवारों का ठिकाना बन चुकी है, जो राजस्थान के अलग-अलग जिलों के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों से रोज़गार की तलाश में यहाँ आए हैं। इन परिवारों के अधिकांश सदस्य निर्माण कार्य, पत्थर तोड़ने, सफाई, घरेलू काम या अन्य दिहाड़ी मजदूरी में लगे हुए हैं। दिन भर की कड़ी मेहनत के बावजूद उनकी आमदनी इतनी नहीं होती कि वे पक्के मकान में रह सकें। परिणामस्वरूप, वे टीन, प्लास्टिक और अस्थायी सामग्री से बने छोटे-छोटे झोपड़ीनुमा घरों में रहने को मजबूर होते हैं।



ऐसी बस्तियों में रहने वाले परिवारों के बच्चों और किशोरियों की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक होती है। पलायन के कारण बच्चों की शिक्षा सबसे पहले प्रभावित होती है। जब परिवार बार-बार स्थान बदलते हैं, तो बच्चों का स्कूल में नामांकन स्थायी नहीं रह पाता। कई बार दस्तावेजों की कमी या स्थानीय पहचान पत्र न होने के कारण बच्चों का स्कूल में प्रवेश भी नहीं हो पाता। परिणामस्वरूप, वे पढ़ाई से दूर होते चले जाते हैं और धीरे-धीरे बाल मजदूरी की ओर धकेल दिए जाते हैं। लड़कियों की स्थिति और भी कठिन होती है, क्योंकि घर के छोटे बच्चों की देखभाल, पानी लाना, खाना बनाना जैसे घरेलू कार्यों की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ जाती है, जिससे उनकी पढ़ाई पूरी तरह छूट जाती है। पोषण की दृष्टि से भी ऐसे परिवारों के बच्चे और किशोरियाँ गंभीर चुनौतियों का सामना करती हैं। इन बस्तियों में रहने वाले परिवारों की आय नाममात्र होने के कारण वे पौष्टिक आहार का खर्च नहीं उठा पाते। कई बार दिन में केवल एक या दो बार ही भोजन मिल पाता है, जिसमें दाल, हरी सब्जी, दूध और फल जैसी आवश्यक पोषक सामग्री का अभाव होता है। इस कारण उनमें कुपोषण, एनीमिया और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं सामान्य होती हैं।

स्लम बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव इन समस्याओं को और गहरा बना देता है। देश के कई शहरी स्लम क्षेत्रों में साफ पेयजल, शौचालय और बिजली जैसी सुविधाएँ पूरी तरह उपलब्ध नहीं हैं। आंकड़ों के अनुसार, गैर-मान्यता प्राप्त स्लम बस्तियों में केवल लगभग 64 प्रतिशत परिवारों को ही नल के पानी की सुविधा मिल पाती है, जबकि शेष परिवारों को दूर से पानी लाना पड़ता है। इसके अलावा, स्वच्छता सुविधाओं की कमी के कारण गंदगी, मच्छरों और संक्रमण का खतरा बना रहता है, जिससे बच्चों में डायरिया, बुखार और त्वचा रोग जैसी बीमारियाँ आम हो जाती हैं। संकरी गलियाँ, खुले नाले और कूड़े के ढेर इन बस्तियों की पहचान बन जाते हैं, जो बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं।

राजस्थान में स्लम बस्तियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। अनुमान के अनुसार, वर्ष 2025 तक राजस्थान में लगभग 5 लाख से अधिक परिवार इन बस्तियों में निवास कर रहे हैं, जो पलायन की बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाता है। जयपुर जैसे बड़े शहरों में यह स्थिति और अधिक स्पष्ट दिखाई देती है, जहाँ बढ़ती आबादी और सीमित संसाधनों के कारण स्लम बस्तियों का लगातार विस्तार हो रहा है। झालाना डूंगरी की कुंडा लालखा बस्ती भी इसी विस्तार का एक हिस्सा है, जहाँ रोज़गार की तलाश में आए परिवार बेहतर जीवन की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन उन्हें अक्सर कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।

इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, सरकार और स्थानीय प्रशासन को पलायन करने वाले परिवारों के बच्चों के लिए पोर्टेबल शिक्षा व्यवस्था विकसित करनी चाहिए, ताकि वे किसी भी स्थान पर जाकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। इसके लिए मोबाइल स्कूल, अस्थायी शिक्षण केंद्र और डिजिटल शिक्षा साधनों का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही, स्लम बस्तियों में आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना जरूरी है, ताकि बच्चों को नियमित टीकाकरण, पोषण आहार और स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिल सके।

पलायन को रोकने के लिए रोज़गार के अवसरों को गांवों के नजदीक बढ़ाना प्रभावी उपाय हो सकता है, जिससे लोगों को अपने घर छोड़ने की आवश्यकता कम हो। साथ ही गांव स्तर पर ही स्वयंसेवी संस्थाओं और सामुदायिक संगठनों की भागीदारी से बच्चों और किशोरियों के लिए विशेष प्रशिक्षण, कौशल विकास और शिक्षा कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं, जो उनके भविष्य को नई दिशा दे सकते हैं। जरूरी है एक ऐसे रोडमैप तैयार करने की जिससे पलायन करने वाले परिवारों के बच्चों और किशोरियों को सुरक्षित, स्वस्थ और शिक्षित जीवन का अवसर मिल सके।

# विश्व मलेरिया दिवस: एक रोग मुक्त भविष्य का संकल्प

प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को संपूर्ण विश्व में मलेरिया दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि उस वैश्विक संकल्प को दोहराने का अवसर है जो मानवता को इस घातक बीमारी से मुक्त कराने के लिए लिया गया है। मलेरिया सदियों से मानव सभ्यता के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। यदि हम इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलता है कि विश्व स्वास्थ्य सभा ने 2007 में अपने 60 वें सत्र के दौरान अफ्रीका मलेरिया दिवस को विश्व मलेरिया दिवस में बदलने का निर्णय लिया था। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के देशों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना और इसके रोकथाम के लिए संसाधन जुटाना था। मलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर प्लाज्मोडियम नामक परजीवी को मनुष्य के रक्त में छोड़ देता है। यद्यपि यह बीमारी निवारणीय और उपचार योग्य है, फिर भी यह हर साल लाखों लोगों की जान ले लेती है। ताजा आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में विश्व स्तर पर मलेरिया के लगभग 249 मिलियन मामले सामने आए थे। यह संख्या चिंताजनक है क्योंकि यह 2021 की तुलना में लगभग 5 मिलियन अधिक थी। इन मामलों में होने वाली मौतों का आंकड़ा भी डरावना है, जहाँ 2022 में लगभग 608000 लोगों ने अपनी जान गँवाई। मलेरिया का सबसे गहरा प्रभाव अफ्रीकी देशों में देखा जाता है। वैश्विक स्तर पर मलेरिया के कुल मामलों का लगभग 94 प्रतिशत और होने वाली मौतों का 95 प्रतिशत हिस्सा केवल अफ्रीका से आता है। इसमें भी विडंबना यह है कि मरने वालों में 80 प्रतिशत से अधिक संख्या 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की होती है। यह आंकड़ा हमें सोचने पर विवश करता है कि विज्ञान की इतनी प्रगति के बावजूद हम अपने भविष्य को इस छोटे से मच्छर से बचाने में पूरी तरह सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं। भारत के संदर्भ में यदि बात करें तो स्थिति में काफी सुधार देखने को मिला है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2015 से 2022 के बीच मलेरिया के मामलों में लगभग 85 प्रतिशत की गिरावट आई है। भारत का लक्ष्य है कि वह 2027 तक मलेरिया मुक्त हो जाए और 2030 तक इस बीमारी का पूरी तरह से उन्मूलन कर दे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन ढांचा 2016-2030 कार्यरत है। इसके तहत देश के विभिन्न राज्यों को उनकी गंभीरता के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है और सूक्ष्म स्तर पर योजनाएं बनाई जा रही हैं।


महेन्द्र तिवारी

**विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में यह कृषि उत्पादकता को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन भी मलेरिया के प्रसार में एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। बढ़ते तापमान और अनिश्चित वर्षा के कारण मच्छरों को पनपने के लिए नए क्षेत्र मिल रहे हैं। ऐसे क्षेत्रों में जहाँ पहले मलेरिया नहीं था, अब वहाँ भी इसके मामले देखे जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कीटनाशकों के प्रति मच्छरों की बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता एक नई चुनौती बनकर उभरी है।**

मलेरिया केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि यह आर्थिक विकास में भी एक बड़ी बाधा है। यह बीमारी अक्सर उन क्षेत्रों में अधिक फैलती है जहाँ गरीबी, जलभराव और स्वच्छता का अभाव होता है। जब परिवार का कोई सदस्य बीमार होता है, तो न केवल उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है, बल्कि परिवार की संचित पूंजी भी इलाज में खर्च हो जाती है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में यह कृषि उत्पादकता को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन भी मलेरिया के प्रसार में एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। बढ़ते तापमान और अनिश्चित वर्षा के कारण मच्छरों को पनपने के लिए नए क्षेत्र मिल रहे हैं। ऐसे क्षेत्रों में जहाँ पहले मलेरिया नहीं था, अब वहाँ भी इसके मामले देखे जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कीटनाशकों के प्रति मच्छरों की बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता एक नई चुनौती बनकर उभरी है। कई क्षेत्रों में देखा गया है कि मच्छर उन रसायनों से नहीं मर रहे हैं जिनका उपयोग लंबे समय से किया जा रहा था। साथ ही, परजीवी ने भी दवाओं के प्रति अपनी प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर ली है, जिससे उपचार की प्रक्रिया जटिल होती जा रही है।



चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में मलेरिया की वैक्सीन का आगमन एक क्रांतिकारी कदम है। 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आरटीएस,एस नामक पहली वैक्सीन को मंजूरी दी थी और उसके बाद आर21 नामक दूसरी वैक्सीन ने भी आशा की नई किरण जगाई है। परीक्षणों में यह पाया गया है कि ये वैक्सीन बच्चों में गंभीर मलेरिया के मामलों को कम करने में अत्यधिक प्रभावी हैं। भारत में भी इन टीकों के वितरण और उपयोग को लेकर व्यापक योजनाएं बनाई जा रही हैं। हालांकि, केवल टीकों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। मलेरिया से बचाव के पारंपरिक तरीके जैसे कि कीटनाशक उपचारित मच्छरदानियों का उपयोग, घरों के भीतर कीटनाशक छिड़काव और व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना और जमीनी स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से निगरानी बढ़ाना इस लड़ाई में सबसे महत्वपूर्ण हथियार हैं।

मलेरिया के इतिहास को देखें तो 20 अगस्त 1897 का दिन बहुत महत्वपूर्ण था, जब सर रोनाल्ड रॉस ने सिकंदराबाद, भारत में अपनी खोज के माध्यम से यह सिद्ध किया था कि मलेरिया मच्छरों द्वारा फैलता है। उनकी इस महान खोज के लिए उन्हें 1902 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। तब से लेकर आज तक हमने लंबी दूरी तय की है, लेकिन अंतिम विजय अभी बाकी है। विश्व मलेरिया दिवस पर हमें उन स्वास्थ्य कर्मियों को भी याद करना चाहिए जो दुर्गम क्षेत्रों में जाकर लोगों की जांच करते हैं और उन्हें दवाएं उपलब्ध कराते हैं। मलेरिया का निदान अब बहुत सरल हो गया है। रैपिड डायग्नोस्टिक किट के माध्यम से मात्र 15 मिनट में यह पता लगाया जा सकता है कि व्यक्ति मलेरिया से पीड़ित है या नहीं। प्रारंभिक अवस्था में पहचान होने पर इसका उपचार पूरी तरह संभव है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब लोग लक्षणों को नजरअंदाज करते हैं या झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में पड़ जाते हैं। तेज बुखार, कंपकंपी, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द जैसे लक्षणों को गंभीरता से लेना अनिवार्य है।

मलेरिया उन्मूलन के लिए वैश्विक सहयोग की भी अत्यंत आवश्यकता है। विकसित देशों को चाहिए कि वे शोध और विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करें ताकि नई दवाओं और टीकों का निर्माण हो सके। वहीं विकासशील देशों को अपनी स्वास्थ्य नीतियों में पारदर्शिता और तत्परता लानी होगी। 2024 और उसके बाद के वर्षों के लिए वैश्विक समुदाय का ध्यान निवेश, नवाचार और कार्यान्वयन पर केंद्रित है। इसका अर्थ है कि उपलब्ध संसाधनों का सही तरीके से उपयोग हो, नई तकनीकों को अपनाया जाए और नीतियों को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा जाए।

# डीएम का तहसील सदर पर औचक निरीक्षण, जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शुक्रवार को तहसील सदर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नायब तहसीलदार कोर्ट, तहसीलदार न्यायिक कोर्ट सहित विभिन्न पटलों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदारों के क्षेत्र से संबंधित रजिस्टरों की जांच की। रजिस्टर अद्यतन न पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने संबंधित रजिस्टरों का नियमित रूप से स्वयं परीक्षण करें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी से तहसील निरीक्षण के बारे में जानकारी ली। इस पर एसडीएम ने बताया कि लगभग दो महीने पहले निरीक्षण किया गया था।

**■ रजिस्टर अपडेट न मिलने पर नायब तहसीलदारों को फटकार**

इस पर डीएम ने निर्देश दिए कि तहसील के सभी पटलों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी पेशकारों की ट्रेनिंग भी कराई जाए। तहसीलदार से मत्स्य पट्टों के संबंध में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने आगामी प्रक्रिया के बारे में पूछा, जिस पर बताया गया कि अगले माह नए पट्टों के लिए आवेदन लिए जाएंगे।

तहसीलदार न्यायालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न वादों की फाइलों को देखा और निर्देश दिए कि धारा-67 के पुराने वादों का तत्काल निस्तारण किया जाए। साथ ही अन्य लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर एक माह के भीतर निपटाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) डॉ. अविनाश त्रिपाठी, एसडीएम सदर अनामिका श्रीवास्तव, तहसीलदार सदर अमरेश कुमार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय की सभी छात्राओं ने लहराया परचम



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उच्चीकृत हुए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मुडेसी की छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में पहले बैच ने शत् प्रतिशत सफलता हासिल की है। बोर्ड परीक्षा में सभी 30 पंजीकृत छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

विद्यालय की छात्राओ की इस सफलता पर डीसी कस्तूरबा गांधी विद्यालय नवीन कुमार सिंह, प्रधानाचार्य विमलेश , प्रभारी बार्डन रागिनी शाक्य और शिक्षिकाओं प्रतिमा दुबे, मालती, तीक्ष्णा, रिचा चौधरी , हुदा खान, लक्ष्मी रानी, पूजा चाहर, डौली कुमारी , रूपाली तिवारी ने खुशी जाहिर करते हुए छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। पहले बैच सफलता हासिल करने वाली छात्राओं में अंबिका ने प्रथम, रितु सिंह द्वितीय, मोहिनी और मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त प्राप्त कर विद्यालय का नाम एवं अपनी शिक्षिकाओं का नाम रोशन किया। सभी शिक्षिकाओ ने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण बहनों को मिठाई ह् खिलाकर निरंतर आगे एवं नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। सभी छात्राओं के चेहरे पर सफलता की खुशी देखते ही बन रही थी।

# सशर्त अनुमोदित प्रबंध समिति को कड़ी चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** गंभीर गबन के आरोपों पर दंडात्मक कार्यवाही के लिए विश्वविद्यालय, उप्र शासन एवं महाविद्यालय प्रशासन स्वतंत्र सशर्त अनुमोदित प्रबन्ध समिति उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश को अपने पक्ष में मान रही है जबकि दूसरी ओर उच्च न्यायालय का आदेश पूर्णतः गबनकर्ताओं के खिलाफ है।

बीएसए कॉलेज, मथुरा एक अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय है जिसका संचालन पिछले लगभग 1.5 दशक से एकल संचालन के माध्यम से ही चल रहा था। भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की कुलपति महोदया ने 09 शर्तो के अधीन धीरेन्द्र कुमार अग्रवाल की प्रबन्ध समिति को दिनांक 17.10.2025 को सशर्त अनुमोदन प्रदान किया था। लेकिन सैकड़ों करोड़ों रूपये के घोटालों की जांचों के चलते सशर्त अनुमोदित प्रबन्ध समिति महाविद्यालय में कार्य करने से

**■ बीएसए कॉलेज प्रकरण में हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश**



कतरा रही थी। महाविद्यालय में कार्य करने के लिए जिला प्रशासन, विश्वविद्यालय प्रशासन का सहयोग मांगा जा रहा था परन्तु गबन के आरोपों के दृष्टिगत किसी भी सक्षम अधिकारी के द्वारा इन्हें सहयोग नहीं मिल पा रहा था।

हाल ही में उत्तर प्रदेश शासन के गृह विभाग के आदेश पर एसटीएफ फील्ड यूनिट आगरा के द्वारा गंभीर वित्तीय अनियमितताओं/गबन की जांच की गई जिसमें सशर्त अनुमोदित प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों को दोषी पाया गया और एसटीएफ के द्वारा जांच रिपोर्ट गृह विभाग को वैधानिक कार्यवाही सम्बन्धित विभाग द्वारा किये जाने हेतु संस्तुति की गई। बीएसए कॉलेज, मथुरा की गंभीर वित्तीय अनियमितताओं/गबन की जांच शासन के निर्देश पर संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ.शि.), उत्तर प्रदेश प्रयागराज के द्वारा की गई जिसमें जांचोपरान्त अनानुमोदित प्रबन्ध समिति के अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा महाविद्यालय के खातों से अवैध हस्तानांतरित धनराशि एवं महाविद्यालय की जमीन को खुर्द-बुर्द करने का प्रकरण निदेशालय/शासन के संज्ञान में लाकर शासन दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध उचित विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की जा चुकी है। महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न ऑडिट रिपोर्टों में भी सशर्त अनुमोदित प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों को कई सौ करोड़ रूपये की वित्तीय अनियमितताओं का दोषी पाया गया है। ऑडिट रिपोर्टों का संज्ञान लेकर उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर शिक्षा निदेशक (उ.शि.) के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 40 के अन्तर्गत विशेष ऑडिट की कार्यवाही तीन सदस्यीय ऑडिट टीम के द्वारा पूर्ण की जा चुकी है।

# फरह थाने में तैनात दरोगा की धमकी से परेशान दलित पीड़ित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना फरह में तैनात दरोगा थाना क्षेत्र के रहने वाले दिल्ली पुलिस के रिटायर कर्मचारी जो अपने गांव में एक विद्यालय का संचालन करते हैं जिसके वह स्वयं प्रबंधक भी हैं स्थानीय निवासी एक व्यक्ति ने दान पत्र 10 वर्ष पूर्व इस आशा के साथ लिख कर दिया हमारी जमीन को विद्यालय के प्रयोग में लाया जाए तभी से उक्त जमीन विद्यालय के कब्जे में है पर फर्जी बैनामा कराकर जमीन हथियाने वाले

व्यक्ति से नाजायज प्रभावित होकर दरोगा जी दलित समाज के विद्यालय प्रबंधक को अकारण परेशान कर रहे हैं और उनके साथ कोई भी अनहोनी करने के फिराक में है। जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस से रिटायर कर्मचारी सोहनलाल पुत्र यादराम निवासी झुडावई थाना फरह जिला मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय आकर उन्हें प्रार्थना

**■ पीड़ित का आरोप दरोगा जी दे रहे हैं पुत्र का एनकाउंटर और फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी**

पत्र देकर अपनी समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। पीड़ित सोहनलाल जो अनुसूचित जाति की जाटव जाति से हैं उन्होंने पत्र प्रतिनिधि को बताया थाना फरह में तैनात उप निरीक्षक अमित कुमार चौहान पर आरोप लगाया उक्त दरोगा जी प्रार्थी को सार्वजनिक रूप से मेरे पुत्र ललित परिवार सहित जो गांव में मेरे साथ रहता है। को एनकाउंटर कर झूठे मुकदमे में जेल भेजना की धमकी दे चुके हैं इसी कारण वह और उनके परिवार भयभीत है। पीड़ित से जब पूछा गया आखिर आपके साथ दरोगा अमित कुमार चौहान की क्या दुश्मनी है इस पर उन्होंने बताया गांव में एक विद्यालय उन्होंने रिटायरमेंट के बाद बनवाया है।

# शादी समारोह में बेल्ट-डंडों से मारपीट का वायरल वीडियो

**उरई (जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना स्थित एक शादी समारोह में गाने-बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले में 12 नामजद व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 अप्रैल की रात करीब 1 बजे अम्बेडकर स्कूल और पास स्थित शिवानी गार्डन में अलग-अलग परिवारों के शादी समारोह चल रहे थे। इसी दौरान गाने-बजाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गया। आरोप है कि दोनों पक्षों के लोग बेल्ट, डंडों और पत्थरों से एक-दूसरे पर हमला करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

# 'मजबूत पंचायतें ही मजबूत भारत की नींव'

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जनपद के माधौगढ़ विकास खंड के ग्राम सिरसा दोगढ़ी में अनुरागिनी संस्था द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर 'समृद्ध पंचायत उत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ ग्राम शपथ अभियान का शुभारंभ किया गया तथा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में कुल 382 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं दवा का वितरण किया गया वहीं स्वच्छ ग्राम शपथ अभियान के अंतर्गत महिलाओं ने ग्राम को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माधौगढ़ विधानसभा के विधायक मूलचंद्र निरंजन उपस्थित



**■ सिरसा दोगढ़ी में समृद्ध पंचायत उत्सव में ग्रामीणों ने लिया प्लास्टिक मुक्त ग्राम का संकल्प**

रहे। उन्होंने कहा कि 'मजबूत पंचायतें ही मजबूत भारत की नींव हैं। जब गांव स्वच्छ, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी वास्तविक विकास संभव होगा। महिलाओं की भागीदारी और जनसहयोग से ग्राम विकास को नई दिशा मिलती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य केवल सरकारी योजनाएं नहीं, बल्कि जनआंदोलन हैं। पंचायत स्तर पर ऐसे आयोजन ग्रामीण विकास को गति देते हैं और लोगों में जागरूकता बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि 'सशक्त पंचायत ही समृद्ध गांव की पहचान है। जब ग्राम स्तर पर स्वच्छता, स्वास्थ्य और जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जाती है, तभी वास्तविक विकास संभव होता है। पंचायतों को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### संजय और प्रतीक बने डाक खेल नियंत्रण बोर्ड के सदस्य

**गोरखपुर (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश परिमंडल डाक खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पोस्टमास्टर एवं प्रधान डाकघर गोरखपुर के जन संपर्क अधिकारी प्रतीक पांडे को उत्तर प्रदेश पोस्टल स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का सदस्य नामित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य डाक विभाग के कर्मचारियों के बीच से कुश्ती, क्रिकेट,शतरंज आदि खेलों के लिए प्रतिभाओं को खोजना, निखारना और खेल भावना विकसित करना है , खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण और बेहतर खेल बुनियादी ढाँचा उपलब्ध कराना है। राज्य और राष्ट्रीय स्तर की डाक खेल प्रतियोगिताओं का सफल संचालन करना है। खेलों के माध्यम से कर्मचारियों में अनुशासन, स्वास्थ्य और टीम वर्क की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर मनोनीत सदस्य संजय राय पहलवान ने कहा कि 'खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन और ऊर्जा का स्रोत हैं।




### मां बगलामुखी जयंती पर भक्ति का उमड़ा सैलाब

**बिंदकी / फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** बिंदकी में मां बगलामुखी जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान प्रसाद एवं शरबत का वितरण किया गया तथा अखंड चालीसा पाठ का आयोजन भी हुआ। श्रद्धालुओं का मानना है कि मां बगलामुखी देवी अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। जानकारी के अनुसार, बिंदकी कस्बे के मुगल रोड स्थित नगर पालिका भवन के बगल में श्री हनुमान मंदिर परिसर में श्री पीतांबरा माई सेवा मंडल द्वारा पूजन, भोग, प्रसाद वितरण एवं शरबत वितरण किया गया। इस मौके पर श्याम ओमर, ओम जी हिंदू, आशीष साहू, राहुल गुप्ता, हर्षित गुप्ता, दुर्गेश, अवधेश साहू, आलोक साहू, दीनू सविता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# देश की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही : डॉ विनोद

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** सरकार ने महिला आरक्षण लागू करने के लिए संशोधन बिल लाया, लेकिन विपक्ष ने इसके खिलाफ वोट किया। महिला आरक्षण की राह में विपक्ष ने रोड़ा अटकाने का काम किया है । इसके लिए देश की महिलाएं कभी विपक्ष को माफ नहीं करेंगी। उन्होंने इसे देश की महिलाओं के साथ धोखा बताया। उक्त बातें ब्लॉक धनुपुर में आयोजित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति प्रमाण पत्र बाटने के दौरान बीजेपी सांसद डॉ विनोद बिंद ने कही। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद डॉ विनोद बिंद ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे जा रही । आज ही यूपी बोर्ड का रिजल्ट निकला है जिसमे छात्राएं टॉप पर रही है । हम नियुक्ति प्रमाण पत्र नही दे रहे है बल्कि जो भारत के भविष्य है आने वाली पीढियां है देश

**■ आंगनबाड़ी सहायिकाओं को बाटें गए नियुक्ति प्रमाण पत्र**

को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधनमंत्री मोदी से कहा करते है कि हमारा युवा स्वस्थ रहेगा तो हमारा भारत सशक्त रहेगा। हमारी बेटियां की जितनी भागीदारी बढ़ेगी उतना हमारा देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि पूर्वर्ती सरकारों में भी योजनाएं थी लेकिन कोई पारदर्शिता नही थी। कभी पता ही नही चला कब नियुक्ति हुई कब प्रमाण पत्र बटे और किसकी नियुक्ति हुई। सभी योजनाएं कागज के पन्नो तक ही सीमित रही। लेकिन बीजेपी सरकार में सारी योजनाएं धरातल पर दिखाई देती है हर विभागों में पारदर्शिता है। पहले की सरकारों ने गरीबो के लिए रोटी, कपड़ा व मकान देने का दम्भ भरती है लेकिन गरीबो को न रोटी मिला और न मकान और न ही कपड़ा। कहा कि मोदी जी ने जबसे देश का कमान संभाले है उन्हों के कहा कि जितना रोटी की, कपड़ा कीव मकान की जरूरत है उसके साथ ही शिक्षा व चिकित्सा भी जरूरी है।

# जालौन में रेलवे रिजर्वेशन खिड़की बंद, जनता परेशान

**उरई (जालौन)।** नगर में स्थित डाकघर की रेलवे टिकट रिजर्वेशन खिड़की लंबे समय से बंद होने के कारण क्षेत्रीय जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मुहम्मद अशफाक राईन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जनहित याचिका भेजकर खिड़की को तत्काल पुनः चालू कराने की मांग की है।

याचिका में बताया गया है कि पहले डाकघर में संचालित इस सुविधा से विकलांग, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और आम लोगों को अपने ही नगर में रेलवे टिकट आसानी से मिल जाता था। कोरोना काल के दौरान ट्रेनों के बंद रहने और मशीन खराब होने के कारण यह सेवा बंद हुई थी। हालांकि वर्ष 2025 में मशीन ठीक होने के बाद भी झांसी मंडल के अधिकारियों द्वारा इसे अब तक शुरू नहीं किया गया है।

# मानव एकता दिवस करुणा प्रेम और सह-अस्तित्व का सजीव उत्सव : निरंकारी संत

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अंजाने लोगों से खून का रिश्ता जोड़ने के लिए वह अलग अलग शहरों से आए मथुरा और पहुंच गए हाइवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर आयोजित रक्तदान शिविर में, जहां उन्होंने विपरीत मौसम तपती गर्मी की परवाह किए बगैर उत्साहपूर्वक मानवहित में स्वेच्छा से रक्तदान कर परोपकार की भावना को उजागर किया।

निरंकारी मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि सतुगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से आध्यात्मिक वातावरण में हुए रक्तदान शिविर में मथुरा जोन के अलीगढ़, सादाबाद, हाथरस, फरह, नंदगांव, कोसीकलां के साथ ही भीलवाड़ा, भरतपुर, रेवाड़ी, आगरा आदि स्थानों से आए 137 निरंकारी सेवादार भक्तों ने नामांकन कराया, जबकि 96 भक्तों ही रक्त लिया जा सका। शिविर का उद्घाटन रेवाड़ी से आए निरंकारी प्रचारक संत डा कमल सिंह जी तथा



**■ मथुरा में निरंकारी भक्तों ने किया उत्साहपूर्वक रक्तदान**

मथुरा के जोनल इंचार्ज श्री एच के अरोड़ा जी ने किया।

निरंकारी सेवादल के क्षेत्रीय संचालक अजय यादव, सेवादल संचालक श्री अशोक दयालु और शिक्षक श्री योगेश कुमार के साथ समस्त सेवादल के सदस्य जहां व्यवस्थाओं में जुटे रहे, वहीं रक्तदान में भी आगे रहे। शिविर में मथुरा के महर्षि दयानंद सरस्वती जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की डा. गीता सिंह के नेतृत्व में परामर्शदाता शुशीला शर्मा सहित दस सदस्यीय स्टाफ टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से रक्तदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई। जिनसे 96 रक्त युनिट संकलित की गई। संपूर्ण आयोजन के दौरान स्वच्छता, सतर्कता एवं सेवा-भाव का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह पहल केवल जीवनदायिनी सेवा तक सीमित न रहकर मानवता, करुणा और उत्तरदायित्व के उच्चतम आदर्श का प्रतीक बनकर उभरी।

# 'वायरल पत्र' बना चर्चा का विषय, 'सत्तो लफंगा' पर गंभीर आरोप

**मथुरा।** मथुरा से जुड़ा एक शिकायत पत्र इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह पत्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को संबोधित बताया जा रहा है, जिसमें 'सत्तो लफंगा उर्फ एस.के. शर्मा' नामक व्यक्ति पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वायरल पत्र में दावा किया गया है कि आरोपी तंत्र-मंत्र, झाड़-फूंक और कथित रूप से नशीले/मिलावटी पदार्थों का इस्तेमाल कर लोगों को अपने प्रभाव में लेकर ठगी और आर्थिक शोषण करता है। साथ ही आरोप है कि वह दबंगई के बल पर लोगों को डराता-धमकाता है और विरोध करने वालों को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश करता है। पत्र में यह भी कहा गया है कि आरोपी का राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ाव रहा है और वह अलग-अलग समय पर विभिन्न दलों के संपर्क में रहा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि इसी प्रभाव के चलते उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

# विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जनपद में कानून-व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से आज इकलासपुरा चौराहा क्षेत्र में यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

चेकिंग के दौरान एक प्राइवेट कार, जिसको अवैध रूप से सवारी बुक करके कानपुर ले जाया जा रहा था जांच में पाया गया कि उक्त वाहन का उपयोग नियमों के विरुद्ध किराए पर सवारी ढोने के लिए किया जा रहा था। मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन के चलते वाहन को तत्काल प्रभाव से सीज किया गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। व साथ में अन्य एक ब्लैक फिल्म लगी कार को रोक कर उस पर भी कार्यवाही की गई तथा और भी वाहनों की चेकिंग की गई



हुई। इसके साथ ही, क्षेत्र में पटाखा साइलेंसर (तेज/विस्फोटक ध्वनि उत्पन्न करने वाले) लगी बुलेट मोटरसाइकिलों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। ऐसे वाहनों के चालान काटे गए और कुछ मामलों में वाहन जब्त भी किए गए। इसके अतिरिक्त, फॉल्टी, अस्पष्ट अथवा नियमों के विपरीत नंबर प्लेट लगाए गए वाहनों के खिलाफ भी सघन कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि यातायात की टीम दिन दोपहर रात्रि में गर्मी सर्दी और बरसात में सदैव आमजनमानस की सेवा में तत्पर रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती है।

# वृंदावन की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को बनी रणनीति

**मथुरा।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा परिक्षेत्र श्री मति अनुपमा कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में आगरा जोन कार्यालय में महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें वृंदावन क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाने पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने, जाम की समस्या को कम करने तथा शहर की समग्र व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने ट्रैफिक प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र शैलेश पांडेय मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) मथुरा व्रजेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में तेजी लाने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) का निरीक्षण किया और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों आवश्यक को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निकायवार सर्वे, सत्यापन, स्वीकृति एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति का गंभीरता से अवलोकन किया। प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार जनपद में कुल 42,765 आवेदनों का सत्यापन हेतु प्रेषण किया गया, जिसमें से 16,597 का सत्यापन पूर्ण हो चुका है। इनमें 10,987 लाभार्थी पात्र, 3,661 अपात्र तथा 1,949 प्रकरण नॉट फाउंड पाए गए। पात्र लाभार्थियों में से 6,638 आवास स्वीकृत (Sanctioned DU s) किए जा



**■ लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण व पात्र लाभार्थियों को आवास स्वीकृति सुनिश्चित करने के निर्देश**

चुके हैं, जबकि 4,349 प्रकरण डीपीआर हेतु लंबित हैं। इसके अतिरिक्त 26,168 प्रकरणों की रिपोर्ट नगर निकायों से अभी भी लंबित पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए लबिंत आवेदन शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए। उरई नगर निकाय में सर्वाधिक 23,735 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 7,098 सत्यापित, 5,024 पात्र तथा 16,637 प्रकरण लंबित हैं। जालौन नगर में 7,147 आवेदन, कालपी में 2,300, कोंच में 2,261, कदौरा में 1,031, कोटरा में 1,073, माधौगढ़ में 973 तथा एट में 1,607 आवेदन दर्ज किए गए हैं, जहां विभिन्न स्तरों पर सत्यापन व स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगर निकायों में पात्र लाभार्थियों का सत्यापन शीघ्र पूर्ण कर उन्हें आवास स्वीकृति से जोड़ा जाए।

# सैनी समाज का धरना प्रदर्शन आज

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना जैंत के ग्राम राजपुर में सैनी सभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट महेश सैनी के घर पर 21 अप्रैल को हुई फायरिंग और पुलिस की एकतरफा कार्यवाही के विरोध में आज सैनी समाज ने बड़े आन्दोलन का ऐलान किया है।

चामुंडा कॉलोनी स्थित महाराजा सूर्यसेन सैनी पब्लिक स्कूल में सैनी सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद लक्ष्मण सैनी की अध्यक्षता तथा ओमप्रकाश सैनी के संचालन में पंचायत आयोजित हुई। पंचायत में बताया गया कि दिनांक 21 अप्रैल 2026 को जिलाध्यक्ष महेश सैनी के राजपुर स्थित आवास पर पूर्व विधायक कारिंदा सिंह के रिश्तेदार एवं भाजपा समर्थकों सहित दर्जनों हथियारबंद लोगों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दहशत फैलाई। आरोप है कि थाना जैंत पुलिस ने पीड़ित सैनी समाज की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत नहीं किया, बल्कि उल्टा एकतरफा कार्यवाही कर पीड़ित पक्ष को ही परेशान किया जा रहा है। पुलिस की इस कार्यवाही से आक्रोशित सैनी समाज

**■ जिला प्रशासन को पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ जिला अधिकारी को दिया जाएगा ज्ञापन**

के सजातीय बंधुओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दिनांक 27 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजे से राजकीय छात्रावास स्थित वट वृक्ष के नीचे महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर दोषियों पर तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की जाएगी। एकतरफा कार्यवाही के खिलाफ आक्रोश व्यक्त कर धरना-प्रदर्शन का संकल्प लेने वालों में पार्षद लक्ष्मण सैनी, बाबू लाल सैनी, रमेश चंद्र सैनी पीडब्ल्यूडी वाले, अनिल सैनी, बुद्धि लाल सैनी, पूर्व प्रधान पवन सैनी, शरद सैनी, मुकेश सैनी, ओमप्रकाश सैनी, विष्णु सैनी, क्षम्मन लाल सैनी, संतोष सैनी, घनश्याम सैनी, पवन सैनी, श्याम लाल सैनी, राजेन्द्र प्रसाद सैनी, ओमप्रकाश, अशोक सैनी, ओमवीर सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे।

# स्वयं प्लेटफॉर्म पर भाषा विवि का पहला कोर्स चयनित

अवधनामा संवाददाता



- डॉ. रुचिता चौधरी का MOOC जुलाई से प्रसारित
- मैनेजमेंट कम्यूनिकेशन कोर्स हिंदी में उपलब्ध होगा
- डिजिटल शिक्षा में विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि
- 9 सप्ताह का 4 क्रेडिट पाठ्यक्रम छात्रों के लिए उपयोगी
- प्रबंधन संचार कौशल पर आधारित होगा ऑनलाइन कोर्स
- कुलपति ने उपलब्धि को बताया गौरवपूर्ण
- स्वयं पर दूसरा कोर्स लेकर आई डॉ. रुचिता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. रुचिता सुजय चौधरी का ऑनलाइन पाठ्यक्रम 'मैनेजमेंट कम्यूनिकेशनः कॉनसेप्ट्स, स्किल्स एंड एप्लिकेशंस' प्रतिष्ठित स्वयं प्लेटफॉर्म के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह कोर्स जुलाई 2026 से स्वयं प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह विश्वविद्यालय का पहला पाठ्यक्रम है जिसे स्वयं प्लेटफॉर्म के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है और यह यूजीसी स्वयं गाइडलाइंस 2024 के अनुरूप तैयार किया जा रहा है।

यह पाठ्यक्रम प्रबंधन संचार के मूलभूत सिद्धांतों, मॉडलों और प्रक्रियाओं पर आधारित है, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों जैसे योजना निर्माण (Planning), संगठन, नेतृत्व और नियंत्रण में संचार की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। कोर्स में संचार के विभिन्न आयामों को शामिल करते हुए वास्तविक कार्यस्थल में उनके व्यावहारिक उपयोग पर विशेष जोर दिया गया है।

डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने बताया कि इस पाठ्यक्रम के माध्यम से शिक्षार्थी मौखिक, अमौखिक और लिखित संचार कौशलों का गहन अध्ययन करेंगे। इसमें व्यावसायिक पत्राचार, रिपोर्ट लेखन, प्रस्तुतीकरण, बैठकों का संचालन, वार्ता तथा विवाद समाधान जैसे महत्वपूर्ण कौशलों को व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ समझाया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि यह पाठ्यक्रम व्यापक शिक्षार्थियों को ध्यान में रखते हुए तथा क्षेत्रीय भाषाओं के प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी भाषा में तैयार किया जा रहा है, जिससे अधिकाधिक विद्यार्थियों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

यह कोर्स कुल 9 सप्ताह का होगा, जो स्वयं दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया है। पाठ्यक्रम 4 क्रेडिट का है और डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। मूल्यांकन प्रणाली में 25 प्रतिशत अंक साप्ताहिक आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर तथा 75 प्रतिशत अंक अंतिम परीक्षा के लिए निर्धारित किए गए हैं। कोर्स का अध्ययन माध्यम वीडियो व्याख्यान, पीडीएफ सामग्री एवं टेक्स्ट आधारित सामग्री होगा, जिससे शिक्षार्थियों को बहुआयामी अधिगम का अवसर प्राप्त होगा। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने डॉ. रुचिता सुजय चौधरी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के साथ-साथ लखनऊ एवं प्रदेश के लिए गौरव का विषय है, साथ ही डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की बढ़ती भूमिका को भी दर्शाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कोर्स देशभर के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और प्रबंधन संचार के क्षेत्र में उनकी समझ को और सुदृढ़ करेगा। उल्लेखनीय है कि यह डॉ. चौधरी का दूसरा मूक पाठ्यक्रम है।

## 8 अप्रैल से दिव्यांगजनों के चिन्हांकन हेतु विशेष शिविर

**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जनपद देवरिया के सभी विकास खंडों में विशेष चिन्हांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना है। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि शिविरों में ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, स्मार्ट केन सहित अन्य कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के लिए पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया जाएगा। साथ ही शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दिव्यांग पेंशन, दुकान निर्माण/संचालन योजना तथा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट हेतु भी पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन किया जाएगा। यह शिविर जनपद के सभी विकास खंडों में 28 अप्रैल से 30 मई 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित होगा।

# आकाश एजुकेशन सेंटर के विद्यार्थियों ने जिले का नाम रोशन किया

- हाईस्कूल के छात्र अनीस ने किया जिला टॉप तो इण्टर मीडिएट के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



आकाश एजूकेशन के मेधाबी एवं मौजूद प्रबन्धक व प्रधानाचार्य।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आकाश एजुकेशन सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने इस वर्ष शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी प्रतिभा का कीर्तिमान स्थापित किया है। दोनों कक्षाओं के छात्रों ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

बताते चलें कि कक्षा 10 में छात्र अनीस ने 96.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अलौकिक राजपूत ने 94.83 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर अनुभव पांडेय रहे, जिन्होंने 94.5 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अतिरिक्त सम्राट अग्निहोत्री ने 93.99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नौवां स्थान प्राप्त किया तथा जय कृष्णा ने 93.17 प्रतिशत अंकों के साथ दसवां स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12 के परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहे। वैष्णवी गुप्ता ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। शगुन यादव ने 86.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अरशद ख़ान ने 85.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता से पूरे विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. राकेश कटियार ने सभी सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर एवं फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया।

# मिशन शक्ति केन्द्र में बेटी पिता के विवाद में कराई सुलह



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत नगर निवासी बेटी पिता के विवाद को लेकर स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में कार्उसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद को सुलझाकर दोनों की सहमति से समझौता कराया गया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी व अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में महिला कॉन्स्टेबल प्रियंका द्वारा आवेदिका लक्ष्मी सैनी पत्नी विजय कुमार निवासी मोहल्ला विजय नगर के प्रार्थना पत्र पर पिता को मिशन शक्ति केन्द्र पर बुलबाकर समझा बुझा कर काउंसलिंग कराकर दोनों पक्षों में बिजली के बिल को लेनदेन को लेकर समझौता कराने के उपरान्त सकुशल रवाना किया गया। इस दौरान महिला कांस्टेबल प्रियंका ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर परिवारिक विवादों को आपसी संवाद से सुलझा कर सकुशल रवाना किया जा रहा है।

# पंचायती राज दिवस पर कन्नौज बना मिसाल

- प्रदेश का पहला मॉडल युवा ग्राम सभा आयोजन सफल

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जनपद की तहसील छिबरामऊ क्षेत्र स्थित भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज, सिकंदरपुर में मॉडल युवा ग्राम सभा एवं ईएलपी-पीडीएस प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, कन्नौज के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें 100 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी, चेयरमैन सिकंदरपुर हरिहर सिंह, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पांडे, जिला महामंत्री एबीवीपी शुभम विद्यार्थी एवं विद्यालय प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने युवाओं को मॉडल युवा ग्राम सभा की अवधारणा से अवगत कराते हुए बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया गया है और इसकी शुरुआत जनपद कन्नौज से की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में प्रशासनिक समझ, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने में सहायक होते हैं। वहीं चेयरमैन हरिहर सिंह ने कहा कि मॉडल युवा ग्राम सभा युवाओं को अपनी स्थानीय समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखने का सशक्त मंच प्रदान करती है। जिला विद्यालय निरीक्षक के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा मॉडल युवा ग्राम सभा का सजीव मंचन किया गया, जिसमें उन्होंने सरपंच, सचिव, वार्ड सदस्य, ग्राम विकास अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की भूमिका निभाते हुए ग्राम सभा की संपूर्ण कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं ने गांव की वास्तविक समस्याओं जैसे सड़क, नाली, पानी, रोजगार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को उठाया तथा उन पर विचार-विमर्श कर समाधान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन श्रेष्ठ वक्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही ईएलपी-पीडीएस प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में चक्रेश पांडे, दीपक कुमार, श्याम सुंदर, लोकेश दुबे, सुमित कुमार, आदर्श कुमार, विकास एवं समस्त विद्यालय स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। वही मंच संचालन मे विद्यालय की अध्यापिका अंजना बजपाई की विशेष सहभागिता प्राप्त हुई।

## बोर्ड परीक्षा में मेधावियों ने मारी बाजी, क्षेत्र का बढ़ाया मान




**करनैलगंज, गोंडा (अवधनामा संवाददाता)** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम बोर्ड द्वारा जारी कर दिये गए हैं जिसमें हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र एवं छात्राओं ने बाजी मारी है और सफलता का श्रेय अपने नाम कर क्षेत्र तथा परिजनों के साथ विद्यालय का भी मान बढ़ाया है, इसी क्रम में नगर के मोहल्ला गाड़ी बाजार के रहने वाले मो0 जुबेर अंसारी की बेटी ने इंटरमीडिएट में 89.6% नम्बर हासिल कर पी एस मेमोरियल में टॉप रंक का सेहरा अपने नाम किया है, उनके अलावा मोहम्मद अहमद पुत्र मोहम्मद जुनैद ने 81% व मोहम्मद हुजैफा ने 82% नम्बर हासिल करके परिजनों व कॉलेज का गौरव बढ़ाया है, हाईस्कूल परीक्षा में दयानंद बाल मन्दिर स्कूल के रियान अंसारी द्वारा 78% नंबर हासिल किया गया, सभी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है, रियान अंसारी ने बताया है कि भविष्य में उनका लक्ष्य डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है ।

## एम.बी.एम. गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन



**संभल/सिरसी (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित वर्ष 2026 के परीक्षा परिणामों में एम.बी.एम. गर्ल्स इंटर कॉलेज, सिरसी की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस वर्ष भी छात्राओं का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। हाईस्कूल (कक्षा 10) की छात्रा आयात सय्यादा ने 77.5% अंक प्राप्त कर विद्यालय में विशिष्ट स्थान बनाया है। उनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार और परिजनों में खुशी की लहर है। छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय प्रशासन ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रधानाचार्या और शिक्षकों ने मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की ओर से कहा गया कि छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि एम.बी.एम. गर्ल्स इंटर कॉलेज सिरसी लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह का प्रदर्शन अन्य बालिकाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय अपनी छात्राओं को बेहतर शिक्षा और अनुशासन देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। प्रबंधन, एम.बी.एम. गर्ल्स इंटर कॉलेज इस उपलब्धि पर सिरसी क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और शिक्षाविदों ने भी छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को शुभकामनाएं दी हैं।

## डीएम दिव्या मित्तल के निर्देशन में 28 अप्रैल से दिव्यांगजनों के चिन्हांकन हेतु विशेष शिविर

देवरिया **(अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जनपद देवरिया के सभी विकास खंडों में विशेष चिन्हांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना है। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि शिविरों में ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, स्मार्ट केन सहित अन्य कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के लिए पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया जाएगा। साथ ही शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दिव्यांग पेंशन, दुकान निर्माण/संचालन योजना तथा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट हेतु भी पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन किया जाएगा। यह शिविर जनपद के सभी विकास खंडों में 28 अप्रैल से 30 मई 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित होगा।

## नन्हें कदमों को मिला सुरक्षा कवच

**रुद्रपुर (देवरिया)।** ग्राम रामचक स्थित प्रत्युष विहार विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित टीकाकरण अभियान के तहत कक्षा 1, 4 एवं 5 के बच्चों को डीपीटी-टीडी का टीका लगाया गया। एएनएम अम्बिता पाण्डेय की देखरेख में चले इस कार्यक्रम में बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी वैक्सीन दी गई।

इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने बच्चों को टीकाकरण के महत्व के बारे में सरल भाषा में समझाया और स्वच्छता, पोषण व नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह टीका डिप्थीरिया और टेटनस जैसी खतरनाक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राणाप्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है और इस तरह के अभियान उनके सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं। उन्होंने अभिभावकों से समय पर बच्चों का टीकाकरण कराने की अपील भी की।

# उन्होनें सदैव गरीबों व कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता की थी



अवधनामा संवाददाता

- पूर्व विद्यायक नें श्रद्धेय कप्तान सिंह यादव की पुण्यतिथि पर नमन किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विद्यायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रहे स्वर्गीय कप्तान सिंह यादव ने सदैव ही गरीबों, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों के हितों के लिये आबाज बुलंद करते हुये क्षेत्र में विकास की गंगा बहानें के साथ साथ जन कल्याण के कार्यो को अंजाम देकर गरीबों के कष्टों को दूर करनें का कार्य किया था। यह बात शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग स्थित कप्तान सिंह महाविद्यालय में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक रहे जननायक कप्तान सिंह यादव की 14 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करनें के उपरान्त पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कही। कहा कि उन्होनें क्षेत्र में समाजवाद की अलख जगानें का कार्य किया था। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र सिंह यादव एवं समाजवादी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करनें के उपरान्त कहा कि दोनों जनपदों के प्रसिद्ध समाजवादी पार्टी संस्थापक सदस्य श्रद्धेय कप्तान सिंह यादव ने सदैव गरीबों व कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता की थी। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सोनू यादव, राकेश कठेरिया, बीपी यादव, मुकेश कुशवाहा, जितेंद्र सिंह, अंकुर यादव, अजीम सिददीकी, अमन खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत पासिंग आउट परेड का फाइनल पूर्वाभ्यास सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** सम्भल मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत /पासिंग आउट परेड' का फाइनल पूर्वाभ्यास सम्पन्न सम्भल के ईश्वर दास टेक्निकल इन्सटीट्यूट, बहजोई मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण उपरांत आयोजित होने वाली 'दीक्षांत/पासिंग आउट परेड' का पूर्वाभ्यास उत्साह एवं अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा परेड की सलामी ली गई।

इसके उपरांत परेड का निरीक्षण किया। परेड में शामिल रिक्रूट आरक्षियों द्वारा उत्कृष्ट तालमेल, अनुशासन एवं ड्रिल का उच्च गुणवत्ता का प्रदर्शन किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय ने परेड की विभिन्न व्यवस्थाओं–परेड गठन, कमांड एवं कंट्रोल, ड्रेस, कदमताल तथा सुरक्षा प्रबंध का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। रिहर्सल के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों को देश की सेवा, अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण तथा भारतीय संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई, जिससे उनके भीतर कर्तव्यबोध एवं राष्ट्रसेवा की भावना और सुदृढ़ हो सके। इस अवसर पर महोदय ने सभी प्रशिक्षुओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और मनोयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार, आरटीसी प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेधावियों के सम्मान से महका माँ राम श्री उदय भान सिंह इंटर कॉलेज परिसर



अवधनामा संवाददाता

- हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर्स का हुआ भव्य सम्मान

**फतेहपुर।** आबूनगर (केशव कुंज), फतेहपुर स्थित माँ राम श्री उदय भान सिंह इंटर कॉलेज में शुक्रवार को मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूपी बोर्ड हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) एवं इंटरमीडिएट (कक्षा 12वीं) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. के.बी. सिंह एवं प्रबंधन से जुड़े ध्यान सिंह ने मेधावियों को पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह के दौरान उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनके अभिभावकों ने भी गर्व महसूस किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने तालियों की गूंज के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन ने पूरे विद्यालय परिसर को गौरव और प्रेरणा के वातावरण से सराबोर कर दिया।

# महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ सपा का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया (रुद्रपुर)** मुकेश रुंगटा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर शुक्रवार को रुद्रपुर तहसील क्षेत्र में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सपा नेता प्रदीप यादव के नेतृत्व में सेमरौना पुल चौराहे पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यहां से सभी कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में तहसील परिषद पहुंचे। 'महंगाई कम करो ', 'बेरोजगारी खत्म करो' जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। तहसील परिसर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर विरोध जताया। इस दौरान सपा नेताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की समस्याओं को सुनने के बजाय उन्हें नजरअंदाज कर रही है। इसके बाद सपा प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जिसमें जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान की मांग की गई। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष प्रत्याशी रहे लल्लन गुप्ता, शशांक शेखर गुप्ता, रमेश मिश्रा, राम केवल यादव, राजेश गुप्ता, सिकंदर यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकियू की बैठक में किसानों की समस्याओं पर मंथन, आंदोलन की रूपरेखा तय

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन की बैठक जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल की अध्यक्षता में नहर कॉलोनी में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान युवा जिला उपाध्यक्ष युसूफ तबरेज का जोरदार स्वागत किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 मई को स्वर्गीय महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि नहर कॉलोनी में श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इसके अलावा संगठन द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा भी तय की गई। जिसमें 1 मई को भिटौरा ब्लॉक के मिर्जापुर मिटारी, 5 मई को ऐराया ब्लॉक के धूमन कुआं, 8 मई को हसवा ब्लॉक के बहरामपुर तथा 13 मई को ऐराया ब्लॉक मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। नेताओं ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। इसकी जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इसके अलावा गेहूं खरीद केंद्रों पर अव्यवस्थाओं का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि किसानों का गेहूं भीग रहा है, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। ऐसे केंद्रों पर तत्काल खरीद सुनिश्चित करने की मांग की गई। वहीं स्मार्ट मीटर लगाए जाने से बढ़े बिजली बिलों पर भी नाराजगी जताई गई और इसे जनहित के खिलाफ बताया गया।

किसान नेताओं ने नहरों में तत्काल पानी छोड़े जाने और रात में हो रही बिजली कटौती बंद करने की भी मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, अशोक उत्तम, विवेक सिंह, पंकज साहू, विपिन सिंह, युसूफ तबरेज, संजीत सिंह, दीपक मौर्य, शुभम सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान नेता उपस्थित रहे।

# गर्मी की छुट्टियों में देवघर का बनाएं प्लान



यदि आप बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन की योजना बना रहे हैं, तो देवघर के आसपास स्थित अन्य प्रमुख स्थलों को भी अपनी यात्रा सूची में शामिल कर सकते हैं। इस लेख में बाबा धाम के अलावा बासुकीनाथ मंदिर, शिव गंगा घाट, तपोवन गुफा और त्रिकूट पर्वत जैसे महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थलों की जानकारी दी गई है।

समर वेकेशन के दौरान लोग अपने परिवार के साथ कहीं न कहीं घूमने जरुर जाते हैं। गर्मियों की छुट्टियों में दोस्तों या फिर परिवार के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। समर वेकेशन में आप भी अगर बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने के लिए जा रे हैं, तो जान लें, वहां और कौन-सी फेमस जगहें। जहां आप घूम सकते हैं। इस खबर के जरिए हम आपको बताएंगे कि बाबा बैद्यनाथ मंदिर के आसापास मौजूद खास जगहों के बारे में, जहां आप भी जाकर काफी इंजॉय कर सकते हैं।

**बासुकीनाथ मंदिर**

अगर आप इस बार गर्मियों की छुट्टियों में बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए जा रहे है, तो बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के करने के बाद आप बासुकीनाथ मंदिर जरुर जाएं। यह टेंपल बाबा बैद्यनाथ टेंपल के जैसा ही बना हुआ है, हालांकि यह ज्योतिर्लिंग से करीब 40 किलोमीटर पर स्थित है। इस जगह तक पहुंचने के लिए आपको ऑटो या रिक्शा ले सकते हैं या फिर आप कैब भी बुक कर सकते हैं।

**शिव गंगा घाट**

मंदिर के प्रांगण से कुछ ही दूरी पर यानी वॉकिंग डिस्टेंस पर शिव गंगा घाट मौजूद है, जो आपको एकदम बनारस के घाट तरह ही वाइब देखने को मिलेगा। यहां पर आप शांति के पल बिता सकते हैं और इसके साथ ही आसानी से टाइम स्पेंड भी कर सकते हैं। यहां आने के लिए आपको 10 रुपए में शेयरिंग ई-रिक्शा मिल जाएंगे या आप मंदिर से वॉक करते हुए भी जा सकती हैं। इस जगह पर शाम में होने वाली आरती का आप आनंद ले सकते हैं।

**तपोवन**

गुफा या पहाड़ी एरिया आपको काफी पसंद है, तो आप इस जगह पर जरुर जाएं। यह जगह बाबा बैद्यनाथ से कुछ ही दूरी पर स्थित है। तपोवन एक खूबसूरत जगह है, जहां आप पत्थरों के बीच से निकलकर एक ऐसी गुफा में पहुंच जाएंगे, यहां पर हनुमान जी का छोटा-सा मंदिर है और माना जाता है कि इसी जगह पर रावण ने तपस्या भी की थी, तो आपको यह सारी चीजें एक ही स्थान पर देखने को मिलेगी।

**त्रिकूट पर्वत**

आप चाहे तो त्रिकूट पर्वत के भी दर्शन कर सकते हैं। यह बाबा बैद्यनाथ मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित है। जहां की खूबसूरती आपका दिल जीत लेगी। यह थोड़ा पहाड़ी एरिया है, जो आपका दिल जीत लेगा। अगर आपको पहाड़ पंसद तो यह जगह आपको काफी पंसद आएगी।

## 3 दिन की ट्रिप

# मज़ा विदेश जैसा! ये 5 इंडियन डेस्टिनेशंस हैं कम बजट में एकदम परफेक्ट

कम बजट में 3 दिन की ट्रिप प्लान कर रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है, जिसमें गोवा, पुदुचेरी, और ऋषिकेश जैसी 5 बेहतरीन जगहों के बारे में बताया गया है, जहां आप वीकेंड पर विदेश जैसा अनुभव ले सकते हैं।

घूमने के शौकीन लोग हर बार कहीं न कहीं ट्रिप का प्लान बनाते रहते है। वीकेंड ट्रिप या 2-3 दिन के लिए लोग घूमने के लिए निकल ही जाते है। वैसे भी आज के समय में लंबी छुट्टी मिलना मुश्किल होता है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि 3 दिन की ट्रिप के लिए भारत की सबसे लोकप्रिय जगहों पर घूमने जा सकते हैं।

भारत में विविधता का देश माना जाता है, यहां पर घूमने के लिए एक से बढ़कर एक जगह है। आपका भी कहीं घूमने का मन है तो 3 दिन के लिए बैग पैक करके इन जगहों पर घूमने जा सकते हैं।

**गोवा**

अगर आप समुद्र किनारे सुकून के पल बिताना चाहते हैं और साथ ही शानदार नाइट लाइफ का आनंद लेना चाहते हैं, तो भारत में गोवा सबसे बेहतरीन विकल्प माना जाता है। छोटी छुट्टियों के लिए, खासकर 3 दिन की ट्रिप के लिए, यह जगह एकदम परफेक्ट है। यहां के मशहूर बीच जैसे बागा और कैलंगुट पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। साथ ही, यहां आपको ठहरने के लिए होटल और घूमने के लिए स्कूटी आसानी से किराए पर मिल जाती है।

**मैक्लोडगंज**

यदि आपको हिल स्टेशन पसंद है तो आप मैक्लोडगंज जा सकती हैं। बौद्ध मठ और तिब्बती कल्चर देखने को मिलेगा। इसके साथ ही आपको यहां ट्रेकिंग का मजा भी ले सकते हैं। कम बजट वालों के लिए यह जगहें बेहद ही खास है।

**पुदुचेरी**

पुदुचेरी को मिनी फ्रांस के नाम से भी जाना जाता है। यहां की रंगीन गलियां, खूबसूरत कैफे और शांत माहौल लोगों को खूब आकर्षित करते हैं। इस शहर की फ्रेंच शैली की इमारतें आपको विदेश जैसा अनुभव कराती हैं। यहां आप साइकिल या स्कूटी लेकर आराम से पूरे शहर की सैर कर सकती हैं और हर कोने का आनंद ले सकती हैं।

**उदयपुर**

राजस्थान वैसे भी अपनी भव्यता और खूबसूरती के लिए पूरे देश में मशहूर है, और यहां घूमने के लिए कई शानदार जगहें हैं। इन्हीं में से एक उदयपुर है, जिसे ÷झीलों का शहर÷ भी कहा जाता



है। अगर आप कुछ खास और शाही अंदाज का अनुभव करना चाहती हैं, तो उदयपुर आपके लिए बेहतरीन विकल्प है। यहां की शांत झीलें और शानदार महल हर किसी का दिल मोह लेते हैं।

**ऋषिकेश**

ऋषिकेश आज के समय में हर किसी का पसंदीदा ट्रैवल स्पॉट बन गया है। यह जगह खास तौर पर उन लोगों के लिए शानदार है, जो रोमांच और शांति दोनों का अनुभव एक साथ करना चाहते हैं। यहां आप रिवर राफ्टिंग और कैंपिंग जैसी एक्टिविटीज़ का आनंद ले सकती हैं, वहीं बंजी जंपिंग भी यहां काफी लोकप्रिय है। इसके अलावा गंगा नदी के किनारे बैठकर जो सुकून मिलता है, उसका एहसास ही अलग होता है।

# ट्रैवल टिप्सः मसूरी नहीं, यह छिपा हुआ स्वर्ग जाएं, मिलेगा सुकून

आज हम आपको उत्तराखंड के एक ऐसे Hidden Village के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां का नजारा आप चाह कर भी नहीं भूल पाएंगे। मसूरी, उत्तराखंड के सबसे बिजी और खूबसूरत हिल स्टेशन में से एक है। मसूरी में कितनी ही भीड़ क्यों न हो, लेकिन आपको यहां सुकून, शांति और खूबसूरती का एहसास हमेशा होगा। लेकिन जो लोग पहले भी मसूरी एक्सप्लोर कर चुके हैं। वह मसूरी के आसपास कोई नई, अगल और शांत जगह सर्च करते हैं। ऐसे में अगर आप भी कोई ऐसी जगह की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड के एक ऐसे Hidden Village के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां का नजारा आप चाह कर भी नहीं भूल पाएंगे।

**किमाड़ी गांव**

अगर सच में आप उत्तराखंड की खूबसूरती देखना चाहते हैं, तो आपको किमाड़ी गांव जाने का



प्लान करना चाहिए। यह उत्तरकाशी और देहरादून जिलों की पहाड़ियों में स्थित है। किमाड़ी गांव का नजारा देखने के बाद आप नैनीताल और मसूरी को भी भूल जाएंगे। आप यहां पर प्रकृति की असली खूबसूरती को देख सकेंगे। यह मसूरी के पास घूमने के लिए अच्छी जगह में से एक है।

किमाड़ी गांव से मसूरी की दूरी करीब 1 घंटे के आसपास है। अगर आपको रास्ते में ट्रैफिक नहीं मिलता है, तो आप 1 घंटे में यहां आराम से पहुंच जाएंगी।

**क्यों है खास**

किमाड़ी गांव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां आपको मसूरी जैसी भीड़ नहीं मिलेगी। यहां पर पर्यटक सिर्फ पहाड़ों की हवा, प्रकृति और शांत जीवन जीने के लिए आते हैं।

यहां के नजारा घने जंगल और सुंदर वादियों से घिरा हुआ है। बुरांश, देवदार और चीड़ के जंगल का नजारा देखकर आपका दिल खुश हो जाएगा।

इस गांव में आपको कॉटेज, छोटे-छोटे स्टे और ईको-स्टे मिलते हैं। वहीं यहां आपको स्थानीय लोग आपको मेहमानों की तरह बहुत प्यार देंगे।

आप किमाड़ी गांव में जो भी खाना खाएंगे, तो वह भी एकदम फ्रेश मिलेगा। दाल, रोटी, पहाड़ी सब्जियां और स्थानीय व्यंजन का लुत्फ उठा सकती हैं। इसके अलावा आप यहां पर मिनी ट्रेकिंग और झरने का भी खूबसूरत नजारा देख सकेंगी। इस गांव के पास कई छोटे झरने और हल्की-फुल्की ट्रेल्स हैं। जिन पर आप आसानी से वॉक किया जा सकता है। किमाड़ी गांव उत्तराखंड में एक छोटी सी पहाड़ी जगह है।

## हिडेन पीक्स ऑफ इंडिया

# दक्षिण भारत की इन 3 चोटियों पर है जन्नत का एहसास

जिन लोगों को एडवेंचर पसंद होता है, वह ट्रेकिंग जरूर करते हैं। जब भारत की सबसे खूबसूरत चोटियों की बात होती है, तो लोगों के मन में सिर्फ हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड का ख्याल आता है।

घूमने-फिरने का शौक तो सभी को होता है। जैसे ही कोई मौका आता है, लोग बैग उठाकर घूमने के लिए निकल पड़ते हैं। किसी को पहाड़ों पर जाना पसंद होता है, तो कोई बीच पर सुकून भरे पल बिताने जाता है। घूमने से हमारे मन को शांति मिलती है। वहीं भारत में ऐसी कई जगहें हैं, जहां का नजारा देखने लायक होता है। जिन लोगों को एडवेंचर पसंद होता है, वह ट्रेकिंग जरूर करते हैं। जब भारत की सबसे खूबसूरत चोटियों की बात होती है, तो लोगों के मन में सिर्फ हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड का ख्याल आता है।

हालांकि यह दोनों ही राज्य बेहद खूबसूरत हैं, लेकिन आज इस



आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी चोटियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां की ट्रेकिंग आपको एक बार जरूर करना चाहिए। कहा जाता है कि अगर आपको जीते जी स्वर्ग के दर्शन करना चाहते हैं, तो यहां जरूर आएं।

**कलसूबाई पीक, महाराष्ट्र**

महाराष्ट्र की खूबसूरती से तो आप सभी वाकिफ ही होंगे। नासिक जिले में स्थित कलसूबाई पीक दुनिया की सबसे खूबसूरत पीक में से एक है। यह करीब 5400 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इसकी ट्रेकिंग बरी के बेस गांव से शुरू होती है। जहां पर जाने के लिए लोहे की सीढ़ियां से एडवेंचर ट्रेक करके पहुंचा जा सकता है। जब आप इसकी पीक पर पहुंचेंगी, तो वहां पर आपको बेहद खूबसूरत और दिल थाम देने वाले नजारे देखने को मिलेंगे।

**नेत्रावती पीक, कर्नाटक**

नेत्रावती पीक कर्नाटक राज्य की सबसे खूबसूरत चोटी है। यहां तक पहुंचने के लिए आपको करीब 6 किमी की ट्रेकिंग करनी पड़ेगी। वहीं आपको ट्रेकिंग के दौरान पहाड़ों पर हरे-भरे नजारे देखने को मिलेंगे, वहीं जब आप टॉप पर पहुंचेंगे, तो आपको दिल थाम देने वाला नजारा देखने को मिलेगा।

**कोलुक्कुमलाई पीक, तमिलनाडु**

भले ही यह पीक तमिलनाडु है, लेकिन इसकी ट्रेकिंग की शुरूआत केरल के इडुक्कि जिले से होती है। यहां का सनराइज देखने का लायक होता है। अगर आप यहां पर सूर्योदय का खूबसूरत नजारा देखना चाहते हैं, तो आपको सुबह 3 बजे निकलना होगा।

# ऊटी-कूर्ग का सपना होगा पूरा, आईआरसीटीसी मुंबई से लाया शानदार समर पैकेज

घुमक्कड़ लोग घूमने के लिए कहीं न कहीं प्लान बनाते रहते हैं। अगर आप काफी समय से ऊटी जाने का प्लान बना रही हैं तो यह खबर आपके लिए है। भारतीय रेलवे ने खास टूर पैकेज लाइव किया है। इस टूर पैकेज में यात्रियों को मुंबई से ऊटी के साथ-साथ अन्य जगहों पर घूमने का मौका मिलेगा। आमतौर पर मुंबई से ऊटी पहुंचाना फ्लाइट या बस, दोनों ही तरह से काफी महंगा पड़ जाता है। जिसे वजह से कई यात्री ट्रिप प्लान नहीं करते। अब आपको ऐसा करने की कोई जरुरत नहीं है। इस आर्टिकल में हम आपको रेलवे द्वारा शुरु किए गए टूर पैकेज के बारे में जानकारी बताएंगे और क्या-क्या सुविधाएं मिलेगी।

**मुंबई से ऊटी**

- टूर पैकेज की शुरुआत मुंबई से 1 मई से हो रही है।
- इसमें आपको बेंगलुरु, मैसूर, कूर्ग, ऊटी, कुन्नूर और कोयंबटूर घूमने का मौका मिलेगा।
- यह पैकेज 5 रात और 6 दिनों का है।
- इस पैकेज से आप 1 मई और



23 मई, केवल 2 बार ही यात्रा कर पाएंगे।

- इस पैकेज में आपको फ्लाइट से यात्रा कराई जाएगी और घूमने के लिए कैब की सुविधा मिलेगी।
- पैकेज का नाम SERENE MYSORE-COORG-OOTY है। जब आप पैकेज का नाम सर्च करेंगे तो आपको इससे संबंधित सभी जानकारी मिल जाएगी।

**पैकेज फीस**

- अकेले यात्रा करने पर पैकेज की फीस 44,900 रुपये है। अगर आप परिवार या दोस्तों के साथ यात्रा करेंगे तो आपको काफी फायदा मिलेगा।
- 2 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति पैकेज फीस 44,400 रुपये है।
- इसके साथ ही तीन लोगों के साथ यात्रा करने पर, प्रति व्यक्ति पैकेज फीस 36,300 रुपये है।
- बच्चों के लिए पैकेज फीस 33,000 रुपये है।

**पैकेज में मिलने वाली सुविधाएं**

- मुंबई-बैंगलोर और कोयंबटूर-मुंबई के लिए फ्लाइट की टिकट का खर्च पैकेज फीस में शामिल होगा।
- घूमने के लिए एसी गाड़ी की सुविधा मिलेगी।
- 3 स्टार होटल में रात गुजारने का मौका मिलेगा।
- नाश्ता और रात का खाना मिलेगा, हालांकि दोपहर का खाना नहीं मिलेगा।
- इसके साथ ही टूर मैनेजर मिलेगा।

# पहाड़ों में चाहिए शांति और सुकून ?

# गर्मी की छुट्टियों के लिए बेस्ट हैं उत्तराखंड की 5 ऑफबीट डेस्टिनेशंस

गर्मियों की छुट्टियों में शिमला-मसूरी की भीड़ से अलग उत्तराखंड की 5 ऑफबीट डेस्टिनेशन बेहतरीन विकल्प हैं। यह लेख खिरसू, ग्वालदम, और पियोड़ा जैसी शांत जगहों की जानकारी देता है, जो प्राकृतिक सुंदरता और सुकून के लिए जानी जाती हैं।

दिल्लीवासी गर्मियों की छुट्टियों पर पहाड़ों पर जरुर घूमने जाते हैं। अब शिमला, मसूरी, कुल्लू जैसी जगहों पर जाकर ज्यादातर लोग ऊब चुके हैं और यहीं भीड़ हमेशा लगी रहती है। क्या आप भी समर वेकेशन के लिए ऑफबीट जगहों की तलाश में है। इस लेख में हम आपको बताएंगे उत्तराखंड के लिए ये 5 ऑफबीट डेस्टिनेशन। जहां पर सुंदर नजारों के साथ पहाड़ों की शांति आपका मन मोह लेगा। इन जगहों पर आ ट्रैकिंग भी कर सकते हैं।

**पियोड़ा गांव**

उत्तराखंड में नैनीताल से आगे मुक्तेश्वर पड़ता है, जो कि पियोरा वहां के स्थानीय लोग इसे पियोड़ा कहते हैं। गांव सुंदरता देखकर टूरिस्ट यहां जरुर आते हैं। यह गांव मुक्तेश्वर से सिर्फ 10 किमी की दूरी पर है। इसके पास ही कपिलेश्वर महादेव मंदिर है, जो नदी किनारे बसा है। यहां के सुंदर नजारे आपको मंत्रमुग्ध कर देंगे, शांत और सुकून वाली जगह पर कुछ पल बिताने से यहां पर होटल के अलावा कई सारे होम स्टे मिल जाएंगे।

> **ठंडा खाना**
>
> **उत्तराखंड में नैनीताल से आगे मुक्तेश्वर पड़ता है, जो कि पियोरा वहां के स्थानीय लोग इसे पियोड़ा कहते हैं।**

**खिरसू**

समर वेकेशन के लिए यह ऑफबीट जगह सबसे बेहतरीन है।



यहां पर दूर-दूर तक सिर्फ शांति और पहाड़ों की सुंदरता नजर आती है। खिरसू छोटा सा हिल स्टेशन है जो अभी इतना पॉपुलर नहीं हुआ है। यहां आपको पुराने मंदिर और घने जंगल देखने को मिलेंगे। इस जगह पर एडवेंचर के शौकीन कैंपिंग के लिए आते हैं। आपको बता दें कि, ये हिल स्टेशन पौड़ी गढ़वाल से मात्र 15 किमी दूर है। जहां पर आप प्राइवेट कैब या टैक्सी से जा सकते हैं।

**ग्वालदम**

गर्मियों की छुट्टियों के लिए ग्वालदम हिल स्टेशन काफी परफेक्ट जगह हो सकती है। पहाड़ो पर घूमने के शौकीन लोगों बेस्ट जगह है। यहां पर एकदम शांत वातावरण रहता है। ग्वालदम बैजनाथ से 22 किमी और बागेश्वर से 45 किमी दूर है। यदि आप नैनीताल जा रहे हैं तो यह 149 किमी की दूरी पर है। यहां पर आपको कई सारी झील और पहाड़ों के सुंदर नजारे हैं।

**डार्मा वैली**

डार्मा वैली में दुगजू और दांतू गांव टूरिस्ट के बीच फेमस हैं। यहां से पंचचूली की पहाड़ियां दिखाई देती है। समर वेकेशन के लिए यह सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

**कसार देवी**

अल्मोड़ा में बनी ये जगह अपने सिद्धपीठ के लिए जानी जाती है। इसके साथ ही इस जगह को बहुत अधिक मैग्निटक फील्ड के लिए जाना जाता है। इस जगह को वैन एलन बेल्ट के लिए जाना जाता है। यहां पर लाखों लोग हर साल आते है। इस बार समर वेकेशन में निगेटिव एनर्जी दूर करनी है तो कसार देवी जरुर जाएं।

# भारत में स्लीप टूरिज्म बन रहा है नया वेलनेस मंत्र

**नई दिल्ली।** इन दिनों पर्यटन का एक नया रूप देखने को मिल रहा है। जिसको स्लीप टूरिज्म कहा जाता है। वहीं कुछ लोग अब छुट्टियों के लिए सिर्फ पहाड़ों की चढ़ाई या फिर समुद्र किनारे पार्टी करना नहीं, बल्कि सुकून की गहरी नींद लेने के लिए घूमने जा रहे हैं। आज की आधुनिक लाइफस्टाइल में तनाव और अनिद्रा एक वैश्विक समस्या बन चुकी है। आमतौर पर जब लोग घूमने के लिए जाते हैं, तो थकान मिटाने के लिए जाते हैं। लेकिन इन दिनों पर्यटन का एक बिल्कुल नया रूप देखने को मिल रहा है। जिसको स्लीप टूरिज्म कहा जा रहा है। वहीं कुछ लोग अब छुट्टियों का मतलब सिर्फ पहाड़ों की चढ़ाई या फिर समुद्र किनारे पार्टी करना नहीं, बल्कि सुकून की गहरी नींद लेने के लिए घूमने जा रहे हैं।

स्लीप टूरिज्म के बढ़ते ट्रेंड को देखते हुए दुनिया भर के बड़े रिसॉर्ट्स और होटल अब स्लीप पैकेज भी देते हैं। यहां पर मेहमानों को सोने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए कमरे दिए जाते हैं। इन कमरों में शरीर के तापमान के अनुसार ढलने वाले स्मार्ट गद्दे, कमरों में शोर को सोखने वाली दीवारें और हवा को शुद्ध करने वाली चीजें लगाई जाती हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अब बर्नआउट से बचते हैं। साथ ही ऐसी जगहों को प्राथमिकता दी जाती है, जहां पर फोन बंद रहे और लोग अपनी स्लीप डेट को चुका सकें।

> **कूलिंग ड्रिंक्स**
>
> **स्लीप टूरिज्म के बढ़ते ट्रेंड को देखते हुए दुनिया भर के बड़े रिसॉर्ट्स और होटल अब स्लीप पैकेज भी देते हैं।**

**स्लीप टूरिज्म में क्या है खास**

यह होटल स्लीप कंसीयज होते हैं। जोकि आपकी नींद के पैटर्न के आधार पर आपको सही सुगंध और सही तकिए का सुझाव देते हैं।

वहीं मेहमानों को सोने से पहले विशेष गाइडेड मेडिटेशन, हर्बल चाय और व्हाइट नॉइज मशीनों की सुविधा दी जाती है। यह बाहरी शोर



को शून्य कर देती हैं।

इसके अलावा कुछ रिसॉर्ट्स तो स्लीप लैब की सुविधा देते हैं। जहां पर डॉक्टर आपकी नींद की गुणवत्ता की जांच कर आपको बेहतर सेहत के टिप्स देते हैं।

**बढ़ रही है अनोखे ट्रेंड की मांग**

डिजिटल स्क्रीन और वर्क-फॉम-होम के बहुत ज्यादा उपयोग ने लोगों की नेचुरल सर्कैडियन रिदम को बिगाड़ दिया है। ऐसे में गहरी नींद लेना और आसान से सोना सबसे लग्जरी लाइफस्टाइल माना जा रहा है।

ऐसे में अधिकतर पर्यटक फोटो खींचने वाली भीड़-भाड़ वाली जगहों की जगह किसी शांत जगहों पर पैसा खर्च करना चाहते हैं, जहां पर उनको मानसिक शांति मिले।

हेल्थ एक्सपर्ट अच्छी नींद को अब बड़े स्वास्थ्य निवेश के रूप में देखते हैं।

**कहां कर सकते हैं स्लीप टूरिज्म**

भारत में आप केरल, ऋषिकेश और कुर्ग जैसे शांत इलाकों में स्लीप रिट्रीट्स की मांग तेजी से बढ़ी है। यहां पर प्रकृति के बीच सोने का एक्सपीरियंस मिलता है।

यह केंद्र आयुर्वेद और योग निद्रा का सहारा लेकर अनिद्रा के रोगियों को बिना दवा के प्राकृतिक तरीके से सुलाने का अभ्यास कराते हैं।

हिमालय की गोद में स्थित कई होमस्टे अब डीप स्लीप के साथ डिजिटल डिटॉक्स के अनुभव को जोड़कर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

**स्लीप टूरिज्म क्यों जरूरी**

बता दें कि यह सिर्फ एक लग्जरी ट्रेंड नहीं है, बल्कि हमारे शरीर की जरूरतों के प्रति बढ़ती जागरुकता का भी संकेत है। वहीं अगर आप हर सुबह थकान के साथ उठते हैं। ऐसे में शायद आपको घूमने की बजाय अच्छे से %सोने% की जरूरत है। बहुत से लोगों के लिए ट्रेवल का उद्देश्य सिर्फ बाहरी दुनिया को देखना नहीं बल्कि अपने अंदर के उथल-पुथल को समझना हो गया है। एक अच्छी नींद न सिर्फ आपके मूड को सुधारती है, बल्कि आपकी क्रिएटिविटी और प्रोडक्टिविटी को कई गुना तक बढ़ा देती है।

# बिठूर में इतिहास और अध्यात्म का संगम

अगर आप भी कानपुर के आसपास किसी शांत और ऐतिहासिक जगह पर घूमना चाहते हैं। तो बिठूर एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। गंगा नदी के किनारे पर बसा यह एक छोटा सा कस्बा ऐतिहासिक घटनाओं, धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर कई ऐसे घाट, मंदिर और ऐतिहासिक स्थल हैं, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वीकेंड ट्रिप या एक दिन की यात्रा के लिए यह जगह एकदम परफेक्ट है। ऐसे में अगर आप भी कानपुर के आसपास घूमने की योजना बना रहे हैं, तो आपको बिठूर की इन जगहों को अपनी लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए। हम आपको इस आर्टिकल के जरिए बिठूर के सबसे फेमस पर्यटन स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं।

ब्रह्मावर्त घाट बिठूर का सबसे फेमस और पवित्र घाट माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि यहां पर ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के लिए यज्ञ किया था। जिस कारण इसको ब्रह्मावर्त घाट कहा जाता है। यहां से



गंगा नदी का दृश्य बेहद सुंदर दिखता है। आप यहां पर सुबह और शाम की आरती में भी शामिल हो सकते हैं। यहां का वातावरण बेहद शांत और आध्यात्मिक है। सूर्यास्त के समय यहां का नजारा बेहद खूबसूरत लगता है।

**ध्रुव टीला**

यह जगह ध्रुव जी की तपस्या से जुड़ी मानी जाती है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक यहां पर ध्रुव ने भगवान विष्णु की कठोर तपस्या की थी। जिसके बाद उनको आकाश में ध्रुव तारा बनने का आशीर्वाद मिला था। यहां की ऊंचाई से दिखने वाले दृश्य मनमोहक हैं और वातावरण शांत है।

**वाल्मीकि आश्रम**

यह जगह महर्षि वाल्मीकि से जुड़ी है। धार्मिक मान्यता है कि यहां पर मां सीता ने अपने पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था। इस कारण से यह जगह रामायण से जुड़ी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थली मानी जाती है। यहां आप वाल्मीकि मंदिर और आश्रम परिसर देख सकती हैं।

**नाना राव पार्क मेमोरियल**

यह जगह साल 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी है। यहां पर नाना साहेब पेशवा से संबंधित स्मारक और ऐतिहासिक स्थल मौजूद हैं। अगर आप इतिहास में रुचि रखते हैं, तो यह जगह आपके लिए है। इस पार्क के अंदर संग्रहालय भी बना है।

**पत्थर घाट**

पत्थर घाट बिठूर का एक सुंदर और ऐतिहासिक घाट है। इसका निर्माण पत्थरों से किया गया है। इसलिए इसको पत्थर घाट कहते हैं। इसकी खासियत है कि यहां की वास्तुकला बेहद आकर्षक है।

# जैश-ए-मोहम्मद में बगावत के संकेतः मसूद अजहर पर गहराया रहस्य



**नई दिल्ली।** जैश-ए-मोहम्मद के आका मसूद अजहर के नजरबंद होने के कारण आतंकी संगठन में बगावत के सुर उठने लगे हैं। खुफिया अधिकारियों का मानना है कि संगठन के अंदर यह स्थिति ज्यादा दिन तक नहीं संभल पाएगी। जल्दी ही नेतृत्व को मसूद अजहर की असली स्थिति बतानी पड़ सकती है। जानकारी के मुताबिक, संगठन नए नेता की तलाश भी कर रहा है। खुफिया रिपोर्टों में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के अंदर उथल-पुथल के संकेत मिले हैं। संगठन के प्रमुख मसूद अजहर को लेकर रहस्य लगातार गहराता जा रहा है। बताया जा रहा है कि मसूज अजहर के संगठन के लोग अब उसकी स्थिति और मौजूदगी पर सवाल उठाने लगे हैं। खबरों के मुताबिक, संगठन के अंदर यह अफवाह फैली हुई है कि मसूद अजहर बहुत गंभीर रूप से बीमार हैं और शायद जिंदगी की आखिरी सांसें गिन रहा हैं। हालांकि, भारतीय एजेंसियों का कहना है कि मसूद अजहर की हालत इतनी गंभीर नहीं है, लेकिन वो शारीरिक रूप से कमजोर हैं और मानसिक रूप से भी काफी टूट चुका है। अधिकारियों के अनुसार, आतंकी संगठन की शीर्ष नेतृत्व जानबूझकर उसे छिपाकर रख रही है, ताकि उसकी कमजोर हालत के बीच आम सदस्यों से उससे दूर रखा जा सके। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मसूद अजहर ने अपने कई करीबी परिवार के सदस्यों को खोया, जिससे वो गहरे सदमे में हैं। इसके बाद से उसने खुद को लगभग पूरी तरह अलग-थलग कर लिया है। पहले वो रोजाना अपने संगठन के लोगों से मिलता था और नए भर्ती होने वालों से बातचीत भी करता था, लेकिन अब ऐसा बिल्कुल नहीं हो रहा है।

खुफिया एजेंसियों के अनुसार, मसूद अजहर की पहचान एक जोशीले और उग्र भाषण देने वाले नेता के रूप में रही है। उसके भाषण और आक्रामक रणनीतियां ही संगठन के लोगों को प्रेरित करती थीं। लेकिन अब उसमें वह ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता नजर नहीं आ रही, जिससे संगठन के भीतर निराशा बढ़ रही है। संगठन के भीतर उसके स्वास्थ्य के लिए लगातार दुआएं की जा रही हैं। कई जगहों पर प्रार्थना सभाएं आयोजित हो रही हैं, जिससे उनके बीमार होने की खबरों को और बल मिला है।

## अगस्ता वेस्टलैंड केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ने अगस्टावेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की रिहाई याचिका दूसरी बेंच को भेज दी है। मिशेल ने जेल से रिहाई और प्रत्यर्पण संधि के कुछ प्रावधानों को चुनौती देते हुए राहत मांगी है। आइए, सुप्रीम कोर्ट के कई मामलों को इस रिपोर्ट में जानेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 3,600 करोड़ रुपये के अगस्टावेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की रिहाई याचिका दूसरी पीठ को भेज दी। अदालत ने कहा कि इस मामले से जुड़ी पिछली याचिकाओं की सुनवाई पहले जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली पीठ कर चुकी है, इसलिए मौजूदा याचिका भी उसी पीठ के समक्ष रखी जाए। मिशेल ने अपनी याचिका में भारत-यूएई प्रत्यर्पण संधि के अनुच्छेद 17 को चुनौती दी है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में 10 भारतीयों की हुई मौतः सुप्रीम कोर्ट को सरकार ने दी जानकारी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने बताया कि रूस गए 10 भारतीय नागरिकों की युद्ध के दौरान मौत हो चुकी है। सरकार के अनुसार कुछ लोग स्वेच्छा से अनुबंध कर गए थे, जबकि कुछ एजेंटों के झांसे में फंसे। आइए विस्तार से जानते हैं। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को केंद्र सरकार ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि रूस गए 10 भारतीय नागरिकों की रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान मौत हो चुकी है। सरकार ने यह भी कहा कि इनमें से अधिकतर लोग रूसी संस्थाओं के साथ स्वेच्छा से किए गए अनुबंधों के आधार पर युद्ध में शामिल हुए थे, हालांकि कुछ मामलों में एजेंटों द्वारा गुमराह किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ 26 भारतीय नागरिकों के परिजनों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया है कि नौकरी के अवसरों के नाम पर रूस गए इन लोगों को कथित तौर पर जबरन रूस-यूक्रेन युद्ध में झोंक दिया गया। इससे पहले अदालत ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को बताया कि याचिका में जिन 26 लोगों का जिक्र है, उनमें से 10 की मृत्यु हो चुकी है। एक व्यक्ति आपराधिक मामले में जेल में है, जबकि एक अन्य अब भी स्वेच्छा से रूस में बना हुआ है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय प्रभावित परिवारों के संपर्क में है और मामले के समाधान के लिए बहुस्तरीय रणनीति पर काम कर रहा है।

सुनवाई की शुरुआत में याचिकाकर्ताओं के वकील ने आरोप लगाया कि विदेश मंत्रालय ने परिवारों से संपर्क नहीं किया। उन्होंने कहा कि परिजनों के डीएनए नमूने तक नहीं लिए गए और उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि यह मामला बेहद संवेदनशील है और इसे बेहद सावधानी व कूटनीतिक तरीके से संभालने की जरूरत है। एएसजी भाटी ने बताया कि कुल 215 भारतीय रूस गए थे, जिनमें से 26 लोगों के परिवार इस याचिका के जरिए अदालत पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय लगातार परिजनों से संपर्क में है। मुख्य न्यायाधीश ने एक समाचार रिपोर्ट का जिक्र किया, जिसमें एक भारतीय की मौत की बात कही गई थी। इस पर एएसजी ने बताया कि वह याचिकाकर्ताओं में से एक परिवार का सदस्य था।

सरकार ने अदालत को बताया कि मृतक के पार्थिव शरीर को भारत लाने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन संबंधित परिवार के सहयोग न करने के कारण दिक्कतें आईं। एएसजी ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद भारतीय नागरिक की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में मानवीय पहलू भी हैं, जहां परिवारों को सहयोग करना जरूरी है।

# बंपर मतदान के दावे पर डेरेक ब्रायन का पलटवार



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल चुनावों के प्रथम चरण में अधिक मतदान का श्रेय मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को दिया। इसके साथ ही दावा किया कि 2026 में डाले गए वोटों की संख्या 2021 के चुनावों की तुलना में कम थी।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह का जिक्र करते हुए एक पोस्ट में, डेरेक ओ ब्रायन ने आंकड़े देते हुए दावा किया कि 2026 और 2021 के चुनावों के पहले चरण में डाले गए वोटों की संख्या में मामूली अंतर है और उन्होंने टीएमसी की जीत के प्रति विश्वास व्यक्त किया। टीएमसी सांसद ने लिखा, अमित, आपको बेनकाब करना बहुत आसान है, और आपके झूठे नैरेटिव गढ़ने के प्रयास को भी। पहले चरण के चुनाव में भाजपा के दुष्प्रचार को ध्वस्त करने के लिए ये ठोस आंकड़े हैं। 2026 में डाले गए कुल वोटों की संख्या 2021 की तुलना में कम हो गई है। सबसे पहले, आइए 2021 के चुनावों के आंकड़ों पर एक नजर डालें। कुल मतदाता 3.67 करोड़, मतदान प्रतिशतः 84 प्रतिशत, कुल डाले गए वोट- 3.10 करोड़। उन्होंने दावा किया अब, एसआईआर आयोजित होने के बाद। एसआईआर के बाद 2026 में कुल मतदाता 3.33 करोड़। 2026 में चरण-1 के लिए मतदान के आंकड़े कुल मतदाताः 3.33 करोड़, मतदान प्रतिशतः 92.70 प्रतिशत, कुल डाले गए वोटः 3.09 करोड़।

# केरल में नतीजों से पहले कांग्रेस में घमासान, सीएम के चेहरे की लड़ाई से यूडीएफ की बढ़ी मुश्किलें

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में चुनाव नतीजों से पहले कांग्रेस के भीतर मुख्यमंत्री पद को लेकर घमासान तेज हो गया है। यूडीएफ में कई नेताओं के समर्थक खुलकर दावेदारी कर रहे हैं, जिससे पार्टी और सहयोगी दलों में असहजता बढ़ी है। नतीजों से पहले शुरू हुई इस खींचतान को कांग्रेस के लिए राजनीतिक चुनौती माना जा रहा है।

केरल में चुनाव नतीजों से पहले सियासी माहौल गर्म हो गया है, लेकिन इस बार मुकाबला केवल विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच नहीं, बल्कि कांग्रेस के भीतर भी दिखाई दे रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ में मुख्यमंत्री पद को लेकर शुरू हुई अंदरूनी खींचतान ने पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। राज्य में 9 अप्रैल को मतदान हो चुका है और अब 4 मई को



नतीजों का इंतजार है। करीब 10 साल बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद लगाए यूडीएफ खेमे में उत्साह तो है, लेकिन इसी बीच नेतृत्व को लेकर उठी बहस ने माहौल असहज कर दिया है। केरल की राजनीति में लंबे समय तक हर चुनाव में सत्ता बदलने की परंपरा रही है, लेकिन 2021 में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे ने दोबारा सरकार बनाकर इस परंपरा को तोड़ दिया था। ऐसे में इस बार का चुनाव कांग्रेस और यूडीएफ के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। कांग्रेस के भीतर मुख्यमंत्री के दावदेरी आ रही सामने इसी बीच कांग्रेस के भीतर मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर खुलकर दावेदारी सामने आने लगी है। वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला, विपक्ष के नेता वी डी सतीशान और संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल के समर्थक सार्वजनिक रूप से अपने-अपने नेता को मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं। यह बहस चुनाव परिणाम आने से पहले ही शुरू हो जाने से पार्टी नेतृत्व असहज स्थिति में है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह की खुली बयानबाजी से मतदाताओं के बीच गलत संदेश जा सकता है। वरिष्ठ मीडिया आलोचक एम एन करासेरी ने इसे शर्मनाक बताते हुए कहा कि सत्ता मिलने से पहले पद की लड़ाई जनता का भरोसा कमजोर कर सकती है।

इस विवाद का असर सहयोगी दलों पर भी पड़ने लगा है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के नेता और विधायक पी अब्दुल हमीद ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर इस तरह की चर्चा सार्वजनिक नहीं होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि इससे यूडीएफ समर्थकों और जमीनी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर सकता है, जो लंबे समय से विपक्ष में रहकर संघर्ष कर रहे हैं।

## बंगाल का गौरव लौटाने के लिए तृणमूल से आजादी जरूरी

**कोलकाता।** बंगाल में रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले चरण के मतदान ने बंगाल में भाजपा की विजय का शंखनाद कर दिया है। उन्होंने टीएमसी को नारी विरोधी पार्टी करार दिया और टीएमसी पर भ्रष्टाचार, सिंडिकेट को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल के दमदम में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा बंगाल में परिवर्तन की जो लहर दिख रही थी, कल पहले चरण के मतदान ने उस पर मुहर लगा दी है। पीएम मोदी ने कहा कि कल भाजपा के पक्ष में जो समर्थन दिखा है, उसने भाजपा की विजय का शंखनाद कर दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल का गौरव फिर से लौटाने के लिए, बंगाल को फिर से अवसरों की भूमि बनाने के लिए तृणमूल कांग्रेस के भय, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट, पलायन, बेरोजगारी और बेकारी और घुसपैठियों, बेटियों पर अत्याचार से आजादी बहुत जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तगड़ा हमला करते हुए कहा बंगाल में टीएमसी ने लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था। पहले चरण के मतदान में जनता ने लोकतंत्र के मंदिर का पुनर्निमाण कर दिया है और दूसरे चरण में इस मंदिर पर विजय ध्वज फहराना है। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी का दीया बुझने से पहले फड़फड़ा रहा है। 4 मई को नतीजे आने के बाद टीएमसी के गुंडों को बंगाल में छुपने की जगह नहीं मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, गुलामी की बेड़ियां तोड़ने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्र का आह्वान किया था- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा। ये बंगाल में नई क्रांति की बेला है और ये क्रांति वोट से होगी। मैं बंगाल की जनता से अपील करता हूं कि आप हमें वोट रूपी आशीर्वाद दीजिए, हम मिलकर बंगाल को अनेक कष्टों से आजादी दिलाएंगे।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक अगले हफ्ते करेंगी नई दिल्ली का दौरा, भारत की हैं मुरीद



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक अगले हफ्ते भारत दौरे पर आ रही हैं। बेयरबॉक का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब भारत द्वारा लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग उठाई जा रही है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक अगले हफ्ते भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगी। यह जानकारी उनकी प्रवक्ता ला नीस कॉलिन्स ने दी। प्रवक्ता ला नीस कॉलिन्स ने बताया कि भारत सरकार के निमंत्रण पर अपनी इस यात्रा के दौरान, बेयरबॉक भारतीय अधिकारियों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। वह भारत में संयुक्त राष्ट्र की टीम से भी मिलेंगी, जिसका नेतृत्व रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर स्टीफन प्रीसनर कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के फरवरी में नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने के बाद यह भारत में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों की दूसरी उच्च-स्तरीय यात्रा है। बेयरबॉक पहले भी भारत की यात्रा कर चुकी हैं। जर्मनी की विदेश मंत्री के तौर पर अपनी एक यात्रा के दौरान उन्होंने भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की वकालत की थी। उस दौरान उन्होंने दिल्ली मेट्रो में भी सफर किया था। हालांकि, महासभा की अध्यक्ष के तौर पर यह एनालेना बेयरबॉक की पहली भारत यात्रा है। भारत के बाद बेयरबॉक चीन की यात्रा पर जाएंगी। 2022 में मंत्री के तौर पर अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान उन्होंने कहा था, चाहे वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र हो या उससे बाहर, इसमें कोई शक नहीं कि 21वीं सदी की अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देने में भारत एक अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने 15 वर्षों में 40 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, जो यह दिखाता है कि एक बहुलवादी समाज, स्वतंत्रता और लोकतंत्र ही आर्थिक विकास, शांति और स्थिरता के वाहक हैं। उस यात्रा के दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र चर्चा का मुख्य विषय रहा था। उन्होंने कुशल कर्मियों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए प्रवासन और गतिशीलता समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। बेयरबॉक साल 2024 में जर्मनी-भारत के बीच सातवें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) के लिए भारत आए चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ भी आईं थीं। जर्मनी जी-4 का सदस्य है।

## लुइसियाना के मॉल में गोलीबारी, एक की मौत

**लुइसियाना।** बैटन रूज में मॉल ऑफ लुइसियाना में हुई गोलीबारी में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस प्रमुख के मुताबिक लुइसियाना के एक मॉल के फूड कोर्ट में दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में एक शख्स की मौत हो गई है। इस मामले में पांच लोग गिरफ्तार किए गए हैं। अमेरिका के लुइसियाना में एक मॉल में गोलीबारी की घटना सामने आई है। पुलिस ने बताया है कि मॉल के फूड कोर्ट के पास दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि पांच लोगों के घायल होने की जानकारी पुलिस ने दी है। इससे पहले पुलिस ने 10 लोगों के घायल होने की जानकारी दी थी।

लुइसियाना के गवर्नर ने गुरुवार को कहा कि बैटन रूज में मॉल ऑफ लुइसियाना में एक गोलीबारी की घटना हुई है।

# अमेरिकी वॉर कॉलेज के हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए भारतीय सेना प्रमुख, सम्मान पाने वाले तीसरे आर्मी चीफ

**वॉशिंगटन।** भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका के एक वॉर कॉलेज के अंतरराष्ट्रीय हाल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी से पहले भारतीय सेना को दो और जनरलों को यह सम्मान दिया जा चुका है। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका के आर्मी वॉर कॉलेज कार्लाइल बैरक्स के अंतरराष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। भारतीय सेना ने शुक्रवार को इसे उनकी सैन्य सेवा और नेतृत्व का महत्वपूर्ण सम्मान बताया। जनरल द्विवेदी इस सम्मान को पाने वाले तीसरे भारतीय सेना प्रमुख बन गए हैं। इससे पहले जनरल वी.के. सिंह और जनरल बिक्रम सिंह को यह गौरव मिल चुका है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा, जनरल उपेंद्र




द्विवेदी, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने आर्मी वॉर कॉलेज कार्लाइल बैरक्स, यूएसए का दौरा किया, जहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह सम्मान पाने वाले वह तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं। पोस्ट में आगे कहा गया कि सेना प्रमुख ने वॉर कॉलेज की फैकल्टी और अंतरराष्ट्रीय सैन्य अधिकारियों को नेतृत्व, पेशेवर सैन्य शिक्षा और बदलते सुरक्षा परिदृश्य पर संबोधित किया। USAWC के फेलो और इस प्रतिष्ठित संस्थान के पूर्व छात्र रहे जनरल द्विवेदी ने कॉलेज की प्रमुख सुविधाओं का दौरा किया और शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें पैनल चर्चा, शोध परियोजनाओं की समीक्षा और संस्थान के विशेषज्ञों से संवाद शामिल रहा। इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने वॉशिंगटन में इंडिया हाउस में जनरल उपेंद्र द्विवेदी की मेजबानी की। भारतीय दूतावास ने बताया कि यह दौरा हाल ही में नौसेना और वायु सेना प्रमुखों की यात्राओं के बाद हो रहा है, जो भारत-अमेरिका के बीच उच्चस्तरीय सैन्य सहयोग को दर्शाता है। दूतावास के अनुसार, रक्षा सहयोग भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का एक अहम स्तंभ है और ऐसे दौरे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के साथ-साथ मुक्त, खुले और समृद्ध हिंद प्रशांत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सहायक होंगे।

इससे पहले, जनरल द्विवेदी को हवाई स्थित फोर्ट शाफ्टर में यूएस आर्मी पैसिफिक के दौरे के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। उन्होंने जनरल रोनाल्ड पी. क्लार्क सहित अमेरिकी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रक्षा सहयोग और हिंद प्रशांत क्षेत्र में साझा रणनीतिक प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा की।

# ईरान ने खारिज किया ट्रंप का अंदरूनी मतभेद का दावा; ड्रोन हमले के बाद कुवैत एयरपोर्ट में लगी आग

**नई दिल्ली।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना ने कहा है कि एशिया में अमेरिका द्वारा जब्त किया गया एक तेल टैंकर गलत तरीके से उसके देश का झंडा इस्तेमाल कर रहा था। यह टैंकर कथित तौर पर प्रतिबंधित ईरान के कच्चे तेल को ले जा रहा था, जिस कारण अमेरिका ने इसे जब्त किया। गुयाना के समुद्री प्रशासन विभाग ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि यह जहाज उनके देश में पंजीकृत रजिस्टर्ड नहीं है। इसलिए इसका गुयाना का झंडा दिखाना पूरी तरह गलत और धोखाधड़ी है।

इस्राइल ने कहा कि उसने लेबनान में उस मिसाइल लॉन्चर को निशाना बनाकर हमला किया है, जिसने गुरुवार को इस्राइल की ओर मिसाइल दागी थी, जिसे इस्राइली एयर डिफेंस ने रोक दिया था। इस हमले की जिम्मेदारी हिजबुल्ला ने ली है। इस्राइल की ओर से यह कार्रवाई

**कुवैत**

**फरवरी के अंत में अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद कुवैत ने पहली बार अपना हवाई क्षेत्र फिर से खोल दिया**

ऐसे समय में हुई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि इस्राइल-लेबनान के बीच संघर्षविराम को तीन हफ्ते के लिए बढ़ा दिया गया है।

हिजबुल्ला ने कहा कि उसने लेबनान के याते गांव पर हुए इस्राइली हमले के जवाब में इस्राइल पर रॉकेट दागे। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइली



तोपखाने की गोलाबारी में एक बच्चे सहित दो लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि नबातिये क्षेत्र में इस्राइली हवाई हमले में तीन लोगों की मौत हुई। वहीं, इस्राइली सेना ने दावा किया कि उसने उन तीन लड़ाकों को मार गिराया है, जिन्होंने इस्राइली विमान पर मिसाइल दागी थी।

ड्रोन हमले के बाद कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आग लग गई। कुवैत के विमानन प्राधिकरण ने बताया कि ड्रोन ने हवाई अड्डे पर एक ईंधन टैंक को निशाना बनाया, जिससे यह आग लगी।

हवाई अड्डा के प्रवक्ता अब्दुल्ला अल-राजही ने कुवैत न्यूज एजेंसी को बताया कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार नुकसान केवल संपत्ति तक सीमित है और कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने तुरंत आपातकालीन प्रक्रिया दी और दमकल दल व संबंधित एजेंसियां आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं।

फरवरी के अंत में अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद कुवैत ने पहली बार अपना हवाई क्षेत्र फिर से खोल दिया है। कुवैत के विमानन प्राधिकरण के महानिदेशक हमूद मुबारक ने सरकारी समाचार एजेंसी केयूएनए को बताया कि कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का हवाई क्षेत्र गुरुवार से फिर से खोल दिया गया है। इसे 28 फरवरी से क्षेत्र की स्थिति के कारण अस्थायी और एहतियाती तौर पर बंद किया गया था।

उन्होंने कहा कि यह कदम एक चरणबद्ध योजना का हिस्सा है, जिसके तहत धीरे-धीरे हवाई यातायात बहाल किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में हवाई अड्डे का संचालन पूरी तरह सामान्य किया जा सके।

# अल्जीरिया के तट पर नाव पलटी, 17 सोमाली प्रवासियों की दर्दनाक मौत



**मोगादिशु।** अल्जीरिया-स्पेन समुद्री मार्ग पर नाव पलटने से 17 लोगों की जान चली गई, जबकि कई परिवार अभी भी अपने लापता रिश्तेदारों की तलाश में हैं। मृतक सोमाली प्रवासी बताए जा रहे हैं। पराजदूत यूसुफ अहमद हसन ने मीडिया को बताया कि उन्हें कई परेशान माता-पिता ने संपर्क किया है, जो अपने लापता रिश्तेदारों की तलाश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मरने वालों में 12 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल हैं। घटना उस समय हुई, जब लोग यूरोप पहुंचने के लिए खतरनाक समुद्री मार्ग पर यात्रा कर रहे थे और उनकी नाव पलट गई।

हसन ने कहा, मुझसे उन माता-पिता ने संपर्क किया था, जो अपने बच्चों के बारे में जानकारी चाहते थे और उनकी स्थिति जानना चाहते थे। उन्होंने आगे बताया कि इसके बाद उन्होंने अल्जीरिया के विदेश मंत्रालय से संपर्क किया, जिसने उन्हें बताया कि अफ्रीकी प्रवासियों का एक समूह राजधानी अल्जीयर्स से करीब 100 किलोमीटर पश्चिम में एक तटीय प्रांत में मृत पाया गया है। राजदूत ने बताया कि वह गुरुवार सुबह लगभग करीब छह अल्जीरिया के बौ इस्माइल शहर पहुंचे। उन्होंने कहा, मैंने प्रांत के दो अस्पतालों का दौरा किया और शवों को देखा।

उत्तरी अफ्रीका से स्पेन जाने वाला यह मार्ग उन कई मार्गों में से एक है, जिनका उपयोग प्रवासी यूरोप पहुंचने के लिए करते हैं, जहां अक्सर भीड़भाड़ वाली और असुरक्षित नावों का इस्तेमाल किया जाता है। इन रास्तों पर नाव दुर्घटनाएं आम हैं, खासकर पश्चिमी भूमध्यसागर और अटलांटिक मार्गों पर, जहां हर साल हजारों प्रवासी युद्ध, गरीबी और जलवायु संबंधी कठिनाइयों से बचने के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। सोमालिया के प्रवासी भी इनमें शामिल हैं, जो अपने देश में असुरक्षा, सीमित आर्थिक अवसरों और लंबे समय से जारी सूखे के कारण ऐसे खतरनाक सफर पर निकलते हैं।अल्जीरियाई अधिकारियों ने अभी तक इस त्रासदी के बारे में पूरी जानकारी जारी नहीं की है, जिसमें नाव पर सवार कुल यात्रियों की संख्या या नाव पलटने का कारण शामिल है।

# गैस चोरी के कारोबार करने वाले दो लोगों को पूर्ति विभाग ने पकड़ा, मुकदमा दर्ज



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के रामनगर भड़सरा में गुरुवार को जिला पूर्ति विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध गैस चोरी के बड़े कारोबार का खुलासा किया है। पूर्ति निरीक्षकों की संयुक्त टीम ने मौके से दो पिकअप वाहनों पर लदे 50 घरेलू गैस सिलेंडर और गैस रिफिलिंग के उपकरण बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है।जिला पूर्ति अधिकारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामनगर भड़सरा स्थित स्वर्गीय चंद्रेश सिंह के आम के बाग में अवैध रूप से गैस की रिफिलिंग की जा रही है। सूचना के आधार पर पूर्ति निरीक्षक सिरकोनी अर्चना सिंह, पूर्ति निरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी, योगेंद्र यादव और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी योगेंद्र कुमार की टीम ने बताए गए स्थान पर छापेमारी की। टीम के पहुंचते ही बाग में अफरा-तफरी मच गई और कुछ लोग मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान बाग में खड़ी दो मैजिक गाड़ियों के पास भारी मात्रा में इंडेन कंपनी के घरेलू सिलेंडर रखे मिले। मौके पर 'बांसुरी' (रिफिलर यंत्र) के जरिए एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस चोरी की जा रही थी।मौके से पकड़े गए चालकों की पहचान प्रवीण उर्फ साधू निवासी इटौरी बाजार (थाना सरायख्वाजा) और सत्येन्द्र कुमार निवासी गोधना (थाना लाइन बाजार) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे जौनपुर गैस सर्विस के गोदाम से सिलेंडर लोड करने के बाद बाग में लाकर गैस कटिंग और रिफिलिंग का अवैध धंधा करते थे। तौल करने पर अधिकांश सिलेंडरों में एक से तीन किलोग्राम तक गैस कम पाई गई। पूर्ति निरीक्षक सिरकोनी अर्चना सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उक्त सप्लाई टीम द्वारा माल और वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

पूर्ति निरीक्षक सिरकोनी अर्चना सिंह ने बताया कि दो पिकअप वाहन पर लदे 50 घरेलू गैस सिलेंडर एवं गैस रिफलिंग के उपकरण को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा दी गई तहरीर पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध गांजा तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**थाना तहबरपुर-आजमगढ़।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तहबरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा तस्करी में संलिप्त गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। थाना तहबरपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा नवापुरा मोड़, बहद ग्राम नवापुर पर घेराबंदी कर 1. मो0 साजिद पुत्र मो0 शाहिद निवासी तुर्कमानपुर, थाना राजघाट, जनपद गोरखपुर, 2. रविता निषाद पुत्री राजेन्द्र निषाद, 3. प्रीति निषाद पुत्री लक्ष्मण निषाद निवासीगण मो0 चकरा अव्वल, थाना राजघाट, जनपद गोरखपुर (हाल पता अमरूद मंडी, राजघाट) को गिरफ्तार किया गया। क्षेत्राधिकारी बूढ़पुर द्वारा तलाशी के दौरान अभियुक्त मो0 साजिद के कब्जे से 06 किलो, अभियुक्ता रविता के कब्जे से 02 किलो तथा अभियुक्ता प्रीति के कब्जे से 02 किलो, कुल 10 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। साथ ही एक ट्राली बैग, दो बैग, तीन मोबाइल फोन एवं कुल 680 नकद बरामद किए गए। अभियुक्तों को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे उड़ीसा से गांजा वाराणसी मंगाकर वहां से प्राप्त करते हैं तथा वाराणसी, आजमगढ़, मऊ, गोरखपुर आदि जनपदों में फुटकर बिक्री करते हैं। महिलाओं के साथ होने के कारण उन पर कम संदेह होता है, जिससे अधिक लाभ अर्जित करते हैं।

# डीआरएम प्रयागराज ने शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

- 24 घंटे बिजली-पानी देने के दिए निर्देश, निर्माण कार्यों को देखा

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर और रेलवे आवासों में 24 घंटे निर्बाध बिजली और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि इन मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कंट्रोल रूम से प्लेटफॉर्म तक हर व्यवस्था की जांच डीआरएम अपने विशेष रेलवे वाहन से स्टेशन पहुंचे और सबसे पहले कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इसके बाद प्लेटफॉर्म संख्या एक और दो का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान साफ- सफाई, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों से जरूरी दस्तावेजों की जांच करते हुए उन्होंने कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश दिए। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए डीआरएम ने स्टेशन पर पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता में रखा। उन्होंने वाटर कूलरों की स्थिति जांची और निर्देश दिए कि यात्रियों की सुविधा के लिए इनकी संख्या बढ़ाई जाए। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। प्लेटफॉर्म नंबर एक की ओर बन रहे वेटिंग हॉल का जायजा लेते हुए डीआरएम ने नक्शे और कार्य की गति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वेटिंग हॉल बनने से यात्रियों को बैठने और प्रतीक्षा करने में बड़ी राहत मिलेगी और स्टेशन की सुविधाएं बेहतर होंगी।

डीआरएम ने शंकरगढ़ सदर बाजार से जुड़े 415-बी रेलवे फाटक का भी निरीक्षण किया। यहां अंडरब्रिज निर्माण योजना पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि 415-ए ओवरब्रिज का काम पूरा होते ही 415-बी फाटक पर अंडरब्रिज निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। डीआरएम ने सभी को निर्देश दिया कि यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अशरफ के गनर इरफान गद्दी हत्याकांड में राशिद दुर्रानी गिरफ्तार

- 25 हजार के इनामी को सैदपुर से पकड़ा, आसिफ दुर्रानी का सुराग मिला

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र में माफिया अशरफ के गनर रहे प्रॉपर्टी डीलर इरफान हत्याकांड का आरोपी राशिद दुर्रानी गिरफ्तार हो गया। करेली पुलिस ने 25 हज़ार के इनामी राशिद दुर्रानी को सैदपुर के पास से गिरफ्तार किया है। राशिद का भाई आसिफ दुर्रानी अभी तक फरार है। पकड़े गए राशिद से पुलिस ने लंबी पूछताछ की है। माना जा रहा है कि आसिफ के बारे में सुराग मिल गया है। पुलिस की दो टीमें अब आसिफ की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। करेली थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि राशिद को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी चल रही है। ज्ञात हो कि इरफान गद्दी की हत्या में अब अतीक अहमद के शूटर की बहन भी मुल्जिम बनाई गई है। जेबा नाम की यह महिला शूटर आसिफ दुर्रानी की सगी बहन है। वादी के बयान के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। उधर हत्याकांड के एक और साजिशकर्ता अरशद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। फिलहाल आसिफ दुर्रानी पुलिस के हाथ नहीं आया है। सूत्रों का कहना है कि वादी की ओर से मजिस्ट्रेट के सामने बयान देकर बताया गया है कि इस हत्याकांड की साजिश में दुर्रानी की बहन भी शामिल थी। उसने पहले धमकी भी दी थी। बता दें कि दुर्रानी की बहन और मृतक इरफान की बेटी एक ही घर में ब्याही थीं और उनके बीच प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। दुर्रानी आठ अप्रैल को वारदात के बाद से ही पुलिस को चकमा दे रहा है। उसके साथ ही उसका भाई राशिद भी पकड़ा नहीं जा सका है। सूत्रों के मुताबिक, घटना वाली रात तक दुर्रानी शहर में ही था। इसके अगले दिन वह शहर से बाहर भाग निकला। इसमें उसकी मदद धूमनगंज के एक प्रॉपर्टी डीलर ने की।

# जब तक नारी का सम्मान नहीं होगा, देश में समृद्धि नहीं आएगी: एके शर्मा

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** मंत्री नगर विकास शहरी समग्र विकास, नगरीय विकास एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उ0 प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री ए0 के0 शर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित न होने के कारण महिला जन आक्रोश अभियान के संबंध में मीडिया प्रतिनिधिगण के साथ प्रेस वार्ता की गई। प्रभारी मंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः' अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवता भी निवास करते हैं। हमारे शास्त्रों में, संस्कृति में महिलाओं को देवी का स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश की समृद्धि में हमारी नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है, जब तक नारी का सम्मान नहीं होगा, देश में समृद्धि नहीं आएगी। शक्ति स्वरूपा नारी समुदाय को उनका अधिकार देने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अभियान की कल्पना की गई, वर्ष 2023 में हम उसे दिशा में आगे भी बढ़े और इस माह उसमें कुछ संशोधन किए जाने थे जिसके लिए संसद में विशेष अधिवेशन बुलाकर उसे पारित कराया जाना था तथा कानूनी रूप दिया जाना था किंतु विपक्षी पार्टियों द्वारा इस अधिनियम को पास नहीं होने दिया गया। जिसे उन्होंने नारी समुदाय का अपमान बताया और कहा कि इसी कारण नारी शक्ति आक्रोशित है, उन्होंने कहा कि हम सभी दुखी हैं, व्यथित हैं कि यह अधिनियम पास नहीं हो सका, किंतु शासन का, हमारा संकल्प है कि जब तक महिलाओं को उक्त अधिनियम अंतर्गत अधिकार नहीं मिल जाता हमारा प्रयास आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने अपील किया कि इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी, विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा, विधायक मडियाहूं डॉ0 आर0 के0 पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य, जिला अध्यक्ष भाजपा अजीत प्रजापति और डॉ0 अजय सिंह, सहित अन्य पदाधिकारीगण, अधिकारीगण सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**थाना महाराजगंज-आजमगढ़।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महराजगंज पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। वादिनी थाना कन्धरापुर, द्वारा थाना महराजगंज पर लिखित तहरीर दी गई कि अभियुक्त साहुल पुत्र करमदेव चौहान निवासी देवारा जदीद जोड़वावर, थाना महराजगंज, द्वारा शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए तथा बाद में शादी से इंकार कर दिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना महराजगंज पर मु.अ.सं. 73/26 धारा 69 बीएनएस पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ.नि. पवन कुमार सिंह द्वारा की जा रही है द्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सगड़ी के पर्यवेक्षण तथा प्र.नि. केदारनाथ मौर्य के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त साहुल पुत्र करमदेव चौहान को देवारा जदीद (बड़ई का पुरा) क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

## डीएम की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत आने वाले गांवों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी शैलेश कुमार ने अवगत कराया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी के सतत पर्यवेक्षण के क्रम में जनपद के विभिन्न ग्रामों में लंबित चकबंदी प्रक्रियाओं को पूर्ण किया गया है। इनमें पौहा गांव में 55 वर्ष एवं बेलछा ग्राम में 46 वर्ष, मैदास पट्टी में 45 वर्ष, सिंहौली में 41 वर्ष, कैलावर में 29 वर्ष पुरानी तथा हरिबल्लभपुर में डेढ़ वर्ष पुरानी चकबंदी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। उन्होंने अभी निर्देश दिया कि इसी तरह अन्य ग्राम जो चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत है, निरंतर प्रयास करते हुए शीघ्र अति शीघ्र इस कार्य को पूर्ण कराए।इस पर जिलाधिकारी द्वारा कार्य में लगे अधिकारियों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर उप संचालक चकबंदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में वृद्ध की हुई मौत

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** सड़क हादसे में संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की हुई मौत सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता हैकी चंदवक थाना क्षेत्र के सिधौली गांव निवासी 60 वर्षीय धर्मराज प्रजापति क्षेत्र के कर्रा कॉलेज के पास एक मिठाई की दुकान पर काम करते थे। रोज की तरह रात्रि घर आते समय गांव में एक मंदिर पर भंडारा था प्रसाद ग्रहण कर घर जाते समय रास्ते में संदिग्ध परिस्थितियों में किसी अज्ञात वाहन की ने टक्कर मार दी जिससे वह अचेत हो गए। परिजनों को सूचना हुई तो उन्हें बीरीबारी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उन्हें देखकर मृत्य घोषित कर दिया।मौत का कारण जानने और आगे की कार्यवाही के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की प्रतीक्षा कर रही है।

# प्रयागराज में जल्द होगा हिंदू स्वाभिमान सम्मेलन : जगतगुरु चक्रपाणि



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के जगतगुरु सनातन सम्राट परम पूज्य स्वामी चक्रपाणि नंद गिरी जी महाराज अपने प्रिय शिष्य कुमार नारायण के आवास मुंशी राम प्रसाद की बागिया मुट्ठीगंज, प्रयागराज पहुंचे, जहां उन्होंने उनकी पूज्य माताजी स्व. श्रीमती निर्मिला श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा इस दुःख की घड़ी में पूरे परिवार को आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर जगतगुरु जी ने परिवारजनों से भेंट कर उन्हें धैर्य एवं शक्ति का आशीर्वाद दिया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने जगतगुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके उपरांत जगतगुरु जी मौजगिरी स्थित जूना अखाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने गुरु परंपरा को नमन किया तथा संगम एवं यमुना जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि महाराज जी काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन के उपरांत प्रयागराज पहुंचे थे और तत्पश्चात सड़क मार्ग द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान किया।

इस अवसर पर जगतगुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने घोषणा की कि शीघ्र ही प्रयागराज सहित पूरे उत्तर प्रदेश में 'हिंदू स्वाभिमान सम्मेलन' आयोजित किए जाएंगे। प्रयागराज में आयोजित होने वाले सम्मेलन का संयोजक श्री कुमार नारायण को नियुक्त किया है तथा इसकी तिथि का औपचारिक ऐलान शीघ्र ही जगतगुरु जी द्वारा किया जाएगा।

जगतगुरु ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन धर्म एवं हिंदुत्व के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है, और यह सम्मेलन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने सभी सनातन धर्मावलंबियों से आह्वान किया कि वे इसमें बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज की एकता एवं स्वाभिमान को सशक्त बनाएं। इस अवसर पर आर.के. श्रीवास्तव, अनुपम मिश्रा, सुशील श्रीवास्तव मिर्जापुर, हर्षल नारायण, सुमित श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, प्रेमा श्रीवास्तव, अलका सक्सेना, स्मृति श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद थे।

## युसूफ की सटीक गेंदबाजी से एमआईसी ए को मिली आसान जीत

**प्रयागराज।** एमआईसी ए ने चैंपियंस अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में सीएवी क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराकर प्रतियोगिता में एक असान जीत हासिल किए हैं। इस जीत में मो. युसूफ की सटीक गेंदबजी ( 5 - 2 - 21 - 5 ) कर जीत में नायक बने।



शुक्रवार को दौलत हुसैन मैदान पर सीएवी क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में महज 56 रन ( अमित यादव 17, तनिष्क सिंह 16, मो. युसूफ 5/21, आरुष पाल 2/09, मो. आलिम 2/19 ) पर बिखर गई। जवाब में एमआईसी ए की टीम ने 7.1 ओवर में दो विकेट खोकर 59 रन ( उमर खान 18 नाबाद, अब्दुर रहमान 14 अविजित रन, नीरव अग्रवाल 1/09, एसके चौधरी 1/20 ) पर बना लिए। मैच में हितेश श्रीवास्तव व कमान उल्लाह ने अंपायरिंग और अक्षय सोनकर ने स्कोरिंग की।

# रक्तदान से बचाई जा सकती है अनमोल जिंदगी : डीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी भवन, हरबंशपुर, आजमगढ़ में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने शिविर का अवलोकन करते हुए रक्तदाताओं से संवाद किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान एवं पुनीत कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को बचाने में सहायक होता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से पहली बार रक्तदान करने आए युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान से स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। उन्होंने बताया कि शरीर द्वारा दान किया गया रक्त 24 से 48 घंटे के भीतर पुनः निर्मित हो जाता है, जिससे शरीर की कार्यप्रणाली पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ता। उन्होंने भीषण गर्मी के बावजूद शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

## राइजिंग स्टार की जीत में राजवीर, शुभ और लकी चमके



राजवीर मौर्य शुभ सोनी लकी सरोज

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** राजवीर मौर्य के शतक (101 रन 58 गेट 18 चौक एक छक्का), शुभ सोनी (78 रन एवं दो विकेट) और लकी सरोज की अचूक गेंदबाजी (4-3-01-5) की बदौलत राइजिंग स्टार क्लब ने गंगा डिग्री कॉलेज क्लब बी को 147 से हराकर गंगा डिग्री कॉलेज कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंत प्राप्त किए। गंगा डिग्री कॉलेज सोरांव मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में राइजिंग स्टार क्लब ने 30 ओवर में 5 विकेट पर 285 रन (राजवीर मौर्य 101 नाबाद, शुभ सोनी 78, गौरव सिंह 22, सक्षम सिंह 18, देवेंद्र यादव, उत्कर्ष सिंह, आशुतोष ओझा व फरहान अहमद एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज क्लब बी की पूरी टीम 23.2 ओवर में 138 रन (देवेंद्र यादव 45, जुनैद अली 27, कुणाल द्विवेदी 17, लकी सरोज 5/01, शुभ सोनी 2/13, राजवीर मौर्य, रमन सिंह व जैल कुमार एक-एक विकेट) पर सिमट गई। लकी सरोज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## सिद्धू एवं रोशन ने सेंट पीटर्स क्लब को जिताया

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** सेंट पीटर्स क्लब ने एएस हनुमानगंज क्लब को 8 विकेट से हराकर सेंट पीटर्स कप कलर ड्रेस वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में एएस हनुमानगंज क्लब ने 27.4 ओवर में 144 रन (अंकित यादव 38, कार्तिकेय राय 25, आर्यन श्रीवास्तव 24, सिद्धू सैनी 4/19, उमंग यादव 2/20, रोशन कुशवाहा 2/28, मोहम्मद इस्माइल व शिवांश पांडेय एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में सेंट पीटर्स क्लब ने 20 ओवर में पांच विकेट दो विकेट पर 145 रन (आकाश सौरभ 50, रोशन कुशवाहा 37 नाबाद, शिवांश पांडेय 36 नाबाद, अमन कुमार 1/13, अबुजर अंसारी 1/37) बना लिए। रोशन कुशवाहा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# 7 मई से हर गुरुवार गांव-गांव निपटेंगे भूमि विवाद

- 24 संयुक्त टीमें मौके पर करेंगी सीमांकन और विवादों का समाधान
- 10-15 साल पुराने भूमि विवादों के त्वरित निस्तारण पर जोर



मैनपुरी 24 अप्रैल 2026- जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने आई.जी.आर.एस., जन-सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की विभागवार समीक्षा के दौरान कहा कि प्रशासन की वास्तविक पहचान जनता के बीच उसकी कार्यशैली, संवेदनशीलता और समस्या समाधान की गति से होती है यदि शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होगा, तो जनता का विश्वास कमजोर होगा और प्रशासन की छवि भी प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवादों के निस्तारण में आ रही जटिलताओं, वर्तमान प्रणाली अत्यधिक लंबी, कठिन होने के फलस्वरूप साधारण विवाद भी वर्षों तक लंबित रहता है, कई-कई मामलों में 10 से 15 वर्षों तक न्याय नहीं मिल पाता, जो न्याय के मूल सिद्धांत के विपरीत है, 'न्याय में विलंब, न्याय से वंचित करने के समान है, इस समस्या के समाधान के लिए 'मिशन समाधान' नामक एक अभिनव पहल को लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भूमि विवादों का त्वरित, पारदर्शी और स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि 'मिशन समाधान' अभियान 07 मई से प्रारम्भ किया जाएगा, जो प्रत्येक बृहस्पतिवार को आयोजित होगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित उप जिलाधिकारियों, तहसीदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुनिश्चित किया जाये कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक लेखपाल द्वारा अपने क्षेत्र में लंबित एवं बार-बार आने वाले विवादों का चिन्हांकन, चिन्हांकन में पक्ष-विपक्ष का नाम, विवाद का प्रकार, भूमि का विवरण सहित समस्त तैयरियां 01 सप्ताह में सूची एक्सेल फॉर्मेट में तैयार कर ग्रामवार, डिसेंडिंग ऑर्डर में प्रस्तुत की जाए ताकि जिन गांवों में अधिक विवाद हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जा सके। उन्होंने कहा कि डेटा की सटीकता इस अभियान की सफलता की कुंजी होगी, अभियान के तहत संयुक्त टीमें गठित की जाएंगी, जिनमें राजस्व निरीक्षक टीम लीडर होगा, उनके साथ 04-05 लेखपाल, एक उप निरीक्षक और 03-04 पुलिस कर्मी शामिल होंगे, जनपद में 24 टीमें एक साथ विभिन्न गांवों में जाकर कार्य करेंगी, टीमें गांव में जाकर दोनों पक्षों की उपस्थिति में मौके पर ही विवाद का समाधान करेंगी, जिसमें सीमांकन, कब्जा दिलाना और अवैध कब्जा हटाना जैसे कार्य शामिल होंगे, समाधान के बाद स्पॉट मेमो तैयार किया जाएगा, जिसमें दोनों पक्षों के हस्ताक्षर, फोटोग्राफ और वीडियो रिकॉर्डिंग शामिल होगी यदि भविष्य में कोई पक्ष विवाद को पुनः उठाता है, तो तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराकर कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिससे दोबारा विवाद की संभावना समाप्त हो सके। उन्होने कहा कि इस मॉडल के माध्यम से मामलों का स्थायी समाधान होगा, सरकारी, सार्वजनिक भूमि भी अतिक्रमण से मुक्त कराई जा सकेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान को तीन चरणों में संचालित किया जाएगा, प्रथम चरण में अधिक विवाद वाले गांवों का सामूहिक निस्तारण किया जाएगा, द्वितीय चरण में क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुए छोटे समूहों में शेष विवादों का समाधान किया जाएगा, तृतीय चरण में ऐसे गांवों को 'विवाद रहित गांव' घोषित किया जाएगा, जहां सभी प्रमुख समस्याओं का समाधान हो चुका होगा। 'संवेदना पहल' के तहत उप जिलाधिकारियों, तहसीदारों को निर्देशित किया कि वह शोकग्रस्त परिवारों से मिलकर संवेदना व्यक्त करें, जिन परिवारों में तेरहवीं या अन्य शोक कार्यक्रम होंगे, वहां प्रशासनिक अधिकारी सम्बन्धित लेखपाल उपस्थित रहेंगे।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **15.05.2026 को 15:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00372026 दिनांक 24.04.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 05-SrDEN-I-LKO-2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/आलमबाग–पश्चिम के खण्ड में स्थित 3BN/RPSF/LKO में शौचालय, बाथरूम और व्यापारियों की दुकान आदि सहित बैरकों में सुधार। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 90,18,763.20 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 1,80,400/- |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 01.05.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.05.2026, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1369/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 983 अंक टूटा, निफ्टी 23900 के नीचे



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.71 अंक या 1.27% गिरकर 76,681.29 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 275.10 अंक या 1.14त्न गिरकर 23,897.95 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक शेयर बाजार ज्यादातर नीचे रहे जबकि तेल की कीमतें बढ़ीं क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत ठप रही। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे कमजोर होकर 94.23 पर बंद हुआ।

वॉल स्ट्रीट के सर्वकालिक उच्च स्तर से नीचे आने के बाद अमेरिकी वायदा बाजार में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एसएंडपी 500 का वायदा 0.1 प्रतिशत बढ़ा, जबकि डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज का वायदा 0.2 प्रतिशत गिर गया।

यूरोप में शुरुआती कारोबार में, जर्मनी का DAX 0.2 प्रतिशत गिरकर 24,106.17 पर आ गया, और पेरिस का CAC 40 1 प्रतिशत गिरकर 8,147.70 पर आ गया। ब्रिटेन का FTSE 100 0.6 प्रतिशत गिरकर 10,397.64 पर आ गया।

एशियाई बाजार में ट्रेडिंग के दौरान, टोक्यो का निक्केई 225 सूचकांक तकनीकी शेयरों की भारी खरीदारी के चलते 1 प्रतिशत बढ़कर 59,716.18 पर पहुंच गया। गुरुवार को इसने इंट्राडे में 60,000 से ऊपर का रिकॉर्ड उच्च स्तर छुआ था।

हांगकांग का हैंग सेंग शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 0.2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,978.07 पर बंद हुआ, जबकि शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.1 प्रतिशत गिरकर 4,079.90 पर आ गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक लगभग अपरिवर्तित रहते हुए 6,475.63 पर बंद हुआ। ऑस्ट्रेलिया में, एसएंडपी/एएसएक्स 200 में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 8,786.50 पर पहुंच गया। ताइवान का ताइएक्स सूचकांक 3.2 प्रतिशत उछल गया क्योंकि कंप्यूटर चिप निर्माता टीएसएमसी, जो सूचकांक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता के एक और दौर पर प्रगति सीमित रही, भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा रहा है, जबकि यह मूल रूप से समाप्त होने वाला था।

होर्मुज जलडमरूमध्य, जो वैश्विक ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण मार्ग है और जहां युद्ध से पहले दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और प्राकृतिक गैस गुजरता था, अभी भी काफी हद तक बंद है, और ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी समुद्री नाकाबंदी अभी भी लागू है। पिछले हफ्ते अमेरिका द्वारा ईरानी बंदरगाहों पर नाकाबंदी लगाने के बाद, ईरान ने बुधवार को जलडमरूमध्य में तीन जहाजों पर हमला किया और उनमें से दो को जब्त कर लिया।

## स्पीड, स्केल, सिंक्रोनाइज़ेशन: पूरे भारत में निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति को कैसे सशक्त बना रहा है एचपीसीएल



**लखनऊ।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) देश भर में बदलती मांग के बीच निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए, स्पीड, स्केल और सिंक्रोनाइज़ेशन से संचालित समन्वित प्रणाली के माध्यम से भारत के ऊर्जा वितरण तंत्र को और मजबूत कर रहा है।

1 से 23 अप्रैल 2026 के बीच एचपीसीएल ने देशभर में 290 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की, जिसे एक त्वरित और तकनीक-आधारित सप्लाई चेन का समर्थन मिला। एचपीसीएल का देशव्यापी नेटवर्क बड़े पैमाने पर संचालित होता रहा है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है।

लचीले ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग स्पष्ट है–5 किलोग्राम के 6.18 लाख से अधिक फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर और 2 किलोग्राम के 25,000 से अधिक सिलेंडर की आपूर्ति की गई, जिससे विभिन्न उपभोक्ता वर्गों तक स्वच्छ ईंधन की पहुंच का विस्तार हुआ।

बढ़ती मांग के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए एचपीसीएल ने अपनी परिचालन गतिविधियों को तेज किया, जिसके तहत इस अवधि में 1,77,693 से अधिक टैंकरों की डिस्पैचिंग की गई।

अब 99.2% एलपीजी बुकिंग डिजिटल होने से कंपनी वास्तविक समय में अनुरोधों को प्रोसेस कर पा रही है–जिससे तेज आवंटन, बेहतर रूट प्लानिंग और शीघ्र डिलीवरी संभव हो रही है।

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च किए बीस्पोक एआई विंडफ्री एसी, स्मार्ट कूलिंग और 30% तक बिजली बचाने की सुविधा

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने भारत में अपनी नई बीस्पोक एआई विंडफ्री इंवर्टर स्प्लिट एसी रेंज लॉन्च की है। इस नई सीरीज़ में 23 मॉडल शामिल हैं, जिनकी शुरुआती कीमत 32,940 रूपये रखी गई है। कंपनी ने इसे बढ़ते तापमान और ऊर्जा दक्षता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पेश किया है। यह एसी एआई एनर्जी मोड के जरिए 30% तक बिजली बचाने की सुविधा देते हैं। नई रेंज में एआई फास्ट और कंफर्ट कूलिंग तकनीक दी गई है, जो कमरे की स्थिति और उपयोग के पैटर्न का विश्लेषण कर तेजी से कूलिंग शुरू करती है। इससे कमरे का तापमान तेजी से कम हो जाता है और तुरंत राहत मिलती है।तापमान कम होने के बाद, जब कमरे का टेम्परेचर मनचाहे स्तर पर आ जाता है, तो सिस्टम विंडफ्री/ड्राई कंफर्ट मोड पर चला जाता है ताकि आरामदायक कूलिंग बनी रहे। यह हवा को बहुत हल्के तरीके से छोटे-छोटे छेदों से फैलाता है, जिससे तेज और ठंडी हवा सीधे नहीं लगती। पूरे समय एआई कमरे की स्थिति और यूजर की पसंद को समझता रहता है और उसी के हिसाब से कूलिंग को एडजस्ट करता है, ताकि लगातार आराम मिलता रहे। सैमसंग की नई बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर रेंज अब देश के प्रमुख रिटेल स्टोर्स और फ्लिपकार्ट, अमेज़न एवं Samsung.com सहित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

## पोको ने पेश की पोको सी81 सीरीज़

**बेंगलुरू।** पोको, आज के टेकी युवाओं के बीच मशहूर लोकप्रिय ब्रांड, ने आज पोको सी81 सीरीज़ को लॉन्च करने की घोषणा की है। इस सीरीज़ में पोको सी81 और पोको सी81एक्स शामिल हैं। भरोसेमंद प्रदर्शन, बड़ा शानदार डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी प्रदान करने के लिए बनाई गई, यह नई सीरीज़ उपयोगकर्ताओं की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करेगी।पोको सी81 सीरीज़ में बड़ी और आकर्षक स्क्रीन दी गई है, जो आपके रोज़ के देखने के अनुभव को और मज़ेदार बनाती है। पोको सी81 में 6.9 इंच की HD+ स्क्रीन है, जबकि पोको सी81एक्स में 6.88 इंच की HD+ स्क्रीन दी गई है। दोनों फोन इंटरनेट चलाने, वीडियो सी81 और सोशल मीडिया के लिए शानदार तस्वीर देते हैं। पोको C81 सीरीज़ में बड़ी बैटरी दी गई है जो पूरे दिन बिना रुके साथ देती है, और एक बार चार्ज करने पर ये फोन करीब 2 दिन तक चलते हैं। दोनों फोन बॉक्स में मिले चार्जर के साथ 15W की तेज़ चार्जिंग (फास्ट चार्जिंग) को सपोर्ट करते हैं। साथ ही 7.5W की रिवर्स चार्जिंग की सुविधा भी है, जिससे दूसरे फोन या सामान भी चार्ज किए जा सकते हैं।पोको सी81 सीरीज़ रोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए अच्छे कैमरे से लैस है। पोको सी81 में 13MP का दोहरा एआई कैमरा है, जो अलग-अलग परिस्थितियों में बेहतर तस्वीरें खींचता है। वहीं पोको C81× में 13MP का पिछला कैमरा दिया गया है जो साफ और स्वाभाविक तस्वीरें लेता है।दोनों फोन में 8MP का सामने का कैमरा है और ये 30fps पर 1080p वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं। इनमें HDR, नाइट मोड, पोर्ट्रेट और टाइम-लैप्स जैसी काम की सुविधाएं भी मिलती हैं।

## येज़्दी और बीएसए ने दो शानदार नई मोटरसाइकिलें लॉन्च कीं



**लखनऊ।** पहली बार एक साथ आए येज़्दी और बीएसए, भारत के नए दौर के राइडर के लिए दो दमदार स्क्रैम्बलर लेकर आए हैं। ये राइडर ऐसी मोटरसाइकिल्स की चाहत रखते हैं, जो शहर की सड़कों पर सहज हो, कच्चे रास्तों पर भरोसेमंद हो और हाईवे पर भी बेफिक्र चल सके। अपनी मूल स्क्रैम्बलर पहचान को बरकरार रखते हुए दोनों ब्रांड प्रीमियम बाइकिंग सेगमेंट के दोनों सिरों को कवर कर रहे हैं। येज़्दी स्क्रैम्बलर 350 और बीएसए स्क्रैम्बलर 650 में दमदार इंजन के साथ रफ-एंड-रियल डिज़ाइन का खास तड़का है। अनुपम थरेजा, सह-संस्थापक, क्लासिक लीजेंड्स ने कहा, मेरा मानना है कि स्क्रैम्बलर भारतीय बाइकिंग को वैसे ही बदल देंगे जैसे एसयूवी ने कारों की दुनिया बदल दी। स्क्रैम्बलर यानी मोटरसाइकिल्स की एसयूवी। ये शहर में कॉन्फिडेंट राइड देते हैं और इतने रग्ड हैं कि वीकेंड पर आपको ऑफ-रोड जाने का हौसला भी देते हैं। अब इसमें येज़्दी और बीएसए का स्टाइलिश और बोल्ड डिज़ाइन जोड़ दीजिए, तो हम उसी कैटेगरी में धमाका करने के लिए तैयार हैं जिसे हमने शुरू किया था। येज़्दी 350 और बीएसए 650 के साथ हमने तय कर दिया है कि भारतीय स्क्रैम्बलर की असली परिभाषा क्या होगी। नई येज़्दी अपने दमदार लुक से पहली नज़र में ही दिल जीत लेगी।

# लखनऊ बना एजुकेशन हब: एडइनबॉक्स समिट 2026 में फॉरेंसिक साइंस, स्किल्स और भविष्य के करियर पर बड़ा मंथन



**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एडइनबॉक्स रीजनल हायर एजुकेशन समिट 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जहां सुबह से शाम तक चले इस आयोजन में शिक्षा जगत के विशेषज्ञों, विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों, स्कूल लीडर्स, नीति निर्माताओं और बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। समिट ने उच्च शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और इंडस्ट्री एकेडेमिया तालमेल जैसे अहम विषयों पर प्रभावी चर्चा का मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. (डॉ.) आदर्श कुमार, निदेशक, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्रीज द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. ए.के. श्रीवास्तव (डिप्टी डायरेक्टर, एफएसएल लखनऊ), डॉ. टी.पी. सिंह (प्रो वाइस चांसलर, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी), प्रो. उज्जवल के. चौधरी (प्रो वाइस चांसलर, टेक्नो इंडिया यूनिवर्सिटी एवं एडिटोरियल एडवाइजर, एडइनबॉक्स कम्युनिकेशन) और प्रो. (डॉ.) दीप्ति शुक्ला (प्रिंसिपल, समर्पण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, लखनऊ) सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

उद्घाटन सत्र में प्रो. (डॉ.) आदर्श कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में शिक्षा को केवल सैद्धांतिक दायरे में सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने छात्रों के लिए व्यावहारिक कौशल, रिसर्च ओरिएंटेशन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अनिवार्य बताते हुए फॉरेंसिक साइंस को तेजी से उभरते और संभावनाओं से भरपूर करियर विकल्प के रूप में रेखांकित किया। इस वर्ष समिट में फॉरेंसिक साइंस प्रमुख आकर्षण रहा, जहां विशेषज्ञों ने डीएनए प्रोफाइलिंग, डिजिटल फॉरेंसिक, टॉक्सिकोलॉजी और फिंगरप्रिंट एनालिसिस जैसी तकनीकों को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने बताया कि किस तरह छोटे-छोटे वैज्ञानिक साक्ष्य बड़े और जटिल मामलों को सुलझाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं, साथ ही न्यायिक प्रक्रिया में वैज्ञानिक तथ्यों की प्रस्तुति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। समिट के विभिन्न सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नई शिक्षा नीति, क्रिएटिव करियर और स्किल-बेस्ड एजुकेशन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

रीजनल प्रिंसिपल्स मीट, एकेडमिक लीडरशिप डायलॉग और स्कूलदृयूनिवर्सिटी कनेक्ट जैसे इनिशिएटिव्स ने शिक्षा क्षेत्र के अलग-अलग हितधारकों के बीच संवाद को मजबूत किया, जबकि छात्रों को करियर काउंसलिंग और इंटरैक्टिव सेशंस के माध्यम से सीधे मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन आरजे पुनीत और होस्ट मनीषा ने किया, जिनकी ऊर्जा ने पूरे आयोजन को जीवंत बनाए रखा। समिट के दौरान 'प्रिंसिपल अवॉर्ड ऑफ ऑनर' के तहत शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने विश्वास जताया कि इस तरह के मंच छात्रों को सही दिशा देने, नए अवसरों से जोड़ने और शिक्षा प्रणाली को समय की जरूरतों के अनुसार ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

## टीएमसी की घबराहट आंकड़ों से नहीं, बंगाल की जागृत जनता से है: श्री धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली/कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के संदर्भ में टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन पर तीखा हमला बोला है। श्री प्रधान ने कहा कि चुनावी शुचिता के लिए की गई वोटर लिस्ट की सफाई से टीएमसी का विचलित होना उनकी राजनीतिक असुरक्षा को दर्शाता है। डेरेक ओ ब्रायन के बयानों पर पलटवार करते हुए श्री प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा है कि आपका चुनिंदा अंकगणित केवल उसी बिंदु को पुख्ता करता है जिसे आप नकारने की कोशिश कर रहे हैं। जब मतदाता सूची से अवैध घुसपैठियों, डुप्लीकेट प्रविष्टियों और संदिग्ध नामों को हटा दिया जाता है, तो मतदान प्रतिशत स्वाभाविक रूप से एक स्वच्छ और अधिक विश्वसनीय आधार को दर्शाता है।केंद्रीय मंत्री ने बंगाल की जनता के साहस की सराहना करते हुए कहा कि तमाम सुधारों के बावजूद 3 करोड़ से अधिक नागरिकों ने बाहर निकलकर वोट डाला है। यह स्पष्ट संकेत है कि बंगाल के लोग अब भय और राजनीतिक डराने धमकाने के बजाय लोकतांत्रिक भागीदारी को चुन रहे हैं।

## ओमेक्स ने मनाया 'असोसिएट्स मीट' में सफलता का जश्न



**लखनऊ।** ओमेक्स लिमिटेड द्वारा लखनऊ स्थित आईटीसी फॉर्च्यून पार्क, बीबीडी में 'असोसिएट्स मीट' का आयोजन किया गया, जिसमें कंपनी के प्रमुख चैनल पार्टनर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन वर्ष की पहली तिमाही में प्राप्त उल्लेखनीय व्यावसायिक उपलब्धियों का जश्न मनाने और सहयोगियों के साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश के नए सीआरएम प्रमुख श्री अभिनव सिंह का चैनल पार्टनर्स द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी सहयोगियों की ओर से श्री राज कुमार यादव ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

ओमेक्स लिमिटेड के बिजनेस हेड श्री अंजनी कुमार पाण्डेय ने कहा, ÷हमारे लिए चैनल पार्टनर्स केवल सहयोगी नहीं, बल्कि हमारी विकास यात्रा के मजबूत स्तंभ हैं। पहली तिमाही में मिले शानदार सहयोग और विश्वास के लिए हम सभी का आभार व्यक्त करते हैं। आने वाले समय में हम पारदर्शिता और मजबूत साझेदारी के साथ नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## यूपी बोर्ड परिणाम 2026: पीडब्ल्यू के यूपी बोर्ड वाला की छात्राएँ अंशिका वर्मा और शिखा वर्मा बनीं राज्य टॉपर



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 2026 के कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। फिज़िक्सवाला के UP Board Wallah से पढ़ने वाली छात्राओं ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

बाराबंकी के उधौली की रहने वाली अंशिका वर्मा ने कक्षा 10वीं की UPMSP परीक्षा में 600 में से 587 अंक (97.83%) प्राप्त कर राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने गणित में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर परिश्रम और मिले सहयोग को दिया।

उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों ने पूरे समय मेरा साथ दिया, जिसके लिए मैं उनकी बहुत आभारी हूँ। इसके साथ ही मैंने UP Board Wallah से ऑनलाइन पढ़ाई की, जहाँ शिक्षकों ने मेरी कॉन्सेप्चुअल क्लैरिटी को मज़बूत बनाने में मदद की। मैंने प्रतिदिन अनुशासित ढंग से अभ्यास और रीविज़न पर ध्यान दिया, और मेरे अंक उसी प्रयास का परिणाम हैं।

वहीं, PMSP कक्षा 12वीं की परीक्षा में शिखा वर्मा ने 500 में से 488 अंक (97.6%) प्राप्त कर राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने विज्ञान (नॉन-मेडिकल) स्ट्रीम में यह उपलब्धि प्राप्त की और अंशिका की तरह गणित में 100 में से 100 अंक अर्जित किए।

अपनी सफलता पर शिखा ने कहा, मुझे विश्वास था कि मैं अच्छे अंक ला सकती हूँ, लेकिन यह नहीं सोचा था कि मैं राज्य टॉपर बनूँगी। मेरे माता-पिता और शिक्षकों ने हर कदम पर मुझ पर विश्वास किया और मेरा मार्गदर्शन किया। स्व-अध्ययन के लिए ऑनलाइन व्याख्यानों ने मुझे निरंतरता बनाए रखने और पूरे वर्ष अपने प्रदर्शन को बेहतर करने में सहायता की।

छात्राओं को बधाई देते हुए फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के शिक्षक एवं संस्थापक अलख पांडेय ने कहा, हमें अपने विद्यार्थियों और उनकी उपलब्धियों पर अत्यंत गर्व है। इन छात्राओं की सफलता इन छात्राओं की सफलता सराहनीय है। यह परिणाम उनके परिश्रम और समर्पण का प्रतिबिंब है।

## बलरामपुर चीनी मिल्स ने 160 करोड़ के लैक्टोजिप्सम प्रोसेसिंग प्लांट की घोषणा की

**नई दिल्ली।** वैल्यू एडीशन एवं सस्टेनेबिलिटी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड (बीसीएमएल) ने उत्तर प्रदेश के कुंभी में एक लैक्टोजिप्सम प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना को मंजूरी दे दी है, यह पीएलए के उप-उत्पादों से मूल्य सृजन बढ़ाने तथा इसके समेकित संचालन को मजबूत बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि है तकरीबन रु 160 करोड़ तक के अनुमानित निवेश से बनी यह प्रस्तावित युनिट लैक्टोजिप्सम का उपयोग कर जिप्सम बोर्ड बनाएगी। गौरतलब है कि लैक्टोजिप्सम कंपनी के आगामी पॉलीलैक्टिक एसिड (पीएलए) प्रोजेक्ट का उप-उत्पाद है। उम्मीद है कि प्लांट में सालाना 76 लाख जिप्सम बोर्ड की उत्पादन की क्षमता होगी तथा दिसम्बर 2027 तक कमर्शियल उत्पादन शुरू होने का अनुमान है।इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मिस अवंतिका सराओगी, एक्ज़क्टिव डायरेक्टर, बीसीएमएल ने कहा, ''बोर्ड की मीटिंग में लिया गया फैसला कंपनी के विकास को मजबूत बनाने पर हमारे फोकस को दर्शाता है। जुटाई गई राशि का उपयोग विस्तार के अगले चरण के लिए किया जाएगा, और सामरिक पहलों जैसे कुंभी में आगामी जिप्सम प्रोसेसिंग प्लांट में निवेश किया जाएगा। इससे हम सस्टेनेबल एवं इंटीग्रेटेड संचालन के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाते हुए उप-उत्पाद से अतिरिक्त मूल्य सृजन कर सकेंगे। पूंजीगत व्यय की प्रतिबद्धताएं और प्रस्तावित फंड जुटाने में प्रमोटरों की लगभग 43 फीसदी भागीदारी, कंपनी की विकास योजनाओं में प्रमोटरों के भरोसे तथा इन परियोजनाओं की दीर्घकालिक क्षमता की पुष्टि करती है।''बोर्ड मीटिंग के परिणामों पर बात करते हुए श्री विवेक सराओगी, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, बीसीएमएल ने कहा, ''कंपनी अपने इंटीग्रेटेड बिज़नेस मॉडल को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विकास के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपना रही है।

## रिजर्व बैंक ने पेटीएम का बैंकिंग लाइसेंस किया रद्द

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाते हुए, तत्काल प्रभाव से उसके बैंकिंग लाइसेंस को रद्द करने का आदेश जारी किया। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जिसके बाद से बैंक किसी भी प्रकार की नई जमा स्वीकार नहीं कर सकेगा और न ही किसी भी ग्राहक खाते में क्रेडिट लेन-देन कर पाएगा। इस निर्णय का सीधा असर बैंक के करोड़ों ग्राहकों पर पड़ेगा, जिन्हें अपनी जमा राशि और लेन-देन को लेकर चिंता सता रही है। आरबीआई ने कहा, बैंक के प्रबंधन का सामान्य स्वरूप जमाकर्ताओं के हितों के साथ-साथ जनहित के भी विरुद्ध है। इसके परिणामस्वरूप, पेटीएम पेमेंट्स बैंक को किसी भी प्रकार का बैंकिंग व्यवसाय करने से प्रतिबंधित किया गया है।

## बिरला ओपस पेंट्स का प्रोजेक्ट समर्थ पेंटर्स और कांट्रैक्टर्स का वित्तीय समावेशन बढ़ाने के लिए लखनऊ पहुँचा



**लखनऊ।** आदित्य बिरला समूह की ग्रैसिम इंडस्ट्रीज़ के ब्रांड, बिरला ओपस पेंट्स ने 22 अप्रैल, 2026 को लखनऊ में प्रोजेक्ट समर्थ के अंतर्गत अपने वित्तीय जागरूकता और एनरोलमेंट कैंप का आयोजन किया। कंपनी ने यह कैंप पेंटर और कॉन्ट्रैक्टर समुदाय के वित्तीय सशक्तीकरण की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत लगाया और सरकारी कल्याण योजनाओं के बारे में जागरूकता एवं उनकी उपलब्धता बढ़ाई लखनऊ में इस कैंप को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इसमें 140 से अधिक पेंटर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स ने हिस्सा लिया तथा सरकार की सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय कल्याण योजनाओं को समझा एवं उनके लिए अपना एनरोलमेंट कराया। प्रोजेक्ट समर्थ एक व्यवहारिक एवं सहयोगपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर कर काम करने वाले कर्मियों को कल्याण योजनाओं से जुड़ने में आने वाली दिक्कतों को दूर करना तथा उन्हें दस्तावेजों की मदद एवं स्कीम की पात्रता संबंधी मदद करना है।कैंप में आने वालों को ई-श्रम, आयुष्मान भारत कार्ड (पी.एम.जे.ए.वाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पी.एम.एस.बी.वाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पी.एम.जे.जे.बी.वाई) एवं अन्य वित्तीय और बीमा योजनाओं के लिए रजिस्ट्रेशन कराने में मदद दी गई। आवेदनों को सरलता से और साफ-साफ भरने में मदद करने के लिए यहाँ ऑन-साईट असिस्टैंस काउंटर और प्रशिक्षित प्रतिनिधि मौजूद थे।इस पहल के बारे में बिरला ओपस पेंट्स के कस्टमर एक्सपीरियंस हेड, श्रीकांत एसके ने कहा, बिरला ओपस पेंट्स में हम जिस परिवेश में काम करते हैं, पेंटर और कॉन्ट्रैक्टर उस परिवेश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन लोगों का कल्याण हमारी पहली प्राथमिकता है। प्रोजेक्ट समर्थ के माध्यम से हम इन लोगों की वित्तीय जागरूकता बढ़ाते हैं, और उन्हें ज्यादा आसान एवं व्यवहारिक तरीके से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लेने में समर्थ बनाते हैं। हमारे इस कैंप को जयपुर, हैदराबाद, दिल्ली और अब लखनऊ में बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है, जिससे हमारे इस अभियान का महत्व प्रदर्शित होता है। इससे अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने और जमीनी स्तर पर ठोस परिवर्तन लाने का हमारा संकल्प मजबूत हुआ है।

## हिंदी ज़ी5 ने 8 मई को 'द केरल स्टोरी 2: गोज़ बियॉन्ड' के डिजिटल प्रीमियर की घोषणा की

**नई दिल्ली।** थिएटर में रिलीज़ के बाद काफी चर्चा बटोरने वाली फिल्म द केरल स्टोरी 2 गोज़ बियॉन्ड अब 8 मई को हिंदी ज़ी5 पर रिलीज़ होने जा रही है। अपनी डिजिटल रिलीज़ के साथ, यह फिल्म और भी बड़े दर्शक वर्ग तक पहुँचने का लक्ष्य रखती है, ताकि इसकी प्रभावशाली और भावनात्मक कहानी देशभर के घरों तक पहुँच सके।

अपने पहले भाग से आगे बढ़ते हुए, द केरल स्टोरी 2ः गोज़ बियॉन्ड इस बार राजस्थान, मध्य प्रदेश और केरल की तीन युवा महिलाओं की व्यक्तिगत ज़िंदगी की कहानियों पर ध्यान देती है। पहली नज़र में उनकी ज़िंदगियाँ अलग-अलग लगती हैं, लेकिन एक साझा अनुभव उन्हें जोड़ता है, जहाँ कहानी की शुरुआत भरोसे और प्यार से होती है, लेकिन धीरे-धीरे यह धोखे, नियंत्रण और अपने फैसलों पर अधिकार खोने तक पहुंच जाती है।

असल में, यह फिल्म एक कड़ी और असहज सच्चाई की याद दिलाती है कि भावनात्मक कमजोरी का कैसे गलत फायदा उठाया जा सकता है। यह दिखाती है कि भरोसे का दुरुपयोग कितनी आसानी से हो सकता है, जिससे रिश्ते आज़ादी की जगह नियंत्रण का माध्यम बन जाते हैं। इन गहराई से जुड़ी व्यक्तिगत कहानियों के ज़रिए, फिल्म एक ऐसी जागरूक करने वाली कहानी बनकर सामने आती है, जो यह बताती है कि ऐसे अनुभव किसी भी बेटी के साथ, किसी भी घर में हो सकते हैं।

इस फिल्म का निर्माण विपुल अमृतलाल शाह ने किया है और इसका निर्देशन कामाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में अदिति भाटिया, उल्का गुप्ता और ऐश्वर्या ओझा मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिन्होंने अपने किरदारों में गहराई और भावनात्मक संवेदनशीलता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। फिल्म के सह-निर्माता आशिन ए. शाह और रविचंद नल्लप्पा हैं, जबकि इसकी कहानी अमरनाथ झा और विपुल अमृतलाल शाह ने मिलकर लिखी है।

## विज्ञान और करुणा का संगम

### लखनऊ, भारत का मॉडल शहर जहाँ सड़क के कुत्तों और समुदाय के बीच सह-अस्तित्व स्थापित है



**लखनऊ।** मार्स, इंकॉरपोरेटेड (एक वैश्विक पेट केयर, स्नैकिंग और फ़ूड कंपनी) की परोपकारी संस्था, मार्स इम्पैक्ट फंडके प्रतिनिधियों ने लखनऊ में 'ह्यूमन वर्ल्ड फॉर एनिमल्स इंडिया के एनिमल्स बर्थ कंट्रोल केंद्र का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य शहर के एकीकृत, मानवीय तरीके से आवारा कुत्तों के प्रबंधन और सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम को देखना था। इस दौरे से यह पता चला कि कैसे कुत्तों की नसबंदी और रेबीज़-रोधी टीकाकरण की पहलें मज़बूत सामुदायिक जुड़ाव के ज़रिए सफल हो सकती हैं। यह सामुदायिक जुड़ाव ही लखनऊ को एक मॉडल शहर के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाता है, जहाँ मानवीय तरीके से आवारा कुत्तों की आबादी का प्रबंधन किया जाता है, इंसानों और कुत्तों के बीच टकराव कम किया जाता है, और भारत में दोनों के बीच सह-अस्तित्व को बढ़ावा दिया जाता है। भारत में, लाखों आवारा कुत्ते इंसानों के आस-पास ही रहते हैं, जिससे शहरों में एक जटिल चुनौती खड़ी हो सकती है। लखनऊ से सामने आया एक प्रोग्राम मॉडल यह दिखाता है कि जब विज्ञान-आधारित रणनीतिक समाधानों को करुणा और सामुदायिक भागीदारी के साथ जोड़ा जाता है, तो उन शहरों के लिए एक ऐसा रास्ता तैयार होता है, जो इंसानों और कुत्तों के बीच होने वाले टकराव का प्रभावी, स्थायी और मानवीय समाधान चाहते हैं। इस तरीके की सबसे खास बात यह है कि यह समुदायों और आवारा कुत्तों की देखभाल करने वालों पर ज़ोर देता है–उन्हें समाधान में सिर्फ़ फ़ायदा पाने वाले नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदार मानता है। समुदाय के स्वयं-सेवक, निवासी, रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन और समुदाय के कुत्तों की देखभाल करने वाले लोग इसमें अहम भूमिका निभाते हैं–आवारा कुत्तों पर नज़र रखने से लेकर, उनके लिए तय की गई खाने की जगहों को संभालने तक, और फ़ील्ड टीमों के साथ मिलकर उन कुत्तों की पहचान करने तक जिनका अभी तक नसबंदी नहीं हुई है।

आज, पूरे शहर में 475 से ज़्यादा अभय संकल्प समितियाँ–स्थानीय निवासियों के ऐसे समूह जो आवारा कुत्तों के साथ इंसानी तरीके से रहने और उनके सही प्रबंधन में मदद के लिए बनाए गए हैं–सक्रिय हैं, और इनमें 15,000 से ज़्यादा समुदाय के सदस्य शामिल हैं।

# पर्यटन विकास से कुशीनगर को मिलेगी नई पहचान : विजय दुबे

- 'दिशा' समिति की बैठक में विकास योजनाओं पर मंथन, अधिकारियों को सख्त निर्देश
- जल, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देने पर जोर, अधूरे कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश


दिशा की बैठक को संबोधित करते सांसद विजय कुमार दुबे

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद विजय कुमार दुबे की अध्यक्षता तथा सह-अध्यक्ष शशांक मणि त्रिपाठी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के निर्देश दिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि 'दिशा' समिति विकास कार्यों की समीक्षा का महत्वपूर्ण मंच है, जहां योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और आम जनता की समस्याओं पर भी चर्चा कर समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने की अपेक्षा जताई। गर्मी के मद्देनजर सांसद ने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, जर्जर तारों और पोलों के प्रतिस्थापन तथा मरम्मत कार्य समय से पूरा करने पर जोर दिया। साथ ही विद्युत केंद्रों पर 24 घंटे ड्यूटी व्यवस्था सुनिश्चित करने और कर्मचारियों के संपर्क नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत चल रही योजनाओं की भी समीक्षा की गई। सांसद ने अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कर आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर बल दिया। सांसद ने हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए डीएम महेंद्र सिंह तंवर को बधाई देते हुए कहा कि इससे कुशीनगर को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है और पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं विकसित हुई हैं। सह-अध्यक्ष शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि अगले 12 महीनों के लिए ठोस विकास रणनीति तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर प्राथमिकताएं तय कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं को महत्वपूर्ण क्षेत्र बताते हुए इन पर ध्यान देने की बात कही। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में तकनीक के माध्यम से विकास कार्यों को गति दी जा रही है। दुर्गा फाउंडेशन के साथ हुए एमओयू के तहत कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के छात्रों को कंप्यूटर व डिजिटल तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही 'जनता दर्शन' को डिजिटाइज करते हुए एक ऐप लॉन्च किया गया है, जिससे शिकायतों का निस्तारण 5 से 7 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में पांच डिजिटल वालंटियर तैयार किए जाने की योजना है तथा पुराने डीआईओएस कार्यालय में एआई हब स्थापित किया जा रहा है। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने गैस की उपलब्धता, पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति, स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता और डॉक्टरों की तैनाती जैसे मुद्दे भी उठाए। रेलवे अंडरपास से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक मनीष जायसवाल, सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, मोहन वर्मा डॉ असीम कुमार, विवेकानंद पांडेय, विनय प्रकाश गौंड, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनगणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 30 दिन में पूर्ण किया जाएगा

**फर्रूखाबाद।** भारत की प्रस्तावित जनगणना-2027 का कार्य वर्तमान में युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है। यह जनगणना दो चरणों में संपन्न कराई जानी प्रस्तावित है। प्रथम चरण के अंतर्गत मकानों की सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 22 मई से 20 जून 2026 (30 दिवस) तक किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या एवं जाति गणना का कार्य संपादित किया जाएगा।

जनपद में जनगणना-2027 का कार्य नवागंतुक जिलाधिकारी/प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी डा0 अंकुर लाठर एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) के कुशल निर्देशन में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 19 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ किया गया है। प्रत्येक प्रगणक एवं सुपरवाइजर को 03 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो जनपद स्तर पर प्रशिक्षित कुल 64 फील्ड ट्रेनरों द्वारा संपन्न कराया जा रहा है।

# कप्तानगंज क्षेत्र में बारह वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत


अमृता सिंह, फाइल फोटो


पुलिस से पीएम न करने की गुहार लगाते परिजन

**अवधनामा संवाददाता**

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पोखरभिंडा नं वन गांव में एक 12 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किशोरी नाराज होकर गले में फंदा डालकर लटक गई। किशोरी की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर लाश को पीएम के लिए भेज दिया और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पोखरभिंडा गांव निवासी इंद्रजीत सिंह उर्फ भकोल की बारह वर्षीय पुत्री अमृता जो कक्षा 6 की छात्रा थी। उसने किसी बात से नाराज़ हो कर गुरुवार की रात में लगभग आठ बजे के आसपास घर के अंदर कुंडे से लटक गई। जबकि परिजनों का कहना है कि अमृता को झटका (दौरा) आने की बिमारी है और उसकी मौत झटका आने से हो गई है।

घटना की खबर पूरे गांव में तेजी से फैल गई और लोगों में तरह तरह की कानाफूसी होने लगी। लोगों के अनुसार अमृता पढ़ने में काफी होशियार थी। इन्द्रजीत सिंह की चार औलादों में अमृता दूसरे नंबर की थी। अमृता की बड़ी बहन आंचल (14 वर्ष), दूसरी बहन साक्षी (11 वर्ष), भाई आर्यन (6 वर्ष) का है। इस घटनाक्रम ने माता-पिता को तोड़कर रख दिया है।

पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्राम प्रधान शेषनाथ सिंह सहित परिजनों ने पुलिस से कई बार पोस्टमार्टम न कराने की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# केदारनाथ ओझा इंटर कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, अंकित व अर्पिता ने किया टॉप


इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र


हाईस्कूल के मेधावी छात्र

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के झांगा स्थित श्री केदारनाथ ओझा इंटरमीडिएट कॉलेज के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल और इंटरमीडिएट दोनों वर्गों में छात्रों ने सफलता का परचम लहराया।

हाई स्कूल परीक्षा में अंकित कुमार ने 91.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नवीन कुमार 91.50 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। आकृति गुप्ता ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विष्णु गुप्ता 90.33 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे तथा प्रिंस गुप्ता 89.16 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इसी प्रकार इंटरमीडिएट परीक्षा में अर्पिता शर्मा ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अंकिता सिंह 80.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय, आराध्या यादव 80.40 प्रतिशत के साथ तृतीय, ममता प्रजापति 79.80 प्रतिशत के साथ चौथे तथा कृष्णा गुप्ता 78 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## होमगार्डस की भर्ती परीक्षा सकुशल कराने हेतु रिक्शा एवं टेंपो चालको की बैठक

**फर्रूखाबाद ।** उ0प्र0 होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेन्ट-2025 की प्रस्तावित लिखित परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से आज एआरटीओ कार्यालय, फर्रूखाबाद में ऑटो/टैम्पो एवं ई-रिक्शा चालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह परीक्षा दिनांक 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें प्रत्येक पाली में लगभग 7000 परीक्षार्थियों के सम्मिलित होने की संभावना है। परीक्षा में अन्य जनपदों से अभ्यर्थियों के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं परीक्षार्थियों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एआरटीओ कृष्ण कुमार यादव द्वारा सभी चालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि परीक्षार्थियों से किसी भी स्थिति में निर्धारित दरों से अधिक किराया न वसूला जाए।

# कुशीनगर को गन्ना फसल से 998 करोड़ का लाभ

- किसानों की अर्थव्यवस्था को मिला सहारा

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रमुख गन्ना उत्पादक जिले कुशीनगर में पेराई सत्र 2025-26 के दौरान गन्ना फसल ने किसानों की आय में बड़ा योगदान दिया है। इस सत्र में जिले के गन्ना किसानों को कुल 998 करोड़ 39 लाख रुपये का गन्ना मूल्य प्राप्त हुआ, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ है।

यह जानकारी गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र, पिपराइच (गोरखपुर) के पूर्व सहायक निदेशक एवं गन्ना विकास सलाहकार ओमप्रकाश गुप्ता ने जिले में गन्ना फसल पर किए गए अध्ययन और सर्वेक्षण के आधार पर दी। उन्होंने कहा कि गन्ना फसल कुशीनगर के किसानों के लिए 'वरदान' है और यह जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी हुई है।


गन्ने की उपज को दिखाते पूर्व सहायक निदेशक

**चार चीनी मिलों ने की व्यापक पेराई :** जिले की चार प्रमुख चीनी मिलों–रामकोला, ढाढा, खड्डा और सेवरही–ने इस सत्र में कुल 253.09 लाख कुन्तल गन्ने की पेराई की। इस दौरान लगभग 2 लाख 6 हजार 378 किसानों ने अपनी उपज मिलों को आपूर्ति की।

### मिलवार स्थिति

**रामकोला चीनी मिल:** 77.74 लाख कुन्तल पेराई के साथ 308.42 करोड़ रुपये का पूर्ण भुगतान किया।

**ढाढा चीनी मिल:** 72.85 लाख कुन्तल पेराई कर 284.20 करोड़ रुपये का शत-प्रतिशत भुगतान किया।

**सेवरही चीनी मिल:** 72.73 लाख कुन्तल पेराई, 287.03 करोड़ रुपये का देय; इसमें से 240.39 करोड़ का भुगतान, जबकि 46.34 करोड़ रुपये बकाया।

**खड्डा चीनी मिल:** 29.77 लाख कुन्तल पेराई, 118.74 करोड़ देय; 115.78 करोड़ भुगतान, 2.96 करोड़ बकाया।

सेवरही चीनी मिल में सबसे अधिक 11.28 प्रतिशत चीनी परता दर्ज की गई, जबकि रामकोला मिल की परता 10.87 प्रतिशत रही।

**किसानों के सामने चुनौतियां :** सर्वेक्षण के दौरान किसानों ने बढ़ती लागत और मजदूरों की कमी को प्रमुख समस्या बताया। उनका कहना है कि गेहूं और धान के दाम हर वर्ष बढ़ते हैं, लेकिन गन्ने के मूल्य में अनिश्चितता बनी रहती है, जिससे क्षेत्रफल बढ़ाना कठिन हो रहा है।

**विशेषज्ञ की सलाह :** ओमप्रकाश गुप्ता ने किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि गन्ना फसल प्रतिकूल परिस्थितियों को सहन करने में सक्षम है। उन्होंने किसानों से पेड़ी गन्ना प्रबंधन, सहफसली खेती और कृषि यंत्रों के उपयोग पर जोर देने को कहा, ताकि लागत घटे और उत्पादन बढ़े।उन्होंने कहा, 'जहां गन्ना होगा, वहीं विकास होगा।

**प्रशासन सक्रिय:** उप गन्ना आयुक्त देवरिया ए.पी. सिंह द्वारा गन्ना विकास और भुगतान की स्थिति की नियमित समीक्षा की जा रही है, वहीं बकाया भुगतान को लेकर संबंधित मिलों को निर्देश भी दिए गए है।

# खाद्य सामग्री में छिपाकर ले जाई जा रही 65 लाख की अवैध शराब की खेप बरामद


पुलिस गिरफ्त में शराब तस्कर

- कसया पुलिस की कार्रवाई, दो तस्कर गिरफ्तार 204 पेटी अवैध शराब व वाहन शराब बरामद

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कसया पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद्य सामग्री के बीच छिपाकर बिहार ले जाई जा रही 204 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक मिनी ट्रक, पिकअप, डीसीएम और मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। बरामद शराब और वाहनों की कुल कीमत करीब 65 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कसया पुलिस संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान जांच में खाद्य सामग्री के बीच छिपाकर ले जाई जा रही ऑफिसर्स च्वाइस ओरिजिनल व्हिस्की की 204 पेटी बरामद हुई। पुलिस के अनुसार प्रत्येक पेटी में 48 पाउच (180 एमएल) शराब थी। कुल 9792 पाउच यानी 1762.56 लीटर शराब बरामद हुई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 11 लाख रुपये है।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग संगठित गिरोह बनाकर शराब को खाद्य सामग्री के साथ छिपाकर बिहार ले जाते थे और वहां ऊंचे दामों पर बेचते थे। गिरोह का एक सदस्य मोटरसाइकिल से आगे चलकर रास्ते में पुलिस की गतिविधियों की रेकी करता था। पुलिस ने इस मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनीश अहमद निवासी रहसु जनोबी पट्टी थाना चौराखास तथा शिशुपाल कुशवाहा निवासी परसौनी फाजिलनगर थाना पटहेरवा कुशीनगर शामिल है।

# उप जिलाधिकारी के आश्वासन पर अनशन समाप्त


अनशनकारी सुग्रीव को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराती एसडीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** विकास खंड दुदही के ग्राम सभा तिवारी पट्टी में शौचालय निर्माण समेत विभिन्न विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर शिकायतकर्ता सुग्रीव जायसवाल द्वारा चल रहे आमरण अनशन बृहस्पतिवार को तमकुहीराज एसडीएम आकांक्षा मिश्र के आश्वासन पर स्थगित हो गया। बता दें कि तिवारी पट्टी स्थित पंचायत भवन अनशन स्थल पर पहुंची एसडीएम आकांक्षा मिश्रा ने उच्चाधिकारियों से बात कर अनशनकारी सुग्रीव जायसवाल द्वारा लगाए गए आरोप की निश्चित समय सीमा में निष्पक्ष जांच कराने की आश्वासन दी। एसडीएम के आश्वासन पर स्थगित किए अनशन को लेकर शिकायतकर्ता ने कहा कि एक माह में यदि ग्राम पंचायत में वर्ष 2015 से अप्रैल 2021 तक राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से बने व्यक्तिगत शौचालयों में व्यापक अनियमितता तथा वर्ष 2005-06 से 2010-11 तक आवंटित इंदिरा आवास योजना की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो पुनः आंदोलन करने को बाध्य होंगे। आरोप है कि शौचालय निर्माण में खर्च की गई धनराशि के सापेक्ष बिल वाउचर में गड़बड़ी की गई है।

## मूक-बधिर युवक लापता, परिजनों ने पुलिस से लगाई गुहार

**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के पकड़ियार पश्चिम पट्टी में एक मूक-बधिर युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने इस संबंध में थाना सेवरही में तहरीर देकर युवक की तलाश कराने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, योगेन्द्र गुप्ता पुत्र निवासी सेवरही वार्ड संख्या-01 ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका लगभग 20 वर्षीय पुत्र उपेन्द्र गुप्ता, जो मूक-बधिर एवं मंदबुद्धि है, बीते 21 अप्रैल 2026 की शाम करीब 2 बजे घर के दरवाजे पर खेल रहा था। कुछ देर बाद वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने बताया कि युवक के अचानक गायब होने के बाद परिवार और रिश्तेदारों द्वारा गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। तहरीर में प्रार्थी ने पुलिस से मांग की है कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर युवक की शीघ्र तलाश की जाए, ताकि उसे सकुशल घर लाया जा सके।

## निरंकारी श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान




**अमेठी।** बाबा गुरबचन सिंह की दिव्य स्मृति में मानव एकता दिवस पर ब्रांच परसावा के संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।जिसमे संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज के अनुभवी चिकित्सक एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित सुव्यवस्थित ढंग से रक्तदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई। जिनसे लगभग 65 रक्त युनिट संकलित की गई। संपूर्ण आयोजन के दौरान स्वच्छता सतर्कता एवं सेवा-भाव का विशेष ध्यान रखा गया। जिससे यह पहल केवल जीवनदायिनी सेवा तक सीमित न रहकर मानवता करुणा और उत्तरदायित्व के उच्चतम आदर्श का प्रतीक बनकर उभरी। अमेठी जनपद की समस्त छः ब्रांचों करौंदी जगदीशपुर अहुरी शाहगढ़ गौरीगंज के श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा पूर्वक रक्तदान करके मानवता के कल्याण के लिए अपना योगदान दिया।ब्रांच के मुखी मूलचंद ने आए हुए निरंकारी श्रद्धालुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निरंकारी सेवादल के संचालक रामसजीवन ने सेवादल के सदस्यों के साथ बहुत ही उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया।इस दौरान सत्संग का भी आयोजन किया गया।

## प्रभारी मंत्री का आगमन आज

**अमेठी।** जिले के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा कल 25 अप्रैल को अमेठी आ रहे हैं। जहां वे जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू होंगे उसके पश्चात हुए दोपहर 12 बजे इंदिरा गांधी डिग्री कॉलेज गौरीगंज में महिला जन आक्रोश सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे। तत्पश्चात 1 बजे इंदिरा गांधी डिग्री कॉलेज परिसर से हनुमान तिराहा गौरीगंज तक महिला जन आक्रोश पदयात्रा में शामिल होंगे। उसके बाद वह जनपद बाराबंकी के लिए रवाना होंगे।

## अनुश्रवण समिति की पहली बैठक सम्पन्न, विधायक विनय प्रकाश बने अध्यक्ष



**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्वसम्मति से रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोड़ को समिति का अध्यक्ष चुना गया।

बैठक में पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, फाजिलनगर विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा, हाटा विधायक मोहन वर्मा, तमकुही विधायक डॉ. असीम कुमार तथा खड्डा विधायक विवेकानन्द पाण्डेय मौजूद रहे। इस दौरान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, नामित प्रतिनिधि मोहम्मद जफर, डिप्टी कलेक्टर/जिला विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, विशुनपुरा, नेबुआ नौरंगिया, मोतीचक व हाटा के ब्लॉक प्रमुख तथा सभी खंड विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समिति में पांच ग्राम पंचायतों के निर्वाचित ग्राम प्रधानों को शामिल किया जाएगा, जिनमें कम से कम दो महिलाएं होंगी। इसके अतिरिक्त एक प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठन से एक सदस्य तथा अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला वर्ग से एक-एक प्रतिनिधि को भी नामित किया जाएगा।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई




**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा कर प्रभावी नियंत्रण हेतु ठोस कार्ययोजना बनाना रहा। बैठक में यातायात कार्यालय फर्रूखाबाद द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों की समीक्षा की गई। अवगत कराया गया कि माह मार्च 2026 तक जनपद में कुल 127 सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई, जिनमें 89 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। इसके सापेक्ष माह मार्च 2025 तक 98 सड़क दुर्घटनाओं में 62 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। इस प्रकार दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर में वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए अध्यक्ष ने पुलिस एवं परिवहन विभाग को अभियान चलाने के निर्देश दिये।

अध्यक्ष द्वारा वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 के दुर्घटना आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए नये ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने हेतु पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया। चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही–जैसे संकेतक चिन्हों की स्थापना, सड़क मरम्मत, स्पीड ब्रेकर एवं प्रकाश व्यवस्था–सुनिश्चित कर दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए।

## हीटवेव से बचाव को एडवाइजरी जारी

**अमेठी।** जनपद में लगातार बढ़ते तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस के मद्देनज़र भीषण गर्मी गर्म हवाओं एवं लू के प्रभाव से बचाव के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता द्वारा विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ-साथ आमजन को सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की गई है। जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि गर्म हवाओं से बचने के लिए घर की खिड़कियों को एलुमिनियम पन्नी गत्ते या रिफ्लेक्टर सामग्री से ढककर रखें ताकि बाहरी गर्मी अंदर न आ सके। जिन खिड़कियों व दरवाजों से दोपहर में गर्म हवा आती है वहां काले परदे लगाने की सलाह दी गई है। साथ ही लोगों से स्थानीय मौसम पूर्वानुमान पर ध्यान देने और तापमान में संभावित बदलाव के प्रति सजग रहने को कहा गया है। प्रशासन ने विशेष रूप से चेताया है कि बच्चों एवं पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें। जहां तक संभव हो दिन के समय घर के अंदर रहें।

# मरीजों के मोबाइल नंबर दर्ज करना अनिवार्य : सीडीओ

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने विकासखंड अमेठी के बेनीपुर में संचालित 50 शैय्या युक्त एकीकृत आयुष चिकित्सालय एवं फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम रक्त परीक्षण कक्ष का निरीक्षण किया और लैब टेक्नीशियन से जांच विवरण की जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने पंचकर्म कक्ष का अवलोकन किया जहां उपस्थित चिकित्सकों ने पंचकर्म की विभिन्न क्रियाओं और उनसे होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने चिकित्सालय परिसर और शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने नोडल चिकित्सक डॉ. मोहम्मद काशिफ को तत्काल व्यवस्था सुधारने और इस



संबंध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए कि किन कारणों से ऐसी अव्यवस्था उत्पन्न हुई। सीडीओ ने निर्देश दिए कि ओपीडी रजिस्टर पर आने वाले प्रत्येक मरीज का मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। अस्पताल में उपस्थित मरीजों से संवाद कर सीडीओ ने उनसे प्राप्त हो रहे उपचार और दवाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा जिस पर मरीजों ने संतोषजनक प्रतिक्रिया दी। नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि किसी भी मरीज या आगंतुक को कठिनाई न हो और उपचार में कोई लापरवाही न बरती जाए। स्टॉक पंजिका से दवाओं का समय-समय पर मिलान करने और यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि कक्ष में कोई भी एक्सपायरी दवा न रखी हो। तत्पश्चात सीडीओ ने बेनीपुर में ही संचालित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी और खंड विकास अधिकारी बृजेश सिंह उपस्थित रहे। प्लांट ऑपरेटर ने पांच चरणों में सेप्टिक टैंक के मलबे से खाद बनाने की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। सीडीओ ने खाद निर्माण और उसकी मार्केटिंग रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि एफएसटीपी से न केवल पर्यावरण संरक्षण होता है बल्कि अपशिष्ट का सुरक्षित निस्तारण भी सुनिश्चित होता है।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रधानों का सम्मेलन आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**




**बहराइच।** जनपद में आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में पंचायत विकास मंच और प्रधान संघ के संयुक्त तत्वावधान में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और प्रधानों का सम्मेलन मां कमला देवी पब्लिक स्कूल सुंदर नगर निकट मारीमाता पर सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश प्रधान संघ अध्यक्ष ललित शर्मा ने की। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद डॉ0 प्रज्ञा त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित करके बैठक का शुभारंभ किया इस कार्यक्रम का संचालन डॉ0 श्याम चौधरी ने किया। इस कार्यक्रम में बहराइच और श्रावस्ती के प्रधान और प्रतिनिधि सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

इस सम्मेलन में अनेकों वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी लोग तैयार हैं चुनाव समय से कराया जाय और अगर प्रशासक बनाया जाए तो उसमें भी प्रधानों को प्राथमिकता दी जाय। क्योंकि जनता द्वारा चुने गए तो अनेकों प्रतिनिधि होते हैं लेकिन जनता की सभी समस्याओं को ग्राम प्रधान ही समाधान कराते हैं। कई वर्षों से मनरेगा आदि में कार्य कराए जाने के बाद भी भुगतान नहीं हो सका है। जिसके लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है अगर जल्द से जल्द भुगतान न हुआ तो प्रधानों के लिए बहुत बड़ी समस्या हो जाएगी। कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद वेंडर जिन्होंने सप्लाई की है काफी उग्र हो सकते हैं जिसके लिए मुख्यमंत्री और पंचायती राज्य मंत्री को पहले से ही व्यवस्था किए जाने का

**■ प्रधानों के बकाया भुगतान और उनकी समस्याओं के निस्तारण की उठी मांग**

प्रयास करना होगा। इस दौरान मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद डॉ0 प्रज्ञा त्रिपाठी ने आश्वासन दिया कि ग्राम सभाओं की सरकार चलाने वाले ग्राम प्रधानों की समस्याओं को प्रदेश के मुखिया तक पहुंचाया जाएगा जिससे किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना इन लोगों को नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान संरक्षक पंचायत विकास मंच राम सुंदर पाण्डेय संयोजक पंचायत विकास मंच सूरज शुक्ला बहराइच प्रधान संघ अध्यक्ष भगवानदीन मिश्रा श्रावस्ती अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव सहित रंजीत दास सूर्य प्रकाश सिंह राम छबीले यादव मंगल दास अजय कुमार सिंह यज्ञ नारायण मिश्रा राम छबीले निषाद कमला प्रसाद वर्मा मोहम्मद अहमद राजू शुक्ला बल्लू मो0 सादिक हुसैन राम कुमार यादव खुर्शीद अहमद राजेन्द्र यादव संजय तिवारी आनन्द पाठक तेज नारायण शुक्ला अजय कुमार वर्मा प्रमोद तिवारी शालिनी मौर्या लल्लन खान बराती लाल वर्मा सुमन चौधरी जगन्नाथ सिंह गुलाम वारिस आज्ञाराम तिवारी राज कुमार राव सन्तोष तिवारी बृजेन्द्र प्रताप सिह अप्पू मुन्नवर खा करमचन्द्र गुप्ता अफ्फान खान कोमल निषाद रामराज सुखद राज सिंह ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह वेद प्रकाश सिंह इरफान सिददीकी, अशोक शुक्ला सुधीर चौधरी हरिकेश बहादुर सिंह उमर उल्ला खान विकास चौधरी पवन वर्मा राजू सिंह सरोज सिंह राम राज वर्मा के साथ साथ बहराइच श्रावस्ती के सैकड़ों की संख्या में प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जिले के टॉप-टेन में स्थान बनाकर कॉलेज के छात्रों ने बढ़ाया गौरव

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के मीरपुर स्थित कैप्टन बालचंद्र इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त करने के साथ ही जिले के टॉप-टेन में स्थान बनाकर एक नई उपलब्धि हासिल की है। इंटरमीडिएट वर्ग में वैष्णवी मिश्रा ने 90.8 अंक प्राप्त कर जिले के टॉप-टेन में स्थान बनाया, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके अलावा अनामिका (90.2), आराधना (89.4), स्वाती (84.8) एवं मरियम (80.6) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हाईस्कूल वर्ग में खुशी सोनी ने 89.33 अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया।

# भीगी पलकों से विदा हुईं 'जनपद की सी.डी.ओ अपराजिता सिंह

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद की समाजसेवी संस्था सहयोग के पदाधिकारियों ने मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह के शाहजहांपुर से बुलंदशहर ट्रांसफर पर उन्हें सम्मान पत्र देकर भावुक विदाई दी। संस्था के संस्थापक अनिल गुप्ता प्रधान और शाहनवाज खां एडवोकेट ने कहा कि उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को जनपदवासी हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि सीडीओ ने हर व्यक्ति की बात सुनी और समस्याओं का समाधान कर सभी के दिलों में खास जगह बनाई। संस्था के पदाधिकारियों ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने उन्हें एक बहन के रूप में पाया और आज उसी बहन को विदा करने का समय आ गया है।

इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता और महासचिव विकास सक्सेना ने कामना की कि वे आगे प्रमोशन पाकर जिलाधिकारी बनें और फिर से इसी जनपद में लौटें। सभी की बातें सुनकर डॉ. अपराजिता सिंह की आंखें भी नम हो गई। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर से मिला प्यार जीवन भर नहीं भूल पाएंगी। उन्होंने भावुक होकर कहा कि नौकरी में तबादले होते रहते हैं, लेकिन इस जनपद से उन्हें जो स्नेह मिला, वह हमेशा याद रहेगा। उन्होंने यह भी साझा किया कि यहीं उन्हें मातृत्व का सौभाग्य मिला, इसलिए शाहजहांपुर उनके दिल के बेहद करीब रहेगा। कार्यक्रम में संस्था की डायरेक्टर तराना जमाल के साथ निखिल महेंद्रु, डॉ. पुनीत मनीषी, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, नुजहत अंजुम, मोहम्मद नाजिम, कृष्णा, सुधीर और सवाब सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# फरार वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में लम्बित चल रहे अपील में करीब 42 वर्ष से फरार चले रहे वांरटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में लम्बित अपील में करीब 42 वर्ष से फरार चले रहे वारंटी अभियुक्त रतन उर्फ रतना पुत्र सुखराम निवासी मौहल्ला भीमनगर थाना दक्षिण फिरोजाबाद हाल निवासी नरायन नगर थाना रामगढ फिरोजाबाद सम्बन्धित अपील संख्या 1061/84 व एसटी नं0 442/1983 धारा 304(1)34 भादवि उच्च न्यायालय इलाहाबाद व पत्रांक 389/26 सीजेएम फिरोजाबाद को उसके मसकन पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया हैं। वारंटी अभियुक्त रतन के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र पाल सिंह, उ0नि0 सिंहराज सिह, है0का0 180 इन्द्रपाल सिह, का0 808 रौकी तिवारी थाना दक्षिण जनपद पुलिस।

## गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल 'जश्ने वारिस पाक' का भव्य आयोजन आज

**सुल्तानपुर।** खुर्शीद क्लब मैदान में हिन्दू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे के प्रतीक 'जश्ने वारिस पाक' के 32वें दौर का आयोजन कल शनिवार को होने जा रहा है। यह रूहानी जलसा शांति और एकता के संदेश को समर्पित है। शनिवार रात 8:30 बजे कार्यक्रम शहर स्थित खुर्शीद क्लब मैदान में शुरू होगा। हजरत मोबीन अहमद वारसी (लड्डुन बाबा), अध्यक्ष- वारसिया कल्याण सेवा समिति ने बताया कि 8:30 बजे भव्य आतिशबाजी, रात 9:00 बजे कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन होगा। सुबह 4:13 बजे हाजी वारिस अली शाह का 'कुल शरीफ' सुबह 7:00 बजे मेहमानों की रुखसती होगी। इस कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध कव्वाल अपनी प्रस्तुति देंगे। इसमें शमीम अनवर इंटरनेशनल आर्टिस्ट कव्वाल और वारिस साबरी मेरठ से इंटरनेशनल कव्वाल आएगे।

# मुठभेड़ में लूट की घटना कारित दो अभियुक्त पकड़े

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस व सर्विलांस-एसओजी टीम द्वारा थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत लूट की घटना कारित करने वाले 25-25 हजार रुपयों के ईनामियां दो अभियुक्तों को दो अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, 04 खोखा कारतूस, लूटे गये 95,880 रुपये व घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल सहित पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में जनपद में चोरी-छिनैती-लूट की घटना कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना टूण्डला पुलिस व सर्विलांस-एसओजी टीम द्वारा दो अभियुक्तों कुलदीप पुत्र सतवीर सिंह निवासी रिठोरी थाना कागारोल जनपद आगरा, निखिल उर्फ कान्हा उर्फ गुलडोरी पुत्र सूरजभान निवासी रिठोरी थाना कारागोल जनपद आगरा को पुराना बाईपास रोड हमीरपुर बंबे के रास्ते पर थाना क्षेत्र टूण्डला से पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध तमंचा 315 बोर, 04 खोखा करातूस 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर, लूटे गये 95,880 रुपये व घटना के प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों उपरोक्त के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. अनिल कुमार सिंह, नि. प्रेम शंकर पाण्डेय प्रभारी एसओजी मय एसओजी टीम, नि. मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस मय सर्विलांस टीम, उ.नि. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, उ.नि. प्रशान्त कुमार, उ.नि. विजय कुमार, उ.नि. सचिन कुमार, है.का. 1016 नेत्रपाल सिंह, का0 187 मोहन सिंह, का. 1565 भूरी सिंह, का. 709 दीपक कुमार, का0 834 नरेन्द्र प्रताप थाना टूण्डला फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## जीआरपी ने एक मोबाइल चोर को भेजा जेल



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** थाना जीआरपी पुलिस ने एक मोबाइल चोर को चोरी के मोबाइल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जीआरपी थाना प्रभारी मोनू कुमार आर्य के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान चोरी गये एक को सीडीआर के आधार पर हाथरस जंक्शन से उक्त चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उसके पास से एक मोबाइल बरामद किया है। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम योगेश पुत्र भीकमवर सिंह निवासी ग्राम बरहद थाना विजयगढ जिला अलीगढ उम्र करीब 21 वर्ष बताया है, जिसे पुलिस ने जेल भेजा है।

## सैनिक बन्धु बैठक में पूर्व सैनिकों का किया स्वागत



**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 24 अप्रैल 2026 को समय 12.00 कलक्ट्रेट सभागार जनपद-फिरोजाबाद में विशू राजा अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, अधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा सभी पूर्व सैनिकों का अभिवादन-स्वागत किया गया, और उन्हें कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। तत्पश्चात पूर्व सैनिकों की समस्याओं को अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) सुना गया और निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) ने पूर्व सैनिका-शहीद सैनिकों की पत्नियों को जमीन कय करने पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट के बारे में जानकारी दी, तथा भूतपूर्व सैनिकों द्वारा की गई देश की सेवा की भूरी-2 प्रशंसा की और सेवा हेतु आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात अवगत कराया गया कि भविष्य में भी पूर्व सैनिकों-वीर नारी एवं उनके आश्रितों की समस्यायें संज्ञान में आती है तो उनको त्वरित गति से निस्तारण किया जाय। उक्त बैठक में, ओनरेरी कैप्टन शेर सिंह, ओनरेरी कैप्टन रामवीर सिंह (सेना मैडल) ओनरेरी सूबेदार शिव कुमार (सेना मैडल) सूबेदार राजेश कुमार, सूबेदार मेजर विनोद कुमार और अन्य पूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया।

# सावधानी बरतें हीटवेव (लू) सें बचें

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) विशु राजा ने बताया की हीट वेव (लू) भारतीय मौसम विभाग के अनुसार जब किसी जगह का स्थानीय तापमान लगातार 03 दिन तक वहां के सामान्य तापमान से 03 डि0से0 या अधिक बना रहे तो उसे लू या हीट वेव कहते हैं। विश्व-अन्तर्राष्ट्रीय मौसम संघ के अनुसार यदि किसी स्थान का तापमान लगातार 05 दिन तक सामान्य स्थानीय तापमान से 05 डि0से0 से अधिक बना रहे अथवा लगातार 02 दिनों तक 45 डि0से0 से अधिक का तापमान बना रहे तो उसे हीट वेव या लू कहते हैं। जब वातावरणीय तापमान 37 डि0से0 तक रहता है तो मानव शरीर पर इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है परन्तु जैसे ही यह तापमान इससे बढ़ जाता है तो हमारा शरीर वातावरणीय गर्मी को शोषित करने लगता है परिणामस्वरूप शरीर का तापमान प्रभावित होने लगता है। अंग्रेजी में इसे हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक कहते हैं। गर्मी में उच्च तापमान में ज्यादा देर तक रहने से या गर्म हवा के झोंकों के संपर्क में आने पर लू लगती है। अभी गर्मी का प्रकोप आगे और बढ़ेगा इस लिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

### हीट वेव-लू प्रकोप से बचाव हेतु 'क्या करें'

**फिरोजाबाद।** कड़ी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपड़ें पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, टोपी या छाता का उपयोग करें। पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर मे अपनें साथ पीने का पानी हमेशा रखें। खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नारियल का पानी, लस्सी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थो को इस्तेमाल करें। रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें। कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। तेज गर्मी के दौरान अपने पशुओ (गाय, भैंस, कुत्ता आदि।) को छाया में रखें।

# रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड का पूर्वाभ्यास

**अवधनामा संवाददाता**




**सुलतानपुर।** पुलिस लाइन सुलतानपुर के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को आगामी दीक्षांत परेड (पासिंग आउट परेड) के मद्देनजर भव्य पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चारू निगम के नेतृत्व में रिक्रूट आरक्षियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया। पूर्वाभ्यास के दौरान 10 टोलियों में शामिल कुल 297 रिक्रूट आरक्षियों ने शानदार मार्च पास्ट कर अपनी प्रशिक्षण क्षमता का परिचय दिया। पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया और इसके बाद रिक्रूट्स को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। मार्च पास्ट के दौरान बैंड की धुन पर कदमताल करते हुए रिक्रूट्स ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन किया और राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय कमाण्ड के नेतृत्व में सभी टोलियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ भी दिलाई गई। समारोह को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को परेड ग्राउंड, अतिथियों की बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। पूर्वाभ्यास के दौरान आंतरिक एवं बाह्य परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अखण्डप्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर/लाइन रामकृष्ण चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पशु अस्पताल में लापरवाही की हद

**सुल्तानपुर।** गोलाघाट स्थित पशु चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यहां तैनात सफाई कर्मी ड्यूटी पर नजर नहीं आते, लेकिन हाजिरी रजिस्टर में उनकी उपस्थिति नियमित दर्ज की जा रही है। बिना काम किए वेतन उठाने का यह मामला अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक अस्पताल में न केवल सफाई व्यवस्था बदहाल है बल्कि अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति भी संदिग्ध रहती है। जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी इस पूरे मामले को और भी संदेहास्पद बनाती है। गौरतलब है कि यह अस्पताल जिले के डीएम आवास के बेहद करीब स्थित है इसके बावजूद यहां की स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। हालात इतने खराब हैं कि लंबे समय से एक्स-रे मशीन और पशुओं के लिए एंबुलेंस भी बेकार पड़ी हुई हैं। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी इन समस्याओं की जानकारी अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन कार्रवाई के बजाय अनदेखी ही की गई।

# रामाचार्य त्रिपाठी सर्वोदय के छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा में गाड़ा झंडा

**अवधनामा संवाददाता**




**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणामों में रामाचार्य त्रिपाठी सर्वोदय शिक्षण संस्थान इंटरमीडिएट कॉलेज, बड़गांव के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्र-छात्राओं की इस सफलता से विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों में खुशी की लहर है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं का विवरण इस प्रकार है आयुषी मौर्यः 544 अंक (90.67) प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। शिवांशी पालः 536 अंक (89.33) के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। अभिषेक प्रजापतिः 535 अंक (89.17) पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंशिका सिंहः 535 अंक (87.33) चौथा स्थान, आयुषी मौर्य 521 अंक (86.83) पांचवा स्थान प्राप्त कर सफलता की सूची में जगह बनाई। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को मिठाई खिलाकर बधाई दी। शिक्षकों का कहना है कि यह बच्चों के कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। मेधावियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि से पूरे बड़गांव और अखंड नगर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

# शुभांगी हॉस्पिटल संचालक समेत 4 डाक्टरों के खिलाफ एफआईआर

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** डेढ़ माह पहले शहर के शुभांगी हॉस्पिटल में हर्निया के ऑपरेशन में लापरवाही के चलते हुई मरीज की मौत के मामले में हॉस्पिटल संचालक डॉ विद्या गौतम उनके पति डॉ राजेश गौतम समेत दो अन्य चिकित्सकों के खिलाफनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। चार डाक्टरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि बीते 2 मार्च को गोसाईगंज थाने के महिलोआशापुर निवासी राजेश मिश्र हर्निया के ऑपरेशन के लिये भर्ती हुए थे। दूसरे दिन 3 मार्च को ऑपरेशन के दौरान हालत गंभीर होने पर रिफर कर दिया गया और रिफर किये गए अस्पताल पहुंचने के पहले ही राजेश की मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव लेकर शुभांगी हॉस्पिटल पहुंचे पर डॉ राजेश गौतम ने मिलने से मना कर दिया। परिजनों ने पुरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत सीएमओ डॉ भारत भूषण से की। सीएमओ ने एसीएमओ डॉ जे सी सरोज के नेतृत्व में तीन सदस्यों की कमेटी बना दी। दूसरी तरफ मृतक राजेश मिश्र के पिता राम करन मिश्र ने एक सप्ताह पहले तत्कालीन जिलाधिकारी कुमार हर्ष से मुलाक़ात कर कार्यवाही की मांग की थीं। जाँच आख्या मिलने के बाद सीएमओ के निर्देश के बाद नगर कोतवाली में आज हॉस्पिटल संचालक समेत तीन डॉक्टर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मो. आसिफ पुत्र अब्दुल हमीद मुन्ना निवासी प्लाट नं. 27 अमियामऊ कैम्पवेल रोड चौक, लखनऊ उ.प्र.-226003। मेरे आधार कार्ड नं. 94749420 9306 में मेरे नाम की स्पेलिंग MOHD ASIF अंकित है और मेरे पासपोर्ट सं.- छ 2363977 में MOHAMMAD ASIF अंकित है। यह दोनों नाम MOHD ASIF और MOHAMMAD ASIF मेरे ही है।

अतः मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सलखापुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027  दिनांक : 06/04/2026

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 25-04-2026 से 01-05-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 02-05-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 11:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**प्रमोद कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. सलखापुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**रत्नेश सोनकर**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. सलखापुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## सीएम ने पीएम के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** हरदोई जनपद में दिनांक 29 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद की बिलग्राम तहसील के मल्लावां कट गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम स्थल एवं उससे संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड, सभा स्थल, वीआईपी मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा प्रबंध, यातायात व्यवस्था सहित समस्त तैयारियों का गहनता से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम पूर्णतः सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता कदापि स्वीकार्य नहीं होगी। इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए मल्टी-लेयर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने बैठने की समुचित व्यवस्था, पंडाल की गुणवत्ता, पेयजल उपलब्धता, स्वच्छता, शौचालय व्यवस्था एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति को मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संचालित की जाएं। यातायात प्रबंधन की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम के समय यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे तथा आम नागरिकों को असुविधा न हो। इसके लिए वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती एवं स्पष्ट संकेतक (साइन बोर्ड) स्थापित किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने हेलीपैड एवं वीआईपी मूवमेंट से संबंधित व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि सभी प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस, अग्निशमन एवं चिकित्सा सुविधाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से तैयारियों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कर लिए जाएं।

## लू से बचाव हेतु जनहित में जिला प्रशासन ने की एडवाइजरी जारी

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद में विगत दिनों में तापमान 40 डीग्री से 42 डीग्री के आस पास दर्ज किया जा रहा है, जो कि अत्यधिक गर्मी को प्रदर्शित करता है और आने वाले दिनों में तापमान बढ़कर 45 डीग्री पहुँचने का अनुमान है। शरीर में पानी/नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। इसके क्रम में लू (हीट स्ट्रोक) गर्म हवाओं से बचने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निम्नवत हैं- लू (हीट स्ट्रोक) के लक्षण। गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना। तेज पल्स होना। उथले श्वास गति में तेजी। व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिती।सिरदर्द, मितली, थकान, और कमजोरी होना, चक्कर आना। मूत्र न होना अथवा इसमें कमी। लू (हीट स्ट्रोक) से बचने के उपाय। क्या करें स्थानिय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिती से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। अधिक से अधिक पानी पियें। यदि प्यास न लगी हो तब भी। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहने। धूप के चश्मे, छाता, गमछा, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें।

## सीएसआर रेनुसागर द्वारा विशेष नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**169 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण**

अवधनामा संवाददाता



**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर के यूनिट हेड आर.पी. सिंह के मार्गदर्शन एवं हेड एचआर आशीष पांडेय के निर्देशन में ग्रामीण विकास विभाग, रेनुसागर द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (ष्टस्क्र) के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, पूर्बी परासी में एक विशेष नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर नि:शुल्क पंजीकरण कराते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।नगर पंचायत अनपरा के चेयरमैन विश्राम प्रसाद बैसवार ने चिकित्सा शिविर में पहुँच कर रेनुसागर द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आभार जताया।इस चिकित्सा शिविर में रेनुसागर चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम डॉ. मनोज कुमार (फिजीशियन), डॉ. श्याम सुंदर (बाल रोग विशेषज्ञ) एवं दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार सिंह द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों से संबंधित समस्याओं के आधार पर मरीजों को आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया।

शिविर में कुल 169 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित मरीजों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत कर विशेष चिकित्सा शिविर पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि हिंडालको रेनुसागर द्वारा सीएसआर के तहत दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु समय-समय पर ऐसे चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।

## चेक बाउंस मामले में वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने चेक बाउंस से जुड़े मामले में एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई। पुलिस के अनुसार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हमीरपुर द्वारा जारी वारंट के क्रम में केस संख्या 2846/23, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित अभियुक्त स्वतंत्र श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को जनपद जालौन के गांधीनगर (थाना उरई) क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त स्वतंत्र श्रीवास्तव (उम्र लगभग 35 वर्ष) पुत्र धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, निवासी गांधीनगर, थाना उरई, जनपद जालौन बताया गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अवधेश उपाध्याय एवं कांस्टेबल शिवदत्त शामिल रहे। पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है।

## गैस एजेंसी की अव्यवस्था पर प्रशासन सख्त, डीएसओ ने होम डिलीवरी के दिए निर्देश



**मौदहा (हमीरपुर)/(अवधनामा संवाददाता)** कस्बे में गैस एजेंसी की अव्यवस्था और होम डिलीवरी बंद होने से परेशान उपभोक्ताओं की शिकायतों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। लंबे समय से उपभोक्ताओं को चिलचिलाती धूप में गैस सिलेंडर के लिए कतारों में खड़ा होना पड़ रहा था, जिससे नाराजगी बढ़ती जा रही थी। मामले के प्रमुखता से सामने आने के बाद जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) ने देर शाम अचानक गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। अव्यवस्था और एजेंसी की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए संचालक को कड़ी चेतावनी दी गई। डीएसओ ने तत्काल प्रभाव से लाइन आधारित वितरण प्रणाली समाप्त कर गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि एजेंसी स्तर पर मनमानी जारी रही तो संचालक के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई, यहां तक कि मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी, कोतवाली प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से उपभोक्ताओं को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## शिवदर्शन महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**बांदा (तिन्दवारी)/अवधनामा संवाददाता।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर शिवदर्शन महाविद्यालय, तिन्दवारी (बांदा) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं बी.एड. विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उन्होंने संकल्प लिया कि वे धरती को हरा-भरा और स्वच्छ बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेंगे, जल संरक्षण को बढ़ावा देंगे तथा पानी की बर्बादी को रोकेंगे। साथ ही सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद कर जूट एवं कपड़े के थैलों के प्रयोग को अपनाने और बिजली की बचत करने का भी संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनीत कुमार त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं के साथ औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ता रामभवन, बुद्धविलास, विकास एवं दिनेश सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने डीएम को दिया को दिया प्रार्थना पत्र



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** योगेंद्र कुमार राजपूत एडवोकेट के साथ दिनांक 20/04/2026 की घटना के संबंध में अधिवक्ताओ ने शुक्रवार को अभिषेक राजपूत एडवोकेट उपाध्यक्ष ऑल इंडिया लॉयर्स के साथ डीएम को प्रार्थना पत्र दिया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष डीबीए अनिल कुमार गौर, पूर्व कोषाध्यक्ष अरुण कुमार राजपूत बॉबी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## राहुल गांधी का पुतला दहन किये जाने से गुस्साए कांग्रेसियों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन एवं कांग्रेस का झंडा जलाए जाने को लेकर गुस्साए कांग्रेसियों ने ज़िलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के बाहर लोकतांत्रिक तरीक़े से अपना कड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा के संबंधित दोषियों के विरुद्ध स्नढ्ढक्र दर्ज़ कराने हेतु एक ज्ञापन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपा। विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने वालों में शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, अरुण यादव, प्रशांत तिवारी, शोजव रिज़वी, रणवीर सिंह यादव, रमेश यादव (पत्रकार)डॉ.जितेंद्र यादव, रन सिंह गोयल, सुमित कुमार, दीक्षा शुक्ला, प्रदीप द्विवेदी, राकेश कुमार, अमन तिवारी एवं शिवा यादव सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कडोरन नदी पर रपटा निर्माण का शुभारंभ एक दर्जन गांवों को मिलेगा लाभ



अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिरखेरा में कडोरन नदी पर प्रस्तावित रपटा निर्माण कार्य का शुक्रवार को विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। इस परियोजना पर करीब 417.27 लाख रुपये की लागत आएगी और इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा।

भूमि पूजन कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने शिलान्यास करते हुए कहा कि इस रपटा निर्माण से क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि रपटा बनने के बाद सिसोलर मार्ग और कैथी मार्ग आपस में जुड़ जाएंगे, जिससे आवागमन सुगम होगा। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस निर्माण के बाद बांदा जनपद जाने के लिए करीब 30 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। साथ ही बिरखेरा से सिसोलर मार्ग तक सड़क निर्माण का रास्ता भी साफ हो गया है।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अशोक कुमार यादव, अजय पाल साहू, पूर्व प्रधान बिहारी लाल प्रजापति, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सत्यपाल सिंह, खंड विकास अधिकारी रिजवान अहमद, एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, पंचायत सचिव संजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम



वहाज अली निहाल

**इटावा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इंटरमीडिएट (कक्षा 12) के परीक्षा परिणामों में अर्चना मेमोरियल सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान एक बार फिर स्थापित की है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण ने इस वर्ष के परिणामों को ऐतिहासिक बना दिया।

कक्षा 10 में विद्यालय की छात्रा ऐश्वर्या ने 92%अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके साथ अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ायाआरोही: 90.5%प्रिंस: 90.33%जोया: 90%

वंशिका वर्मा: 90% (विशेष: गणित विषय में 98 अंक प्राप्त कर कीर्तिमान रचा) शिव शमा: 88.66%, मोहित राजपूत: 86.33%, वैष्णवी त्रिपाठी: 86%, ईवा शाक्य: 85.33% इंटरमीडिएट में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रमुख सफल छात्रों में शामिल हैं: सुमित कुमार (86%), योगिता (85.0%), कुनाल गुप्ता (83.8%), पलक यादव (83.2%), समर्थ (82.2%), अर्शिता भदौरिया (80.8%), शाहवाज खान (80.4%), आयुष चौहान (80%), नंदनी (80%) एवं खुशनुमा (80.0%) । इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को अपना स्नेहिल आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों के कड़े परिश्रम और हमारे शिक्षकों की निस्वार्थ सेवा का मधुर फल है। मैं सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ और आशा करता हूँ कि वे इसी प्रकार संस्कारवान बनकर देश व जनपद का नाम रोशन करेंगे।

### इंटरमीडिएट में शिवानी सिंह ने जनपद में 91.8% अंक पाकर 8 वां स्थान प्राप्त किया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** शिवाजी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज ने जिला में लहराया परचम। इंटरमीडिएट में विद्यालय की छात्रा शिवानी सिंह ने जनपद में 91.8% अंक पाकर 8 वां स्थान प्राप्त किया, शेष सभी छात्र-छात्राएं 80% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी प्रकार हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय की छात्रा स्वाति सिंह तथा अनुष्का कश्यप ने 92%अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रसाद यादव व उप प्रबंधक विनीत यादव विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदामा लाल राजपूत ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षकों का अभूतपूर्व सहयोग रहा।

## उप्र उपखनिज परिहार नियमावली 2021 के नियमों की उड़ायी जा रही धज्जियां

**एनजीटी के सख्त निर्देशों व वन विभाग की एनओसी का भी नहीं रहा कोई मोल**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** ओबरा तहसील क्षेत्र में एसडीएम के साथ ही स्थानीय थाना पुलिस और कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा वन प्रभाग, ओबरा के आला अफसरों की 24 घंटे मौजूदगी होने के बावजूद खेवन्धा गांव स्थित रेणु नदी में अराजी संख्या 246 (खण्ड-स) बालू खनन क्षेत्र में सारे नियम-कानून सहज ही दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। इस बालू साइड पर उत्तर प्रदेश उपखनिज परिहार नियमावली 2021 के नियमों, वन विभाग द्वारा जारी की गई एनओसी में दर्ज आदेशों व एनजीटी के सख्त निर्देशों का भी कोई मोल नहीं है। अवैध खनन व परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा गठित टास्क फोर्स में शामिल विभिन्न विभागों के स्वच्छ छवि के ईमानदार अधिकारी भी इस बालू साइड पर खुलेआम दिन-रात गरज रहीं प्रतिबंधित मशीनों के प्रयोग पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। ओबरा तहसील के रेणु नदी में अराजी संख्या 246 (खण्ड-स) में करीब 7 हेक्टेयर में नियमानुसार बालू खनन के लिए ओमैक्स मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के छत्तीसगढ़ निवासी सचिन अग्रवाल को लीज आवंटित की गई है। भरोसेमंद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस लीज के आड़ में बड़े पैमाने पर नियम विरूद्ध बालू की निकासी 24 घंटे करायी जा रही है। आलम यह है कि अवैध कमाई के चक्कर में जलीय जीव-जंतुओं के जीवन की परवाह किए बगैर नदी के गर्भ से छान कर बालू की निकासी के लिए करीब आधा दर्जन लिफ्टिंग मशीनें (नाव) लगायी गई है, जो नदी के गर्भ से छान कर बालू निकाल रही है। जबकि उप्र उपखनिज परिहार नियमावली 2021 के नियम 42(ज) के तहत नदी में लिफ्टिंग मशीनों का प्रयोग वर्जित है। यहीं नहीं, उप्र उपखनिज परिहार नियमावली 2021 के नियम 36 के तहत पांच हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खनन पट्टा होने पर पट्टाधारक को अपने खदान क्षेत्र के मुख्य गेट पर स्वयं के व्यय पर 360 डिग्री दृश्यता रिकार्डिंग के चार सीसीटीबी कैमरा लगाने के साथ ही चेक पोस्ट/गेट की व्यवस्था कराना है। चेक पोस्ट गेट पर आरएफआईडी स्कैनर की भी व्यवस्था होना जरूरी है। लेकिन ओमैक्स मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के ऊंची पहुंच रखने वाले पट्टा धारक के आगे यह सारे नियम-कानून महज कागजों के पन्नों में सिमट कर दम तोड़ रहे है। इस लीज क्षेत्र में सीसीटीबी कैमरों से लैश चेक पोस्ट गेट का सहीं ढंग से व्यवस्था न कराए जाने से प्रतिदिन ओवरलोड बालू लादकर ट्रकें आसानी से निकल रही हैं, जो सड़क हादसे को बढ़ावा दे रही हैं। उधर लगाए जा रहे आरोपों के बावत ओबरा एसडीएम से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन वे मौजूद नहीं मिले। लिहाजा उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

### बोले डीएफओ, जांच कराकर करेंगे कार्रवाई

*खेवन्धा गांव स्थित रेणु नदी में ओमैक्स मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड फर्म के नाम से आवंटित लीज क्षेत्र में रात्रि खनन व परिवहन के सवाल पर ओबरा डीएफओ ने जांच कराकर कार्रवाई करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा वन प्रभाग, ओबरा के द्वारा जारी की गई एनओसी में दर्ज शर्तो के विपरीत बालू का खनन कराते पाए जाने पर संबंधित पट्टाधारक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

## जन शिकायतों के निस्तारण हेतु अधिकारियों के साथ की गयी बैठक



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी वि./रा. अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के उपस्थिति में बैठक की गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आई.जी.आर.एस., थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें।

उन्होंने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायातों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता का फीडबैक प्राप्त करते हुए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें, निस्तारण के दौरान स्थल पर कार्यवाही सम्बन्धी जी.पी.एस. फोटोग्राफ्स अपलोड करना सुनिश्चित करें, सम्बन्धित अधिकारी प्रतिदिन आई.जी. आर.एस. पोर्टल को लागिन करते हुए प्राप्त होने वाली शिकायतों का फीडबैक भी प्राप्त करते रहें और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी ससमय कराना सुनिश्चित करें, अंतिम दिवस में शिकायतों के निस्तारण करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगें रोहित यादव, डी.सी. मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह, सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## स्मार्ट मीटर विवाद: मौदहा में प्रदर्शन तेज, प्रशासन ने स्थिति संभाली



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में स्मार्ट/प्रीपेड विद्युत मीटरों को लेकर चल रहा विरोध शुक्रवार को तेज हो गया। बड़ी संख्या में उपभोक्ता विद्युत विभाग परिसर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए। स्थिति को देखते हुए प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची तथा हालात को नियंत्रित किया। कुछ लोगों को एहतियातन हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रीपेड मीटरों में बैलेंस कटने और आपूर्ति बाधित होने जैसी समस्याओं से उन्हें परेशानी हो रही है। इसी मुद्दे को लेकर पिछले दिनों से विरोध जारी था।

शुक्रवार को प्रदर्शन में महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रशासन को सूचना मिली कि कुछ स्थानों से मीटर हटाए जाने की घटनाएं सामने आई हैं। इस पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन समाप्त कराया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं, अधीक्षण अभियंता विद्युत ज्ञान चंद्र यादव ने जारी बयान में कहा कि मीटर हटाने की घटनाओं की जानकारी संकलित की जा रही है। उन्होंने बताया कि बिना मीटर के विद्युत उपयोग करना कानूनन अपराध है और संबंधित मामलों में प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग प्रतिबद्ध है और शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी समस्या के समाधान के लिए वैधानिक माध्यम अपनाएं और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## रिजर्व पुलिस लाइन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



वहाज अली निहाल

**इटावा।** रिजर्व पुलिस लाइन इटावा के परेड ग्राउण्ड में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बड़ा खाना का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर आलोक सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती आकांक्षा सिंह की उपस्थिति रही। विशिष्ट अथिति के रूप में पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर हरीश चन्दर के साथ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला व कमांडेंट 28 बटालियन अनिरुद्ध सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ ट्रेनिंग की रूप-रेखा व विवरण की प्रस्तुतीकरण के साथ किया गया। भोजन से पूर्व अधिकारियों ने रिक्रूट महिला आरक्षियों के साथ संवाद स्थापित कर उनके प्रशिक्षण अनुभवों को सुना एवं भविष्य की चुनौतियों के प्रति मार्गदर्शन प्रदान किया। अनुशासन एवं समर्पण का संदेशअपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि कठोर प्रशिक्षण के पश्चात आयोजित यह बड़ा खाना पुलिस परिवार के पारस्परिक सौहार्द एवं एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने सम्बोधन में महिला आरक्षियों के आत्मविश्वास एवं समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें संवेदनशीलता एवं समानुभूति के साथ अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन करने को प्रोत्साहित करते हुए कहा की महिला आरक्षी केवल पुलिस बल का अभिन्न हिस्सा ही नहीं, बल्कि समाज में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की सशक्त वाहक भी हैं।

## 29 अप्रैल को जलापूर्ति रहेगी बाधित

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** द्वनगर क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु भूरागढ़ इंटेकवेल से सिविल लाइन, कटरा जोन एवं खण्डेह इकाई को जोड़ने के लिए 500 एमएम व्यास की एसी पाइपलाइन का इंटरकनेक्शन कार्य प्रस्तावित है। यह कार्य उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), बांदा द्वारा किया जाना है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह कार्य 24 अप्रैल 2026 को रेलवे लाइन के नीचे किया जाना था, किन्तु होमगार्ड की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य की तिथि में संशोधन किया गया है। अब यह कार्य 28 अप्रैल 2026 को किया जाएगा।

इस इंटरकनेक्शन कार्य के चलते 29 अप्रैल 2026 को नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी। जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी, उनमें प्रमुख रूप से क्योटरा, इंदिरा नगर, जरैली कोठी कटरा, बंगालीपुरा, सिविल लाइन, स्वराज कॉलोनी, शांति नगर, छावनी, बाकरगंज, बन्योटा, आशिक भूरागढ़, नगर पंचायत मटौंध तथा ग्राम त्रिवेणी, अछरौड, उजरेहटा, मरौली आदि शामिल हैं। जल निगम के अधिशासी अभियंता द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि जल संकट को देखते हुए पानी का अनावश्यक उपयोग न करें तथा पूर्व में ही आवश्यक मात्रा में पानी संग्रहित कर लें। जरूरत पड़ने पर टैंकर की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए टैंकर इंचार्ज शैलेन्द्र कुमार (मो. 7398252944), अवर अभियंता (जल) अभिलेश कुमार (मो. 9415515338) तथा मयंक कुमार (मो. 9219939616) से संपर्क किया जा सकता है। जल निगम ने असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

# ए.के. शर्मा ने महिला सशक्तिकरण की भरी हुंकार

- महिला जनआक्रोश मार्च में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी
- महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष पर बरसे मंत्री ए.के. शर्मा
- 'लखपति दीदी' योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर
- महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई गई




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने प्रभार जनपद जौनपुर भ्रमण के दौरान नारी शक्ति वंदन सम्मेलन एवं महिला जनआक्रोश मार्च में सहभागिता की। इस क्रम में उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान के माध्यम से समाज में नई जागरूकता पैदा की है। मंत्री शर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को पारित कराने का गंभीर प्रयास किया गया, लेकिन राजनीतिक असहयोग के कारण यह संभव नहीं हो सका। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह बिल अवश्य पारित होगा और महिलाओं की भागीदारी संसद में सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी एवं बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इसके उपरांत मंत्री ए.के. शर्मा महिला जनआक्रोश मार्च में शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इसमें सहभागिता कर अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर कहा कि महिला आरक्षण बिल को लेकर विपक्ष के असहयोगात्मक रवैये के कारण जनसामान्य में व्यापक रोष व्याप्त है। उन्होंने इस विषय पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को 'लखपति दीदी' और 'करोड़पति दीदी' जैसे लक्ष्य देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। रैली के पूर्व मंत्री शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता कर विपक्ष के असहयोग की निंदा की।

## ऊर्जा मंत्री का बड़ा फैसलाः कम लोड वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं, विशेषकर कम लोड वाले घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मंत्री शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि 1 किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं का यदि बैलेंस नेगेटिव भी हो जाए, तब भी 30 दिनों तक उनका कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नेगेटिव बैलेंस की स्थिति में भी एक माह का पूरा चक्र पूर्ण होने से पहले किसी भी स्थिति में कनेक्शन विच्छेद नहीं किया जाएगा। साथ ही, पारदर्शिता और उपभोक्ता सुविधा को ध्यान में रखते हुए कनेक्शन काटने से पूर्व उपभोक्ताओं को 5 अनिवार्य SMS अलर्ट भेजे जाएंगे, जिससे उन्हें समय रहते भुगतान का अवसर मिल सके। इसी क्रम में 2 किलोवाट के कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को भी राहत प्रदान की गई है। ऐसे उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन 200 तक के माइनस बैलेंस पर नहीं काटा जाएगा। इनके लिए भी 5 चरणों में SMS सूचना प्रणाली लागू की गई है, जिससे किसी भी असुविधा से बचा जा सके। बढ़ती गर्मी को देखते हुए मंत्री ए के शर्मा ने सभी जिलों के अधिकारियों को विद्युत अनुरक्षण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए गए हैं। अब तक लगभग 30 लाख नए विद्युत खंभे स्थापित किए जा चुके हैं तथा ट्रांसफार्मरों की क्षमता में भी व्यापक वृद्धि की गई है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास, लखनऊ पर उत्तराखण्ड के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शिष्टाचार भेंट की।

# याद-ए-मोहसिन काकोरवी जलसे में नातिया शायरी पर चर्चा

**अवधनामा ब्यूरो**

- इस्लामिक सेंटर में मद्दाहे रसूल को दी गई श्रद्धांजलि
- मोहसिन काकोरवी के कलाम को फिर प्रकाशित करने की अपील

**लखनऊ।** अल्लामा मोहसिन काकोरवी एजूकेशन एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट काकोरी की ओर से इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया में याद-ए-मद्दाहे रसूल मोहसिन अलवी जलसे का आयोजन किया गया। इस्लामिक सेंटर के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में आयोजित जलसे में मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने मोहसिन काकोरवी और उनका कलाम पर अपना शोध पत्र पढ़ा। जलसे का संचालन मौलाना अब्दुल लतीफ ने किया और ट्रस्ट के अध्यक्ष मुनीब अलवी ने आभार जताया। जलसे की अध्यक्षता करते हुए मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि मद्दाहे रसूल अल्लामा मोहसिन काकोरवी जैसे भाग्यशाली हस्ती की याद हम पर कर्ज भी है और फर्ज भी है। वे एक आदर्श नात गो थे। उनका उपनाम हस्सान अल हिंद था। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी रसूले अकरम की नात और प्रशंसा में समर्पित की। उर्दू नातिया शायरी में मोहसिन काकोरवी का स्थान बहुत ऊंचा हैं। उन्होंने नातगोई की परम्परा को मजबूती प्रदान की और इसे एक स्वतंत्र कला के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका काव्य संग्रह आने वाले रचनाकारों के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने मोहसिन काकोरवी के वंशज मुनीब अलवी से आग्रह किया वे अल्लामा के काव्य संग्रह को नए सिरे से प्रकाशित करने का प्रबंध करें ताकि वर्तमान युग में इसकी उपयोगिता बनी रहे। कार्यक्रम को मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मोहसिन काकोरवी ऐसे कवि हैं जिनकी शायरी का मुख्य विषय रसूल की प्रशंसा है। उन्होंने मोहसिन अलवी के जीवन पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा यह विडम्बना है कि उर्दू को नात जैसी पवित्र विधा से समृद्ध करने वाले मोहसिन-ए-उर्दू को आज भुला दिया गया। मौलाना नसरुल्लाह ने कहा कि नात गोई पैगम्बर से प्रेम और श्रद्धा की अभिव्यक्ति है। मोहसिन काकोरवी ने निस्संदेह बहुत पुण्य का काम किया है। आज के कवियों को उनके कलाम पढ़ना चाहिए ताकि वे इस विधा की बारीकियों को समझ सकें। मोहसिन अलवी का निधन 10 सफर 1323 हिजरी 24 अप्रैल 1905 में मैनपुरी में हुआ जहां उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया।

# पंचायती राज दिवस पर कांग्रेस ने किया संकल्प शिविरों का ऐलान

**अवधनामा ब्यूरो**

- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संगठन मजबूती पर मंथन
- मई-जून से जनपदों में चलेंगे सर्वोदय संकल्प शिविर

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस राजीव गांधी पंचायती राज प्रकोष्ठ पदाधिकारियों ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पंचायती राज दिवस मनाया। इस मौके पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रभारी व राष्ट्रीय प्रशिक्षक विजेन्द्र नरवाल मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विजेन्द्र नरवाल ने अवध जोन में संगठन को अधिक गतिशील बनाने के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम लिया। उन्होंने संगठन के जमीनी स्तर के नेताओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और उनकी नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के लिए सर्वोदय संकल्प शिविरों के आयोजन पर चर्चा की। अवध जोन में प्रदेश स्तरीय संकल्प शिविर का आयोजन मई के दूसरे पखवाड़े में किया जाएगा, जिसके बाद जून से हर जनपद में एक दिवसीय संकल्प शिविर की श्रृंखला आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया, ताकि कांग्रेस की जड़ों को मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम में अवध जोन के कोआर्डिनेटर की भूमिका शिशिर श्रीवास्तव ने निभाई। कार्यक्रम में बहराइच से इंदु, सीतापुर से विजेन्द्र यादव, बलरामपुर से अफसाना, उन्नाव से बोधराज सिंह, लखनऊ से ग्रुप कैप्टन दिनेश चन्द्र, अमेठी से अजय यादव, कानपुर से विकास दीक्षित व अन्य जनपदों के साथी शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सम्भूलाल, निवास तिवारी, ब्रिजेश द्विवेदी, मोहम्मद आसिफ, पूनम वर्मा, मलेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## माटीकला कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चाक देने की योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों के सशक्तिकरण के लिए टूल किट्स वितरण योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत प्रदेश के 46 पात्र माटीकला कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके रोजगार को गति मिलेगी और आय में वृद्धि सुनिश्चित हो सकेगी। योजना के अंतर्गत 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के कुम्हार समुदाय के ऐसे पारंपरिक कारीगर आवेदन के पात्र होंगे, जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए शासन स्तर पर गठित समिति द्वारा लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। विशेष रूप से उन अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्हें तहसील स्तर से मिट्टी निकालने हेतु पट्टा आवंटित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 मई, 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## बी.एल.एस. इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान, मिठाई खिलाकर दी बधाई



**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** बी.एल.एस.इंटर कॉलेज, ठाकुरगंज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (UP Board) हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण हुए एवं बेहतर अंक प्राप्त करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से युशरा नौशाद (93 प्रतिशत), मोहम्मद शारिक (86 प्रतिशत), सुप्रिया सैनी (85 प्रतिशत), अनमोल साहू (85 प्रतिशत) आलोक साहू (82 प्रतिशत) एवं चेतन साहू (82 प्रतिशत) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।विद्यालय के मैनेजर संदीप साहू ने कहा कि 'यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। हमें अपने छात्रों पर गर्व है और हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।' इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रदीप साहू, प्रधानाचार्य रवि किशोर, उप प्रधानाचार्य रोमा जाफरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। पूरे परिसर में खुशी का माहौल रहा और विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी सफलता का जश्न मनाया।

## विराट ब्राह्मण सम्मेलन में सामाजिक उत्थान पर मंथन



**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** एक विराट ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन बोध संस्थान गोमती नगर में किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता रहे रिटायर्ड जस्टिस सी.बी. पाण्डेय, रिटायर्ड जस्टिस रंगनाथ पाण्डेय, राकेश पाण्डेय केनविज टाइम्स, पी.के. मिश्रा पूर्व जिला जज, मोनी महाराज, डॉ. शिवम त्रिपाठी इकाना अस्पताल, राम महेश मिश्रा भाग्योदय फाउंडेशन, कक्कू पाण्डेय। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजर आशीष चतुर्वेदी अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक संघ उ0प्र0 ने की। सम्मेलन में कई जिलों से आये विभिन्न ब्राह्मण संगठन के पदाधिकारियों ने सम्मिलित होकर अपने विचार रखे। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में ब्राह्मण गौरव को स्थापित करना, ब्राह्मण समाज के उत्थान हेतु विचार विमर्श और वर्तमान परिस्थिति में समाज व देश को किस प्रकार बेहतर बनाया जाये उस पर चिंतन किया गया।

## तीसरे दिन लखनऊ से 428 हज यात्री सऊदी अरब रवाना

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** मुकद्दस हज यात्रा के तीसरे दिन शुक्रवार को लखनऊ से रवाना हुई उड़ान से कुल 428 हज यात्री सऊदी अरब के लिए रवाना हुए। सुबह 6 बजे से 10 मिनट पहले रवाना हुई उड़ान से 223 पुरुष और 205 महिलाएं रवाना हुए। इस उड़ान से सबसे अधिक हज यात्री लखनऊ के 65, बरेली के 55, कानपुर नगर के 44 और बाराबंकी के 41 हज यात्री रवाना हुए। इसके अलावा बिहार के 4, दिल्ली के 2 और मध्य प्रदेश के 2 हज यात्री भी इस उड़ान से रवाना हुए। तीसरी उड़ान से हज यात्रियों की सुविधा के लिए तीन स्टेट हज इंस्पेक्टर गोण्डा के मोहम्मद सद्दाम हुसैन, शाहजहांपुर के मुजाहिद अली और बलरामपुर के शाहिद नूर अंसारी भी सऊदी अरब भेजे गये। राज्य हज समिति के अधिकारियों के अनुसार दिल्ली से शुक्रवार को तीन उड़ानों से प्रदेश के 703 हज यात्री सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना रवाना हुए, जिसमें 377 पुरुष और 326 महिलाएं शामिल है। इन उड़ानों से सबसे अधिक हज यात्री मुरादाबाद, मेरठ और रामपुर के रवाना हुए। वहीं दिल्ली से चार स्टेट हज इंस्पेक्टर भी रवाना किये गये, जिनमें बिजनौर के मोहम्मद आरिफ और इसरार, बरेली के मोहम्मद मोहसिन खान और झांसी के मोहम्मद मोहसिन रवाना हुए। इस तरह लखनऊ से अब तक 1285 और दिल्ली से 3471 हज यात्री सऊदी अरब के लिए रवाना हो चुके हैं।

# जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर डीएम ने परखा प्रशिक्षण केंद्रों का हाल

- लापरवाही बरतने वालों पर सख्त, अनुपस्थित प्रगणकों को प्रशिक्षण में शामिल करने के निर्देश
- जीडी गोयनका और डीपीएस शहीद पथ में चल रहे प्रशिक्षण का लिया जायजा



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में आगामी जनगणना-2027 को पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी विशाख जी0 ने शहर के विभिन्न केंद्रों पर चल रहे प्रगणकों और सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता से लेकर वहां उपलब्ध संसाधनों तक का बारीकी से जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले जीडी गोयनका स्कूल स्थित केंद्र का निरीक्षण किया, जहां नगर निगम जोन 8 के कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश सिंह ने बताया कि यहाँ 6 बैचों में प्रशिक्षण चल रहा है और उपस्थिति 90 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो भी प्रगणक अनुपस्थित हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से तीन दिवसीय कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। इसके बाद उन्होंने दिल्ली पब्लिक स्कूल, शहीद पथ का रुख किया, जहां तहसील सरोजनीनगर के कर्मियों का प्रशिक्षण चल रहा था। वहां मात्र 9 प्रगणक अनुपस्थित मिले, जिन्हें तत्काल प्रशिक्षण में शामिल करने की चेतावनी दी गई।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केवल उपस्थिति ही नहीं, बल्कि कर्मियों के लिए की गई व्यवस्थाओं को भी परखा। उन्होंने पेयजल, बैठने की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति और ऑडियो-वीडियो उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि सीखने की प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह और तहसीलदार सरोजनीनगर सुखवीर सिंह सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संस्कृत बोर्ड परीक्षा परिणाम पर गुलाब देवी ने दी बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित पूर्व मध्यमा द्वितीय, उत्तर मध्यमा प्रथम, उत्तर मध्यमा द्वितीय की परिक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले एवं सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सरकार की पारदर्शी एवं नकलविहीन परीक्षा प्रणाली का परिणाम है। योगी सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीकी सुदृढ़ीकरण और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे न केवल संस्कृत शिक्षा को नई पहचान मिल रही है, बल्कि प्रदेश के छात्र-छात्राओं के लिए नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। वर्ष 2026 की पूर्व मध्यमा द्वितीय से उत्तर मध्यमा द्वितीय की परीक्षाएं 19 फरवरी से 28 फरवरी 2026 के मध्य सम्पन्न हुई। इस वर्ष संस्कृत बोर्ड द्वारा कुल 241 परीक्षा केन्द्रों पर 09 कार्य दिवसों में परीक्षाएं सफलतापूर्वक सम्पन्न करायी गयी। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 07 मार्च से 20 मार्च 2026 के मध्य निर्धारित कुल 13 मूल्यांकन केन्द्रों में सम्पन्न हुआ।

# किसानों के गन्ना भुगतान पर केशव मौर्य ने जताई सख्ती



**अवधनामा ब्यूरो**

- आमजन की समस्याओं के समाधान पर डिप्टी सीएम का जोर

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में जनपद बरेली के प्रशासनिक अधिकारियों व समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार बरेली में सम्पन्न हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति समस्या लेकर जाए तो उसका समाधान करें यदि समाधान नहीं हो सकता है तो उसका पर्याप्त कारण बताएं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुचाने की दिशा में विशेष ध्यान देना होगा, जिससे सरकार की छवि खराब ना हो। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने तहसील नवाबगंज एवं बहेड़ी के गन्ना किसानों का भुगतान के बारे में जानकारी ली, जिस पर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि नवाबगंज चीनी मिल की नीलामी हो गयी है तथा बहेड़ी शुगर मिल की नीलामी दिनांक 29 अप्रैल को है, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यथाशीघ्र समस्या का समाधान करते हुए किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान कराया जाए।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए गए कि एक व्हाट्सअप ग्रुप बनाया जाए जिसमें जनप्रतिनिधि/ पार्टी पदाधिकारी व अधिकारी जुड़े रहे और यदि कोई जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्या बतायी जाती है तो उसका निस्तारण कर कृत कार्यवाही से अवगत कराया जाए।

# नारायण एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस, लखनऊ ने की असाधारण परिणामों की घोषणा



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** नारायण एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस, जानकीपुरम, लखनऊ ने जेईई मेन दो हजार छब्बीस और सीबीएसई कक्षा दस दो हजार पच्चीस और छब्बीस परीक्षाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की विरासत को मजबूत किया है।

जेईई मेन दो हजार पच्चीस और छब्बीस के परिणामों में संस्थान ने एयर तीन प्राप्त किया, साथ ही महिला एयर एक, ओबीसी (एनसीएल) एयर एक और सामान्य (ईडब्ल्यूएस) एयर एक भी हासिल किया। इसके अतिरिक्त, नारायण के सताइस विद्यार्थियों ने टॉप सौ में जगह बनाई और एक सौ तिहत्तर विद्यार्थी टॉप एक हजार में शामिल हुए, जिनमें से सात विद्यार्थियों ने सौ प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उत्तर प्रदेश में, दो सौ सैंतीस छात्रों ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया, जिनमें से सत्रह छात्रों ने निन्यानबे प्रतिशत से ऊपर स्कोर किया। सीबीएसई कक्षा दस के परिणामों में सौ प्रतिशत पास प्रतिशत रहा, जिसमें उन्नीस छात्रों ने नब्बे प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए और नौ छात्रों ने आईटी में पूर्ण अंक हासिल किए। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल हैंः- उमिका कथ सत्तानब्बे दशमलव चार प्रतिशत - पाखी मिश्रा छियानबे प्रतिशत- कार्तिकेय त्रिपाठी चौरानबे दशमलव आठ। इस सफलता का श्रेय संगठित शैक्षणिक योजना, अनुभवी शिक्षकों और सतत प्रदर्शन मूल्यांकन को जाता है। विद्यार्थियों का सम्मान करने के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल नेतृत्व और अभिभावक उपस्थित थे। यह सफलता निर्देशक शरनी पोंगुरु और रवि तेजा के मार्गदर्शन में हासिल हुई है, जिनके नेतृत्व ने निरंतर उत्कृष्टता को प्रेरित किया है। नारायण एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस सभी छात्रों, अभिभावकों और कर्मचारियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।

# शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी का दावा, बढ़ाई बोर्ड की आय

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** चेयरमैन अली जैदी ने बदहाली, बकाया वेतन और अव्यवस्था से जूझ रहे उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड को बदलने का दावा किया है। बोर्ड को 'सुनहरे दौर' में बदलने का दावा करने वाले अली जैदी ने शुक्रवार को मीडिया से अपनी उपलब्धियों को साझा किया।

बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने न सिर्फ आय दोगुणी करने, बल्कि पारदर्शिता और अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। अपने साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि जब हमने बोर्ड का कार्यभार संभाला था तब यह बेहद खराब स्थिति में था। यहां के कर्मचारियों का 37 माह का वेतन बकाया था। अब केवल चार माह का वेतन इसलिए बचा है, क्योंकि यहां से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 50 लाख रुपये से अधिक का भुगतान प्राथमिकता से किया गया है।

चेयरमैन ने कहा कि बोर्ड के निर्णयों में पारदर्शिता का प्रमाण यह है कि बहुत कम मामलों में वक्फ ट्रिब्यूनल में चुनौती दी गई और उनमें भी केवल सात मामलों में स्थगन या पुनर्विचार आदेश हुए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि बोर्ड ने न सिर्फ वक्फ संपत्तियों को भू-माफिया के कब्जे से मुक्त कराया, बल्कि अवैध रूप से कब्जे में ली गई मंदिर, धर्मशाला और निजी संपत्तियों को भी संबंधित पक्षों को वापस दिलाया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 से 2025-26 के बीच बोर्ड की कुल आय 6.02 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले कार्यकाल (2016-17 से 2020-21) में यह 3.94 करोड़ रुपये थी। एक लाख रुपये से अधिक आय वाले वक्फ की संख्या भी 38 से बढ़कर 81 हो गई है।

# नगर निगम का बुलडोजर चलाः 2.26 करोड़ की सरकारी जमीन भू-माफियाओं से मुक्त

- कंचनपुर मटियारी और गनेशपुर-रहमानपुर में तालाब व बंजर भूमि पर था अवैध कब्जा
- अवैध बाउंड्रीवाल और प्लाटिंग को किया गया ध्वस्त, 9050 वर्गफीट जमीन कब्जे में ली



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने के अभियान के तहत शुक्रवार को नगर निगम ने चिनहट क्षेत्र के कंचनपुर मटियारी और गनेशपुर-रहमानपुर में बड़ी कार्रवाई की। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में प्रवर्तन टीम ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर करोड़ों की बेशकीमती शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। नगर निगम की टीम ने ग्राम कंचनपुर मटियारी के गाटा संख्या-184 (तालाब) और गाटा संख्या-231 (बंजर) के साथ ही गनेशपुर-रहमानपुर के गाटा संख्या-543 (तालाब) पर धावा बोला। यहाँ कुछ रसूखदारों ने अवैध रूप से बाउंड्रीवाल खड़ी कर प्लाटिंग और व्यावसायिक गतिविधियां शुरू कर दी थीं। सहायक नगर आयुक्त रामेश्वर प्रसाद और तहसीलदार अरविंद पाण्डेय की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों ने इन अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया। इस सफल अभियान के दौरान लगभग 9050 वर्गफीट जमीन को खाली कराया गया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 26 लाख 25 हजार रुपये है। कार्रवाई के समय नायब तहसीलदार राजेंद्र कुमार, राजस्व निरीक्षक प्रदीप गिरि और थाना चिनहट की पुलिस मौजूद रही। नगर निगम ने साफ कर दिया है कि सार्वजनिक जमीनों और तालाबों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।